www.navpradesh.com

दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 4 | छत्तीसगढ़ 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन/खेल/व्यापार

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, सोमवार 9 मई 2022, शुक्ल पक्ष नवमी, विक्रम संवत-2078 वर्ष-08 अंक-26 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

//-- सुविचार --//

हमेशा दूसरों की सफलता पर ध्यान देने से बेहतर है, अपनी सफलता पर ध्यान देकर उनसे भी बेहतर बन जाना

आज बेबाक

पुरानी फिल्म का एक गाना है- सब कुछ सीखी हमने ना सिखी होशियारी, सच है दुनिया वालों कि हम है अनाड़ी...। यह गाना जनता पर सटीक बैठता है जो होशियारी ना सीखने के कारण नेताओं के हाथों ठगी जाती है। नेता भले ही सब कुछ क्या कुछ भी ना सीखे लेकिन होशियारी जरूर सीखते है। हर नेता होशियार होता है। घुंघरू सेठ जैसे कुछ नेता तो डेढ़ होशियार भी होते है। उन्होंने फ्री बिजली वाले फार्मूले को ऐच्छिक कर आधे से अधिक विद्युत उपभोक्ताओं को जोर का झटका धीरे से दे दिया है। जाहिर है अब अगला नंबर फोकट के पानी का आएगा।

सूर्योदय

उदय : 6.37 प्रात:

अस्त : 7.01 संध्या

जनसंख्या

विश्व :7,945,168,478

भारत: 1,405,497,468

बाजार

सेंसेक्स : अवकाश

निफ्टी: अवकाश

गोल्ड : 53,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 62,300 प्रति किग्रा

अण्डा दर: 3.26 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	40.6	28.2
बिलासपुर	39.0	27.8
जगदलपुर	36.9	22.5
अंबिकापुर	37.8	25.8

आज का दिवस

विजय दिवसः 9 मई, 2021 को, रूस ने द्वितीय विश्व युद्ध में जीत की 76वीं वर्षगांठ के रूप में चिह्नित किया। मॉस्को के रेड स्क्वायर पर एक सैन्य परेड आयोजित की गई थी। यह परेड 1995 से हर साल 9 मई को आयोजित की जाती है। इस परेड को 'मॉस्को विक्ट्री डे परेड' कहा जाता है। 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद ही विजय दिवस परेड एक वार्षिक कार्यक्रम बन गया। 1945 में, सोवियत सशस्त्र बलों ने नाजी सेना को हराने के बाद रेड स्क्वायर में एक सैन्य परेड आयोजित की। यह रेड स्क्वायर में आयोजित सबसे लंबी और सबसे बड़ी सैन्य परेड थी। इस परेड में 40,000 से अधिक सैनिकों और 1,850 सैन्य वाहनों ने भाग लिया था।

जनता के द्वार भूपेश सरकार : 5वें दिन सूरजपुर के प्रेमनगर विस के नवापाराकला में लैंड हुआ चॉपर

जमीनी स्तर पर दिख रहा है योजनाओं का क्रियान्वयन : सीएम

रामजी साहू

सूरजपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल विधानसभावार दौरे के पांचवे दिन रविवार को उनका हेलिकॉप्टर सूरजपुर जिले के प्रेमनगर विधानसभा के नवापारा कला में उतरा। वहां उन्होंने पेड़ के नीचे चौपाल लगाई। इससे पहले भटगांव के एसईसीएल विश्रामगृह में उन्होंने अधिकारियों के साथ योजनाओं की समीक्षा की और पत्रकारों के साथ चर्चा की। सीएम ने कहा है कि भ्रमण के दौरान जमीनी स्तर पर योजनाओं का अच्छा क्रियान्वयन दिख रहा है। अधिकांश अधिकारी-कर्मचारी निष्ठापूर्वक ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जो होना चाहिए वह करिए...

मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की समीक्षा के दौरान गत दिवस हॉस्पिटल के निरीक्षण के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवाइयों आदि का पूरा लेखा-जोखा रखें। दवाइयों की आवक-जावक की पूरी जानकारी पृथक से रखने की व्यवस्था हो। उन्होंने कहा कि जो होना चाहिए वह करिए और जो नहीं हो सकता, वह नहीं होना चाहिए। निलंबन वहीं किया गया है जहां किसी ने गलत कार्य किया है। अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी दक्षता से काम करना चाहिए, लोगों में आक्रोश तभी होता है जब काम अच्छे से नहीं करते हैं अथवा समय सीमा में कार्य नहीं होते। मुख्यमंत्री ने पात्र आदिवासी और गैर आदिवासी समुदाय के लोगों को वनाधिकार पत्र प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने पानी की समस्या के लिए नरवा कार्यक्रम के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रेमनगर में अनेक विकास कार्यों की दी सौगात

- प्रेमनगर में 2.5 करोड़ की लागत से नवीन सामुदायिक भवन का शिलान्यास
- 1.5 करोड़ की लागत के प्री मेट्रिक बालक छात्रावास कोटेया का शिलान्यास

नवापाराकला में मुख्यमंत्री की बड़ी घोषणाएं...

- प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मंहगई में स्टाफ क्वार्टर 27.2 लाख की लागत का लोकार्पण
- उमेश्वरपुर में उप तहसील की घोषणा
- उमेश्वरपुर में बिजली सब स्टेशन की स्वीकृति
- प्रेमनगर उ.मा. स्कूल के लिए नवीन भवन की घोषणा
- नवापारा गेजी मार्ग में गेज नदी पर नए पुल के निर्माण की घोषणा
- चौरीपहाड़ में देवपूजा की सुविधा का विस्तार
- गांवों में सौर ऊर्जा पेयजल सुविधा स्थापित करने की घोषणा

ब्रेन ट्यूमर का हो सकेगा आसानी से इलाज

सीएम द्वारा की जा रही घोषणाओं और निर्देशों पर तेजी से अमल किया जा रहा है। तम्बेश्वरनगर की रीना विश्वास को मुख्यमंत्री की घोषणा के 48 घंटे के भीतर ही 4 लाख रूपए की राशि मिल गई है। यह राशि उनके बैंक खाते में जमा हो गई है। 5 मई को बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के आरागाही गौठान में पहुंचे थे। इस दौरान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उप स्वास्थ्य केन्द्र का औचक निरीक्षण

सीएम ने नवापाराकला उप स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण कर अस्पताल में उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं, वार्ड में सफाई एवं उपकरणों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों से केंद्र में उपलब्ध दवाइओं के बारे में भी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से केन्द्र में होने वाले संस्थागत प्रसव की संख्या, ओपीडी रजिस्टर एवं मरीजों के इलाज के लिए बनने वाली पर्ची की भी जानकारी ली।

गड़बड़ी करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई

रविवार को मुख्यमंत्री सूरजपुर जिले के नवापारा ग्राम पहुंचे। वहां आयोजित चौपाल में मुख्यमंत्री को केदारपुर के किसान अमरजीत कुर्रे ने बताया कि डेयरी की सब्सिडी अब तक नहीं मिली, सीएम ने कहा कि आपका नाम और गांव नोट कर लिया है। जो भी गड़बड़ी किया है उस पर कार्रवाई होगी। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को तत्काल सब्सिडी देने के निर्देश दिए।

समूह की महिलाओं से मिले सीएम

नवापारा कला गौठान की महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की. नवापारा कला गौठान की महिला स्वसहायता समूह की महिलाओं से मुख्यमंत्री ने मुलाकात की, मुख्यमंत्री ने महिलाओं के द्वारा बनाए जा रहे झाड़ू, टोकरी एवं अन्य स्थानीय उत्पादों की जानकारी ली.

देशद्रोह कानून में बदलाव की कोई जरूरत नहीं, सुप्रीम कोर्ट में बोली केंद्र सरकार

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने देशद्रोह कानून का बचाव करते हुए शनिवार को सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है कि वो देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दें। चीफ जस्टिस एन वी रमन्ना की अध्यक्षता में तीन जजों की संवैधानिक पीठ देशद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई कर रहे थे। चीफ जस्टिस के अलावा जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस हिमा कोहली को ये भी तय करना था कि इस याचिका को पांच या सात जजों की संवैधानिक पीठ के पास रेफर किया जाए या फिर तीन जजों की बेंच ही इस याचिका पर सुनवाई करे।

केंद्र सरकार ने लिखित तौर पर केदार नाथ बनाम स्टेट ऑफ बिहार केस का हवाला देते हुए तीन जजों की बेंच से कहा है कि देशद्रोह को लेकर पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था इसलिए अब इस फैसले पर पुनर्विचार की जरूरत नहीं है। गौरतलब है कि साल 1962 में केदार नाथ बनाम स्टेट ऑफ बिहार केस में सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की बेंच ने फैसला सुनाया था कि देशद्रोह कानून के दुरुपयोग की संभावना के बावजूद इस कानून की उपयोगिता जरूरी है।

सुप्रीम कोर्ट ने केदार नाथ सिंह मामले में देशद्रोह कानून की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखते हुए इसके दुरुपयोग के दायरे को सीमित करने का प्रयास किया था। देश की शीर्ष अदालत की पांच जजों की संवैधानिक पीठ ने कहा था कि जब तक हिंसा के लिए उकसाने या ललकारने को नहीं किया जाता, तब तक सरकार देशद्रोह का ■ शेष पृष्ठ 6 पर

कुलगाम मुठभेड़ में दो आतंकवादी ढेर

श्रीनगर (वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में रविवार को सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के दो आतंकवादी मारे गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों के पास से हथियार, गोलाबारुद और कुछ आपत्तिजनक दस्तावेज बरामद हुए हैं। पुलिस महानिदेशक विजय कुमार ने बताया कि चेयन देवसर में आतंकवादियों के छिपे होने की खुफिया सूचना मिलने के बाद सेना और पुलिस ने संयुक्त रूप से इलाके में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया।

महाराष्ट्र में अब मनसे पर शिवसेना का निशाना

- सीएम की रैली के पोस्टर में जनता को दिया संदेश
- पोस्टर में लिखा- 'असली आ रहे हैं नकली से सावधान'

महाराष्ट्र। महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर पर शिवसेना को घेर रहे मनसे प्रमुख राज ठाकरे पर शिवसेना ने निशाना साधा है। 14 मई को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की रैली है। इसे लेकर पार्टी ने पोस्टर तैयार किए हैं। इसमें लिखा है कि 'असली आ रहे हैं और नकली से सावधान रहे'। ÷असली हिंदुत्व की हुंकार सुनने के लिए लोगों को रैली में आना ही चाहिए। शिव सेना ने इन पोस्टर पर राज ठाकरे की पार्टी का बिना नाम लिए उन निशाना साधा है। हालांकि शिवसेना लोगों को संदेश मनसे यानी महाराष्ट्र नव निर्माण सेना के खिलाफ ही दे रही है।

महाराष्ट्र में राज ठाकरे ने मस्जिदों से लाउडस्पीकर हटाने का आंदोलन खड़ा किया है। राज ठाकरे बार बार राज्य सरकार को चेतावनी भी दे रहे हैं। साथ ही खुद को हिंदू जन नायक के तौर पर प्रस्तुत कर रहे हैं।

राज्य में राजनीतिक तौर कोई भी पार्टी हिंदुओं के वोट बैंक को गंवाना नहीं चाहती। हिंदुओं के लिए हिदुत्व ■ शेष पृष्ठ 6 पर

तजिंदर पाल बग्गा को हाईकोर्ट से मिल गई बड़ी राहत, गिरफ्तारी पर फिलहाल रोक

- दिल्ली से पंजाब तक तजिंदर पाल सिंह बग्गा को लेकर सियासत गर्म है

नई दिल्ली। शनिवार देर रात भाजपा नेता तजिंदर पाल सिंह बग्गा के लिए राहत भरी खबर आई... बग्गा ने देर शाम अपनी गिरफ्तारी वारंट के खिलाफ पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट का रुख किया था.... कोर्ट ने जस्टिस अनूप चितकारा के आवास पर तत्काल सुनवाई की अनुमति दी... खबर है कि कोर्ट ने बग्गा की

गिरफ्तारी पर रोक लगाई है... भारतीय जनता युवा मोर्चा के अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने अपने ट्विटर हैंडल से ट्वीट करके ये जानकारी खुद दी... हालांकि आम आदमी पार्टी का कहना है कि कोर्ट ने गिरफ्तारी पर कोई रोक नहीं लगाई है... आप का दावा है कि 10 मई सुबह 11 बजे तक बग्गा को पंजाब पुलिस गिरफ्तार नहीं करेगी और ये बात वो कोर्ट में भी कह चुकी है... बग्गा के लिए 10 मई तक राहत है और वो गिरफ्तार नहीं होंगे लेकिन सियासी गलियारों में मिड नाइट ड्रामा चलता रहा... आप और बीजेपी के बीच सोशल साइट पर फाइट जारी रही... आपको बता दें कि बग्गा के खिलाफ कोर्ट ने नया गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, कोर्ट ने पंजाब पुलिस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ बद्रीनाथ के खुले कपाट

श्रीबद्रीनाथ धाम/देहरादून (वार्ता)। उत्तराखंड के चमोली जनपद अन्तर्गत, विश्व प्रसिद्ध श्रीबद्रीनाथ धाम के कपाट रविवार सुबह छह बजकर 15 मिनट पर वैदिक मंत्रोच्चारण एवं विधि विधान के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए।

मन्दिर में सबसे पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेन्द्र भाई दामोदर दास मोदी की ओर से की गई। मन्दिर को ऋषिकेश के दानीदाताओं द्वारा

प्रतिवर्ष लाये जाने वाले पुष्पों से सुसज्जित किया गया है। अब ग्रीष्मकाल के अगले छह माह तक श्रद्धालु ■ शेष पृष्ठ 6 पर

भीषण चक्रवाती तूफान में बदलने वाला है 'असानी'

- आंध्र, ओडिशा और बंगाल में अलर्ट

नई दिल्ली। बंगाल की खाड़ी में गहरे दबाव का क्षेत्र चक्रवात में बदल गया है और इसे 'असानी' नाम दिया गया है। मौसम विभाग ने रविवार को कहा कि अगले 12 घंटे में यह भयंकर चक्रवाती तूफान में बदल सकता है। मौसम विभाग ने चेतावनी दी हैकि यह तूफान उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ेगा। बुलेटिन में कहा गया है, चक्रवाती तूफान असानी बंगाल की खाड़ी से 13 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ रहा है।

मौसम विभाग के मुताबिक यह निकोबार द्वीपसमूह से 480 किमी पश्चिम-उत्तर पश्चिम और पोर्ट ब्लेयर से ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

शादी की खरीदारी को गए कफन में लिपटकर लौटे

उत्तराखंड के चमोली जिले में दर्दनाक सड़क हादसा, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

उत्तराखंड। उत्तराखंड के चमोली जिले में ऋषिकेश-बदरीनाथ राष्ट्रीय राजमार्ग पर दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। दुर्घटना में पांच लोगों की मौत हो गई। ये सभी एक ही परिवार के थे। मरने वालों में वह बेटी भी शामिल है जिसके हाथ पीले करने की तैयारी परिवार कर रहा है। परिवार के लोग खरीदारी कर लौट रहे थे। तभी टिहरी के तोता घाटी के पास एक कार अनियंत्रित होकर लगभग ढाई सौ मीटर गहरी खाई में गिर गई। सभी की मौके पर मौत हो गई।

SDRF ने चलाया रेस्क्यू अभियान: सूचना मिलने के बाद पुलिस और SDRF की टीम ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। वहीं पुलिस ने एसडीआर एफ की मदद से शवों को निकलवाकर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पिंकी की शादी 12 मई को होनी

सीओ रविंद्र चमोली के मुताबिक पच्चीस साल की पिंकी की शादी 12 मई को होनी थी। उसी की शादी से जुड़ी खरीदारी के लिए यह लोग ऋषिकेश से टिहरी के लिए गए थे। कार में पिता, पुत्र, माता और दो बेटियां सवार थीं, इन सभी की मौके पर ही मौत हो गई।

इंदौर अग्निकांड का आरोपी गिरफ्तार

- आरोपी बोला- लड़की की बेवफाई से परेशान था, स्कूटी में लगाई थी आग

इंदौर। इंदौर की स्वर्ण बाग कॉलोनी की मल्टी में आग लगाने के आरोपी संजय उर्फ शुभम दीक्षित को पुलिस ने शनिवार रात गिरफ्तार कर लिया। इस अग्निकांड में 7 लोगों की मौत हो गई थी। पकड़े जाने के बाद आरोपी ने इस वारदात को अंजाम देना कबूल किया। उसने बताया कि वो मल्टी में रहने वाली एक युवती से प्यार करता था। उसी से विवाद के चलते उसने गाड़ी में आग लगाई थी। पुलिस से बचकर भागने के चक्कर में उसके हाथ-पैर भी टूट गए। जिसके बाद पुलिस उसे घायल हालत में देर रात एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची।

आरोपी ने पुलिस को बताया, 'मैं सना नाम की लड़की से बहुत परेशान हो गया था। उसने मेरे साथ बहुत गलत किया। उसने मुझसे खूब खर्चा करवाया। मैंने उसे हमेशा पैसे दिए हैं, कभी मांगे नहीं। वो हमेशा किसी न किसी बात के लिए पैसे मांगती थी। कभी कुछ दिला दो, कभी कुछ दिला दो। बाद में पता चला, वो बेवकूफ बना रही है। कई लोगों के साथ लगी हुई है। मैंने सोचा कभी उससे बात नहीं करूंगा, तो वो मेरे पीछे ही पड़ गई। मैं तो सिर्फ उसकी गाड़ी की सीट जलाना चाहता था। सोचा था उसके बाद सब खत्म कर दूंगा। मुझे नहीं पता था कि इतना बड़ा कुछ हो जाएगा।'

'मुझे शनिवार सुबह इस बारे में तब पता चला, जब उसी लड़की का फोन आया। उसने बताया कि मल्टी में आग लग गई है। मैं दिनभर घर पर ही रहा। शाम को पता चला कि टीवी में भी आ गया है। मुझे कुछ समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं। फिर एक दोस्त से बात की, मैंने उससे कहा कि मैं सरेंडर कर दूंगा।' इस बारे में थाना प्रभारी तहजीब काजी ने बताया कि आरोपी का मोबाइल रात 9:00 बजे तक चालू था और वह लगातार अपने दोस्त से बात कर रहा था जिसकी लोकेशन ट्रैक करके आरोपी संजय दीक्षित को पुलिस ने लसूड़िया इलाके के निरंजनपुर चौराहे के समीप से गिरफ्तार कर लिया। घटना के सीसीटीवी फुटेज मिलने के बाद यह साफ हो गया था कि किसी सफेद शर्ट वाले युवक ने गाड़ियों में आग लगाई है।

संपादकीय

पुलिस बल का दुरूपयोग अनुचित

पंजाब पुलिस द्वारा दिल्ली जाकर एक भाजपा नेता को उठाकर ले जाने की घटना के बाद एक बार फिर पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लग गए है। यह अलग बात है कि उक्त भाजपा नेता को हरियाणा पुलिस ने पंजाब पुलिस के शिकंजे से छुड़ा लिया और वापस दिल्ली पुलिस के हवाले कर दिया। इस घटना को लेकर आम आदमी पार्टी और भाजपा के बीच आरोप प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। दरअसल पुलिस का दुरूपयोग पहले भी होता रहा है और आज भी हो रहा है। आगे ऐसा न हो इसके लिए सरकार को उचित कदम उठाने चाहिए वरना पुलिस की छवि जो पहले ही धूमिल हो चुकी है वह मजाक का विषय बन जाएगी। ब्रिटिश शासनकाल में पुलिस बर्बरता का पर्याय बनी हुई थी। ब्रिटिश सरकार पुलिस को आगे कर के ही लोगों पर अत्याचार करती थी और अपनी सरकार का डर उनके मन के भीतर बनाए रखती थी। आजादी के बाद उम्मीद की जा रही थी कि ब्रिटिशकालीन व्यवस्था बदलेगी और पुलिस की छवि में सुधार होगा लेकिन ऐसा नहीं हुआ। आजाद भारत की पुलिस को उसी ठर्रे पर चलाया गया, जहां जिस पार्टी का शासन होता है वह विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए और राजनीतिक बदला भुनाने के लिए पुलिस बल का दुरूपयोग करती है। इसका ताजा उदाहरण महाराष्ट्र में देखा जा सकता है जहां की महाअघाड़ी सरकार ने तो पुलिस बल को हफ्ता वसूली अभियान पर लगा रखा था। अपने विरोधियों को कुचलने के लिए भी वहां पुलिस बल का सहारा लिया जा रहा है। अन्य राज्यों में भी ऐसे कई उदाहरण सामने आए है जां सरकार अपने विरोध में उठने वाली आवाज को रोकने के लिए पुलिस को आगे करती है। अब इसी रास्ते पर पंजाब सरकार चल पड़ी है, जिसे लेकर नया बखेड़ा खड़ा हो गया है। पुलिस बल की भी विवशता है कि उसे सत्ताधारी पार्टी के इशारे पर कठपुतली बन कर काम करना पड़ता है। यदि ऊपर से आने वाले आदेश को वह नहीं मानेगी तो ऐसे पुलिस अफसरों और कर्मचारियों की नौकरी ही खतरे में पड़ जाएगी। आज जरूरत इस बात की है कि पुलिस की छवि को सुधारा जाएं। उसका राजनीतिक प्रतिशोध के लिए बेजा इस्तेमाल बंद किया जाएं। तभी पुलिस सही मायनों में जनता की रक्षक बन पाएगी वरना उसे भक्षक बताकर लोग उसकी खिल्ली उड़ाते रहेंगे।

लघुकथा

यह ईश्वरद्रोह नहीं तो क्या है?

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

अपने देश में कल दो घटनाएं ऐसी हुई हैं, जिन्हें लेकर भारत के धर्मध्वजियों और नेताओं को विशेष चिंता करनी चाहिए। पहली घटना हैदराबाद में हुई और दूसरी गुजरात में। हैदराबाद में एक हिंदू नौजवान नागार्जू की हत्या इसलिए कर दी गई कि उसने सुल्ताना नामक एक मुसलमान लड़की से शादी कर ली थी। गुजरात के एक गांव में कुछ हिंदुओं ने दो अन्य हिंदुओं पर इसलिए हमला कर दिया कि वे अपने पूजा-पाठ को लाउडस्पीकर पर गुंजा रहे थे। ध्यान रहे कि यह हमला न तो मुसलमानों पर हिंदुओं का था और न ही हिंदुओं पर मुसलमानों का! उक्त दोनों हमले अलग-अलग कारण से हुए और उनका चरित्र भी अलग-अलग है लेकिन दोनों में बुनियादी समानता भी है। दोनों हमलों में मौते हुईं और दोनों का मूल कारण एक ही है। वह कारण है– असहिष्णुता! यदि गांव के कुछ लोगों ने अनजाने या जान-बूझकर लाउडस्पीकर लगा लिया तो उससे कौनसा आसमान टूट रहा था? उन्हें रोकने के लिए मारपीट और गाली-गुफ्ता करने की क्या जरुरत थी। यदि सचमुच लाउडस्पीकर की आवाज कानफोड़ू थी और उससे आपके काम में कुछ हर्ज हो रहा था तो आप पुलिस थाने में जाकर शिकायत भी कर सकते थे लेकिन किसी की आवाज काबू करने के लिए आप उसकी जान ले लें, यह कहां कि इंसानियत है? इसके पीछे का सूक्ष्म कारण पड़ौसियों का अहंकार भी हो सकता है। किसी कमतर पड़ौसी की यह हिम्मत कैसे पड़ गई कि वह पूजा-पाठ के नाम पर सारे मोहल्ले में अपने नाम के नगाड़े बजवाए? यदि हमलावर लोग कानून-कायदों का दूसरों से इतना सख्त पालन करवाना चाहते हैं तो उन्हें खुद से पूछना चाहिए कि उन्होंने अपने पड़ौसी की हत्या करके कौनसे कानून का पालन किया है? जहां तक एक मुस्लिम लड़की का एक हिंदू लड़के से विवाह का सवाल है, दोनों की दोस्ती लंबी रही है। वह विवाह किसी धर्म-परिवर्तन के अभियान के तहत नहीं किया गया था। वह शुद्ध प्रेम-विवाह था। लेकिन भारत में आज कोई भी बड़ा नेता या बड़ा आंदोलन ऐसा नहीं है, जो अन्तरधार्मिक और अंतरजातीय विवाहों को प्रोत्साहित करे। हम लोग अपने मजहबों और जातियों के कड़े सींखचों में अभी तक जकड़े हुए हैं। जो व्यक्ति इन संकीर्ण बंधनों से मुक्त है, वह ही सच्चा धार्मिक है। वही सच्चा ईश्वरभक्त है। यदि ईश्वर एक ही है तो उसकी सारी संतान अलग-अलग कैसे हो सकती है? उनका रंग-रूप, भाषा-भूषा, खान-पान देश और काल के मुताबिक अलग-अलग हो सकता है लेकिन यदि वे एक ही पिता के पुत्र हैं तो आप उनमें भेद-भाव कैसे कर सकते हैं? यदि आप उनमें भेद-भाव करते हैं तो स्पष्ट है कि आप धार्मिक हैं ही नहीं। आप एक नहीं, अनेक ईश्वरों को मानते हैं। इसका एक गंभीर अर्थ यह भी है कि ईश्वर ने आपको नहीं, आपने ईश्वर को बनाया है। हर देश और काल में लोगों ने अपने मनपसंद ईश्वर को घड़ लिया है। ऐसे लोग वास्तव में ईश्वरद्रोही हैं।

केजरीवाल की मोहरा बन गयी पंजाब सरकार और पुलिस

विष्णु गुप्त

बग्गा प्रकरण में अरविन्द केजरीवाल को आत्ममंथन करने की जरूरत है। पंजाब सरकार और पंजाब पुलिस को मोहरा बनाने की उनकी प्रत्यक्ष राजनीति आत्मघाती साबित होगी। पंजाब में आम आदमी पाटी की सरकार पर जनता ने बहुत भारी विश्वास दिया है। जनता के विश्वास पर खरा उतरने की बहुत बड़ी चुनौती है। तिजेन्दर सिंह बग्गा, अलका लंबा और कुमार विश्वास जैसे प्रकरण पर पंजाब सरकार अरविन्द केजरीवाल का मोहरा बन कर अपना समय गंवा रही है। आम आदमी पार्टी ऐसे प्रकरणों में ही लगी रही तो फिर पंजाब में जनता के बीच अलोकप्रिय भी हो सकती है। पंजाब में जिस तरह से आम आदमी पार्टी चमकी है उसी तरह से पतन की गर्त में भी समा सकती है। लोकल कोर्ट या हाईकोर्ट को नहीं बल्कि सुप्रीम कोर्ट को सिर्फतेजिन्दर बग्गा प्रकरण पर ही सुनवाई नहीं करनी चाहिए बल्कि कुमार विश्वास और अलका लंबा प्रकरण को भी इसमें शामिल करने की जरूरत है।

तेजिन्दर सिंह बग्गा प्रकरण का अंतिम कानूनी लड़ाई कहां तक पहुंच कर समाप्त होगी? इसमें हार पंजाब सरकार की होगी या फिर तेजिन्दर सिंह बग्गा की हार होगी? इस प्रकरण में कानूनी अहर्ताओं को लेकर कोई एक नहीं बल्कि कई प्रश्न खड़े हुए हैं। क्या पंजाब पुलिस की कार्रवाई कानूनी अहर्ताओं पर खड़ा उतरती थी? क्या पंजाब पुलिस राजनीति से प्रेरित होकर ऐसी कार्रवाई के लिए अग्रसर हुई थी? पंजाब पुलिस को पहले मोहाली जहां पर मुकदमा दर्ज हुआ था वहां से गिरफ्तारी वारंट नहीं लेना चाहिए था? तेजिन्दर सिंह बग्गा की गिरफ्तारी के बाद फौरन उसे लेकर पंजाब की ओर भाग जाना क्या सही था? तेजिन्दर सिंह बग्गा को लोकल कोर्ट में उपस्थित नहीं करना चाहिए था क्या ? लोकल कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड पर तेजिन्दर सिंह बग्गा को लेकर जाना चाहिए था। पंजाब की पुलिस ने लोकल कोर्ट से तेजिन्दर सिंह बग्गा को ट्रांजिट रिमांड पर क्यों नहीं ली थी? ट्रांजिट रिमांड पर उसे पुलिस लेती तो निश्चित तौर दिल्ली और हरियाणा पुलिस के हाथ-पैर बंधे हुए होते और पंजाब पुलिस सुरक्षित अपना काम करने में सफल होती।

हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट पंजाब पुलिस से पूछ सकती है कि ट्रांजिट रिमांड पर लेने की अहर्ताएं उन्होंने निभायी क्यों नहीं? यह सही है कि पंजाब पुलिस अनिवार्य ट्रांजिट अहर्ताएं तोड़ने की दोषी हैं। इस कसौटी पर पंजाब पुलिस गुनहगार है और पंजाब पुलिस पर कार्रवाई की जानी चाहिए। राजनीतिक इच्छाशक्ति की पूर्ति के लिए किसी भी राज्य की पुलिस को अराजक नहीं बनाया जाना चाहिए, हिंसक नहीं बनाया जाना चाहिए, कानून का हंता नहीं बनाया जा सकता है? देश में यह देखा यह जा रहा है कि राजनीतिक इच्छाशक्ति की पूर्ति के लिए पुलिस अराजक और हिंसक बन रही है। इसका खामियाजा वैसे लोग बन रहें हैं जो अभिव्यक्ति की स्वतंतत्रा के लिए प्रेरित होते हैं, सत्ता के अंहकार और भ्रष्टचार तथा कदाचार के खिलाफ सतत संघर्षरत और सक्रिय रहते हैं। सत्ता का चरित्र भी विरोधियों का विध्वंस करना ही होता है।

आप यह सोच रहें होंगे कि असली प्रतिद्वंदिता और हिंसक राजनीति के केन्द्र में पंजाब पुलिस और पंजाब की सरकार है तो आप गलत है। सही तो यह है कि इन सभी विवादों के केन्द्र में अरविन्द केजरीवाल हैं। अरविन्द केजरीवाल के अंहकार की प्रबृति ही इस प्रकरण में साफझलकती है। अरविन्द केजरीवाल की तानाशाही प्रबृति ही पंजाब पुलिस और पंजाब सरकार के लिए प्रेरणा बन गयी है। क्योंकि तेजिन्दर बग्गा की गिरफ्तारी करने के लिए पंजाब पुलिस ने जो सभी नियम-कानून तोड़े थे और दरिन्दगी दिखायी थी, वह मुकदमा सीधे तौर पर अरविन्द केजरीवाल से जुड़ा हुआ है। तेजिन्दर बग्गा भाजपा के नेता हैं और वे भाजपा के टिकट पर दिल्ली विधान सभा का चुनाव लड़ चुके हैं जिसमें वे आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी से चुनाव हार गये थे। दिल्ली में भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच में कैसी घोर, अनैतिक और हिंसक प्रतिद्वंदिता चलती रहती है, यह भी स्पष्ट है। तेजिन्दर सिंह बग्गा कश्मीर के प्रश्न पर अरविन्द केजरीवाल से काफी खफा थे। कश्मीर पंडितों के कत्लेआम और उत्पीड़न पर एक फिल्म आयी थी उसका नाम था कश्मीर फाइल्स। कश्मीर फाइल्स फिल्म में कश्मीर में हिन्दुओं के कत्लेआम और विभत्स हिंसा का पर्दाफाश किया गया था। फिल्म देखने वालों की रोंगटे खड़े हो जाते हैं। दिल्ली विधान सभा में भाजपा ने अरविन्द केजरीवाल से कश्मीर फाइल्स फिल्म को टैक्स फ्री करने की मांग की थी। भाजपा की मांग पर केजरीवाल ने अशोभनीय बोल बोले थे। केजरीवाल के अशोभनीय बोल के खिलाफ भाजपा और कश्मीरी हिन्दुओं ने काफी बवाल काटे थे। बग्गा ने इन्ही सब कारणों से आक्रोश में आकर अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ टिवटर पर एक पोस्ट डाली थी। उसी पोस्ट को अरविन्द केजरीवाल ने अपने अंहकार और अपनी तानाशाही के खिलाफ मान कर अपने कार्यकर्ताओं से मुकदमें दर्ज करवाये थे।

पंजाब की पुलिस क्या अरविन्द केजरीवाल का गुलाम है। क्या पंजाब की सरकार अरविन्द केजरीवाल के विरोधियों का संहार करना चाहती है। इस प्रश्न की न्यायिक परीक्षण होना चाहिए। खासकर सुप्रीम कोर्ट को इस पर विचार करने की जरूरत है। सुप्रीम कोर्ट को इस प्रश्न का जवाब ढुढने की जरूरत होनी चाहिए कि आखिर अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ टिवटर और अन्य सोशल मीडिया पर की गयी राजनीति टिप्पणियों के खिलाफसभी मुकदमें पंजाब में ही दर्ज कराने के खिलाफ कौन-कौन सी मानसिकताएं काम करती हैं। आपको इस जानकारी से हैरानी हो सकती है कि सिर्फ तिजेन्दर बग्गा का ही प्रकरण नहीं है। पंजाब पुलिस सिर्फतिजेन्दर बग्गा के खिलाफही हाथ धो कर नहीं पड़ी है बल्कि अरविन्द केजरीवाल के कई घोर विरोधियों के खिलाफ भी पंजाब पुलिस हाथ घो कर बैठी है और हिंसक मानसिकताएं अपना रही है। विख्यात कवि कुमार विश्वास के साथ भी पंजाब पुलिस हिंसक एक्शन में थी। पंजाब पुलिस की हिंसक मानसिकता के खिलाफ कुमार विश्वास को हाईकोर्ट के शरण में जाने के लिए विवश होना पड़ा। इसके अलावा कांग्रेस की नेत्री अलका लंबा पर भी पंजाब पुलिस की कुदृष्टि लगी हुई है। कुमार विश्वास और अलका लंबा अरविन्द केजरीवाल के पुराने सहयोगी हैं जिन्हें अरविन्द केजरीवाल ने राजनीतिक तौर पर निपटा दिये। कुमार विश्वास और अलका लंबा राजनीतिक तौर अरविन्द केजरीवाल के मुखर विरोधी हैं और समय-समय पर उनकी आलोचना भी करते रहे हैं। कुमार विश्वास और अलका लंबा की राजनीतिक आलोचनाएं केजरीवाल के अंहकार और तानाशाही प्रबृति की खिल्ली उड़ाती हैं।

आजकल के राजनीतिज्ञ बहुत ही तुनुक मिजाजी हो गये हैं, अहंकारी और तानाशाही भी हो गये हैं। अपनी आलोचना उन्हें स्वीकार नहीं है, अपनी आलोचना को वे किसी भी स्थिति में बर्दाश्त करने के लिए तैयार नहीं होते हैं। हमारे देश में राजनीतिक आलोचनाओं का एक लंबा-चौड़ा इतिहास रहा है। राजनीतिक आलोचनाओं का एक समृद्ध परम्परा भी रही है। देश के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू की आलोचना उनके दल के लोग ही किया करते थे पर नेहरू किसी को जेल भेजवाने जैसा कदम नहीं उठाते थे।

विकास में बाधा बनती, महंगाई और बेरोजगारी

प्रेम शर्मा

बढ़ती महंगाई की दर का सदैव नकारात्मक रुख होता है। यह सदैव आर्थिक संकट का अंदेशा पैदा करती है। इससे गरीबों की क्रय क्षमता कम हो जाती है, तो अमीरों के वित्तीय निवेश का मूल्य भी घट जाता है। पिछले काफी समय से गरीबों और अमीरों के बीच की आर्थिक खाई लगातार बढ़ रही है। ऐसे में महंगाई का प्रति वर्ष नए रिकॉर्ड बनाना, गरीबों के जीवन को और दूभर बनाता है। बढ़ती महंगाई ने कई देशों को आर्थिक संकट में डाला है। इसका ताजा उदाहरण श्रीलंका की आर्थिक बर्बादी है। आजकल अमेरिका में भी इसे लेकर खूब असंतोष है। अभी अमेरिका में महंगाई दर 8.5 प्रतिशत, इंग्लैंड में सात प्रतिशत, जर्मनी में 7.4 प्रतिशत है। भारत में वर्तमान समय में यह दर छह प्रतिशत से अधिक है, जो बड़ी चिंता का सबब है। अभी भारत में बेरोजगारी की दर बहुत अधिक है। महामारी के बाद जैसे-तैसे जिंदगी पटरी पर आई तो है,परंतु मध्यवर्गीय व्यक्ति अपनी आर्थिक बचत में महंगाई के कारण कमी महसूस कर रहा है।

कोरोना काल के विभत्स से उबरने के दौरान केन्द्र और राज्य सरकारों द्वारा देश की लगभग आधी आबादी का भेट भरने के लिए निःशुल्क खाद्यान्न योजना लागू करना और यह दावा करना की लगभग अस्सी करोड़ लोगों को सरकार निःशुल्क राशन उपलब्ध करा रही है यह कोई उपलब्धि या विकास का मानक नही है। कोराना काल की बंदी ने देश के विकास में जो रोड़ा अटकाया था उसके थमने के बाद अब महंगाई और बेरोजगारी एक बड़ा रोड़ा बनकर सामने आ चुकी है। सब्जी से लेकर तेल तक पर लगभग सरकार का मूल्य नियंत्रण बेदाम साबित हो रहा है। सरकार के लाख दावें के बावजूद बेरोजगारी चरम पर है। सरकार जिस तरह के रोजगार का दावा कर रही है उसमें 90 प्रतिशत रोजगार सरकार के न्यूनतम मजदूरी की दर से कम भुगतान वाले है।

देश में महंगाई दर और बेरोजगारी दर प्रतिस्पर्धा चल रही है। अभी छह दिन पूर्व का आकड़ा देखें तो शहरों में बेरोजगारी दर मार्च के 8.28 फीसदी के मुकाबले बढ़कर 9.22 फीसदी हो गई है। वहीं ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर मार्च के 7.29 फीसदी से कम होकर अप्रैल में 7.18 फीसदी पर आ गई है। सीएमआईइ् के अनुसार, देश के विभिन्न राज्यों की बात करें तो हरियाणा में बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा रही। इसी तरह देश भर में श्डायनश् बनी महंगाई का कहर रुकता नहीं दिख रहा है. भारत की खुदरा महंगाई दर पिछले 17 महीनों के उच्च स्तर पर पहुंच गई है. सरकारी एजेंसी राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालयकी तरफ से जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक खुदरा महंगाई दर फरवरी के मुकाबले 14.49 फीसदी बढ़कर 6.95 प्रतिशत पर पहुंच गई है। महंगाई और बेरोजगारी का यह आकड़ा लम्बे अरसे से उपर नीचे हो रहा है। यह तो सौ फीसदी सच है कि कोई भी सरकार शतप्रतिशत महंगाई और बेरोजगारी आकड़ा प्रस्तुत नही कर सकती। लेकिन जो स्थितियॉ रूस और यूक्रेन युद्ध के बाद तेजी से बदली है उसके परिणाम स्वरूप देश के विकास में महंगाई और बेरोजगारी एक बड़ा रोड़ा बनकर सामने उभरी है।

ऐसे में पिछले दिनों भारतीय रिजर्व बैंक ने महंगाई को कम करने के लिए महीनों इंतजार के बाद एक कदम उठाया है, जिस पर स्वाभाविक ही मिश्रित प्रतिक्रिया हो रही है। मई

2020 से ही रिजर्व बैंक रेपो रेट को स्थिर रखे हुए था। अब जब रेपो रेट में बढ़ोतरी कर दी गई है, तब बैंक पहले की तुलना में कम नकदी या पैसे रिजर्व बैंक से उधार लेंगे। इससे बैंकों के पास जब नकदी की कमी होगी, तब वे भी ब्याज बढ़ाएंगे या अगर ब्याज नहीं बढ़ाया, तो ऋण देने में कमी करेंगे।

ऋण देने में जब कमी आएगी, तब बाजार में अनेक वस्तुओं, जमीन-जायदाद की खरीद में भी कमी आएगी। जब खरीद में कमी आएगी, तब महंगाई भी कम होगी। रिजर्व बैंक ने जैसे ही रेपो रेट को 4 प्रतिशत से बढ़ाकर 4.40 किया, वैसे ही शेयर बाजार में बिकवाली चालू हो गई। मतलब शेयरों को खरीदने की तुलना में शेयरों को बेचने की होड़ मच गई। रेपो रेट बढ़ने के बाद शेयर बाजार में भारी गिरावट आई। यह कहने की जरूरत नहीं है कि भारतीय शेयर बाजार में तेजी लगातार बनी हुई है। जब बुरा दौर चल रहा था, तब भी भारतीय शेयर बाजार में तेजी दिख रही थी, क्योंकि मौद्रिक नीतियां ऐसी थीं कि निवेशकों को जरूरत से ज्यादा सहूलियत हो रही थी। बहुत से लोग कोरोना के विकट दौर में भी मालामाल हुए हैं और महंगाई भी लगातार बढ़ रही है। आज के समय में शेयर बाजार में अगर रेपो रेट में कमी की वजह से गिरावट आती है, तो इसे बहुत गंभीरता से नहीं लेना चाहिए। चंद उद्यमियों के मालामाल होने या शेयरों के जोर पर अरबपतियों की संख्या बढ़ने से देश के आम लोगों को कोई विशेष लाभ नहीं है।

देश में फरवरी महीने से ही महंगाई को लेकर चिंता जताई जा रही है। भारत में खुदरा महंगाई दर पिछले 17 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। अर्थशास्त्री यह तय मान रहे थे कि भारतीय रिजर्व बैंक रेपो रेट बढ़ाएगा। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की प्रशंसा करनी चाहिए कि उन्होंने बढ़ती महंगाई पर ध्यान देते हुए रेपो रेट में करीब दो साल बाद यह बदलाव किया है। केंद्रीय बैंक को पूरी अर्थव्यवस्था को समग्रता में देखना चाहिए। जहां अमीरों या निवेशकों के साथ न्याय जरूरी है, वहीं सबसे ज्यादा जरूरी है, कीमतों को नियंत्रण में रखना। बढ़ती कीमतों का असर हरेक आदमी और हर कंपनी पर पड़ रहा है। रिजर्व बैंक के लिए भी यह बहुत जरूरी है कि वह जहां देश के विकास की रफ्तार को सुनिश्चित रखे, वहीं तेज महंगाई पर भी लगाम लगाए। रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध ने जहां कच्चे तेल के मूल्यों में बहुत बढ़ोतरी की है, वहीं इसके चलते घरेलू बाजार में भी मूल्य में करीब 40 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। पेट्रोल व डीजल की बढ़ी कीमतों ने परिवहन लागत बढ़ाया है, जिससे विभिन्न पदार्थों के मूल्यों में वृद्धि हुई है।आर्थिक विकास के मार्ग में महंगाई एक ऐसी फांस बनकर रह गई है, जिसका तत्काल स्थायी हल उपलब्ध ही नहीं है। हाल के दिनों में अनुभव किए गए स्तरों की तुलना में भारत में बेरोजगारी दर में वृद्धि हुई है। 2018-19 में बेरोजगारी दर 6.3 फीसदी और 2017-18 में 4.7 फीसदी थी।

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

मेरी आँखों का ये सावन बरस कर

मेरी आँखों का ये सावन बरस कर कम नही होता, तेरे होने से जीवन मे पास कोई गम नही होता। तेरे आने से हँसती है मेरे गुलशन की सब कलिया, उजाला तुमसे होता है कही कोई तम नही होता। **आकांक्षा द्विवेदी**

ये कहां आ गये हम हमे पता ही नही

ये कहां आ गये हम हमे पता ही नही होता दो कदम की दूरी पर एकांत घर मे अकेला इंसान जिंदगी और मौत से जद्दोजहद कर रहा होता है अंजाम बताने की जरुरत नहीं। फिर उसके बाद तेरह दिन क्रिया कर्म के नाम पर लगता है जैसे कोई फंक्शन हो उसी घर में।

सुनिता पुष्पराज पाण्डेय

खास पाती | होकर जुदा हम तुमसे और भी

होकर जुदा हम तुमसे और भी मुस्कराने लगे हैं देखो ना किस क़दर खुद पर ज़ुल्म ढाने लगे हैं इश्क़ करने में खुद से जाने कितने ज़माने लगे हैं करके बातें ग़ैरों की हम खुद को भुलाने लगे हैं महफ़िल अच्छी लगती नहीं सहरा अब भाने लगे हैं हम खुद को तन्हाई की गिरफ़्त में पाने लगे हैं तफ़रीह न कोई अब हम नाशाद ही गाने लगे हैं तर्जुमे मेरे दिल के अब ग़ैर भी बताने लगे हैं। **शिल्पी अग्रवाल**

अगर आप सही हैं तो आपको

अगर आप सही हैं तो आपको बार बार शुरू होने में कोई उकताहट नहीं होती। आप जब जब शुरू होते हैं वहीं से लाइन लग जाती है। किस्से हवा में उड़ने लगते हैं। दीवानों की कतार लगती रहती है। लोगों की आंखों में दिखता है आपके लिए शुक्रिया। दो प्यारे लोगों को दिल से दुआ। तुमसे बहुत सीखा। तुमको बहुत सिखाया भी। तुम्हारा साथ याद रहेगा। आते रहना । मैं मुस्कुराती मिलूंगी। **कल्पना पाण्डेय**

कठिन मार्ग फिर भी चलना पथिक

कठिन मार्ग फिर भी चलना पथिक घाट अन्त पहुंच पाने तक ये शव चले चले न भले कोई अनजान पथिक मृत्यु राह की हो फिर भव मिले मैं ना पहुंचू लाख जतन कर भी मुझसे पहले कितने यहां हो शव चले इस भवसागार पार उतरने को ब्रम्ह चले, विष्णु चले और शिव चले आदि चले अन्त चले-चले सर्व ज्ञान लाख जिया संसार यहां पर तू अन्तिम तो बस श्मशान में शव चले।

ललित उपाध्याय

बना कर ताश के घर को गिरा

बना कर ताश के घर को गिरा लेती तो अच्छा था। तवायफ कैद से खुद को छुड़ा लेती तो अच्छा था। जुदा हो कर के मिलना अब नहीं मुमकिन मुझे लगता परिंदे शाख पर फिर से बुला लेती तो अच्छा था। पसीना खून बन कर जब बदन से जो टपकता है। मेरी किस्मत लकीरों को हरा लेती तो अच्छा था। मेरी आंखों से अब भी नींद कोसों दूर रहती है। सुकूं आँचल में मिलता माँ सुला लेती तो अच्छा था। कफ़न लेकर के वैठे है मेरे सब चाहने वाले मुझे अब मौत बाहों में उठा लेती तो अच्छा था। **दिनेश भोपाली**

ईश्वर ने मनुष्य का सृजन कर क्या

ईश्वर ने मनुष्य का सृजन कर क्या आदेश दिया ? मेरी प्रजा का विस्तार करो या मेरी प्रजा को स्थिर रखने का प्रयास करो ? आशीर्वाद स्वरूप शतपुत्र बहुपुत्रवान बहुपुत्रवती भव? क्या मतलब हुआ? शास्त्रों के व ईश्वर की इच्छा के विपरित चलने वाले नष्ट हो जाते हैं हमने जो गलती कर दी भविष्य की व वर्तमान सनातनियों की संतति यह गलती न करे। साधु संत बच्चे हों या न हों कितने हों इसके लिए ईश्वराज्ञा पर ध्यान देकर शास्त्र सम्मत व देश काल परिस्थिति के अनुसार संदेश दें। **नवीन शंकर शर्मा**

किसी-किसी की टाइम लाइन

किसी-किसी की टाइम लाइन कितनी खूबसूरत होती है ना स्क्रॉल करते-करते हाथ थक जाते हैं आँखें थक जाती है लेकिन, मन नहीं थकता ? और कई बार तो खूबसूरत टाइम लाइन के मालिक की जिंदगी बहुत बदसूरत होती है जो जितना बिखरा है उतना निखरा है ? फैक्ट।

तनु युगराज

QUIZ TIME

1) भारत का कौन-सा राज्य बेहतर मृदा स्वास्थ्य के लिए कार्बन-तटस्थ खेती शुरू करने वाला देश का पहला राज्य बनने के लिए तैयार है?

2) कौन-सा कंप्यूटर की स्थायी मेमोरी का एक उदाहरण है? (कैश मेमोरी / रैम / रोम)

3) किस राष्ट्रवादी नेता ने अपनी पुस्तक 'पॉवर्टी एण्ड अन-ब्रिटिश रूल इन इण्डिया' में ब्रिटिश शासन की आर्थिक नीतियों की तीखी आलोचना की थी?

4) भारतीयों पुराणों की संख्या कितनी है?

5) वर्ष 2022 में सूरजकुण्ड अन्तर्राष्ट्रीय शिल्प मेले का थीम राज्य और भागीदार देश कौन-सा है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) केरल (2) रोम (3) दादाभाई नौरोजी (4) 18 (5) जम्मू-कश्मीर और उज्बेकिस्तान

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। भारत एवं विश्व इतिहास में 09 मई की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैंः- 1386- पुर्तगाल और इंग्लैंड के बीच विंडसोर समझौता हुआ। 1540- सिसोदिया राजवंश के राजा महाराणा प्रताप का जन्म। 1576- महाराणा प्रताप और अकबर के बीच हल्दी घाटी का युद्ध शुरू हुआ। 1689- अंग्रेज शासक विलियम तृतीय ने फ्रांस के साथ युद्ध की घोषणा की। 1866- स्वतंत्रता सेनानी, समाज सेवी, विचारक एवं सुधारक गोपाल कृष्ण गोखले का जन्म। 1874- बॉम्बे (वर्तमान में मुंबई) में पहली बार घोड़े से खींची जाने वाली ट्रामकार शुरू हुई। 1877- पेरू में 8.8 की तीव्रता वाले भूकंप से 2541 लोगों की मौत हुई। 1946- डॉ. राम मनोहर लोहिया की अगुवाई में गोवा में पुर्तगाल के शासन के खिलाफ पहला सत्याग्रह आंदोलन शुरू हुआ। 1955- पश्चिमी जर्मनी नाटो में शामिल हुआ। 1960- बर्थ कंट्रोल पिल को कानूनी मान्यता देने वाला अमेरिका पहला देश 1986- माउंट एवरेस्ट पर पहुंचने वाले सबसे पहले व्यक्ति तेनज़िंग नोर्के का निधन। 1998- प्रसिद्ध गजल गायक तलत महमूद का निधन। 2000- श्रीलंका में जाफना प्रायद्वीप के एलीफेंट दर्रे पर कब्जे के लिए लिट्टे के साथ संघर्षरत 358 सैनिक मारे गए। 2001- घाना के अकरा स्पोर्ट्स स्टेडियम में भगदड़ से 126 लोगों की मौत हुई। 2003- गूगल ने इंटरनेट प्रोग्राम एडसेंस पेश किया। 2008- अमेरिका ने पाकिस्तान को 8.1 करोड़ डॉलर की सैन्य सहायता देने से इंकार किया। 2009- नासा ने चांद पर पानी की खोज के लिए टोही यान भेजा।

सोशल मीडिया से भाजपाई फैलाते हैं अफवाहें, धर्म के नाम पर आपस में लड़ाते हैं लोगों को : उदित

रायपुर/नवप्रदेश। आज असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ उदित राज के प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन पर कामगार कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने एयरपोर्ट से लेकर राजीव भवन तक कामगार कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रदेश अध्यक्ष अलोक पाण्डेय के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया हज़ारों असंगठित क्षेत्र के कामगारों ने रैली के शक्ल मे एयरपोर्ट से राजीव भवन तक गाजे बाजे ढोल नगाड़ों के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते रहे। इस अवसर पर राजीव भवन में सभा को संबोधित करते हुए डॉ उदित राज ने थे भारतीय जनता पार्टी की नरेंद्र मोदी सरकार को दलित आदिवासी विरोधी सरकार बताया 2024 में अगर भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तो वह संविधान को खत्म करने की कोशिश करेंगे ताकि दलित आदिवासियों को जो आरक्षण का लाभ मिल रहा है वह खत्म हो जाए इस अवसर पर देश में बढ़ती हुई निजी करण का भी विरोध किया और बताया कि निजी करण के कारण आज महंगाई इस देश में चरम सीमा पार कर चुकी है आम जनमानस मजदूर वर्ग के लोगों को जीना दूभर हो गया है यह सरकार निरंतर रोजगार के अवसर को खत्म करना चाहती है जब इस देश में निजीकरण हो जाएगा तो लोगों को सरकारी नौकरी के अवसर खत्म हो जाएंगे यह सरकार चाहती है कि इस देश में चंद उद्योगपतियों के लिए ही जो

भी योजनाएं बने आज तक इस देश में दलित आदिवासियों के लिए जो भी योजनाएं बनी वह सिर्फ और सिर्फ कांग्रेस की सरकार ने बनाई और कांग्रेश के कारण याद दलित और आदिवासियों को मुख्यधारा में आने का अवसर प्राप्त हुआ भारतीय जनता पार्टी के लोग बताएं कि उन्होंने दलित आदिवासियों के लिए क्या किया।

केवल कांग्रेस पार्टी ही दलित आदिवासी मजदूर और किसान वर्गों की हितेषी पार्टी है देश में आने वाला चुनाव विधानसभा और लोकसभा का सोशल मीडिया के माध्यम से ही लड़ा जाएगा जिस प्रकार से भारतीय जनता पार्टी के लोग सोशल मीडिया में अफ्वाह फैलाते हैं और धर्म के नाम पर लोगों को लड़ाने का प्रयास करते हैं इससे लड़ने के लिए कामगार कांग्रेस और कांग्रेस की एक-एक नेताओं को कार्यकर्ताओं को सोशल मीडिया में निरंतर एक्टिव रहना पड़ेगा फेसबुक ट्विटर व्हाट्सएप के माध्यम से भारतीय जनता पार्टी को फ्लों को शेयर करें व्हाट्सएप करें करें ताकि लोगों को पता चले कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार निरंतर चंद्र उद्योग पतियों के लिए काम कर रही है।

श्रम आयोग के अध्यक्ष शफी अहमद द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार की अंसगठित कामगार से संबधित 32 योजनाओ के बारे में जानकारी दिया गया।

कार्यक्रम को प्रभारी महामंत्री अमरजीत चावला ने संबोधित करते हुये कहा कि मोदी सरकार को कोसते हुये कहा कि मजदूरी विरोधी केन्द्र की सरकार, छत्तीसगढ़ सरकार जितने मजदूर हित के लिये योजनाओं बना रही है उसे केन्द्र सरकार रोकने का प्रयास कर रही है।

कार्यक्रम चंद्रशेखर शुक्ला ने कहा कि असंगठित कांग्रेस द्वारा किये गये 5 साल कार्यो की सराहना की ओर आगे भी जो सरकार की योजनाये तैयार की जा रही है उनकी जानकारी दी। कार्यक्रम में सुमित्रा धृतलहरे, कांग्रेस उपाध्यक्ष जेपी श्रीवास्तव, प्रदेश अध्यक्ष आलोक पांडेय रसोईया कामगार असंगठित क्षेत्र के लड़ाई में बजट में मनरेगा की लड़ाई गयी उसी तरह दिल्ली में भी लड़ाई लड़ने की बात कही करोना काल के दौरान जिन मजदूरो ने अपने जान की बाजी लगाकर काम किया उन्हे राष्ट्रीय कांग्रेस पदाधिकारी द्वारा सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्रदेश संयोजक नरेन्द्र सेन ने किया।

इस कार्यक्रम को सफ्ल बनाने असंगठित कामगार कांग्रेस प्रदेश पदाधिकारी राजीव अवस्थी, रमना मूर्ति, प्रशांत सिंह ठाकुर, राजू साहू, फ णीश दुबे, सौरभ निर्वाणी, बाबा खान, ओमचरण भारती, सुमन वर्मा, तीजन बाई, धनंजय पदमवार, अमिनेश सिन्हा एवं समस्त जिला अध्यक्षों ने भी संबोधित किया।

उन्नत भारत अभियान टीम द्वारा दो दिवसीय निरीक्षण दौरा सम्पन्न

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर की उन्नत भारत अभियान टीम द्वारा अभियान में नये शामिल हुए प्रतिभागी संस्थानों का दो दिवसीय निरीक्षण दौरा 6 एवं 7 मई को आयोजित किया गया। इस दौरान यूबीए टीम होली क्रॉस महिला कॉलेज, अंबिकापुर और विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज लखनपुर के साथ ही चोकसै इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर के दौरे पर रही। इस दौरान यूबीए टीम मैं शामिल डॉ सुधाकर पांडे, क्षेत्रीय समन्वयक एवं डॉ जगदीश, आरसीआई सदस्य टीम ने इन संस्थानों के यूबीए समन्व्यकों के साथ यूबीए से संबंधित

गतिविधियों पर बातचीत की।यात्रा के पहले दिन टीम ने चौक से इंजीनियरिंग कॉलेज, बिलासपुर का दौरा किया और यूबीए प्रतिनिधि डॉ. बरून यादव से मुलाकात की। यूबीए टीम ने संस्थान द्वारा समाज के विकास हेतु किए जा रहे कार्य जैसे कौशल विकास के लिए संस्थान द्वारा कंप्यूटरों के गांवों मैं वितरण की सराहना की। टीम ने इस निरीक्षण के दौरान चौकसे कॉलेज के गोद लिए ग्रामों की कुछ प्रमुख समस्याओं की पहचान की, जिनमें रूढ़ीवादी विचारधारा, अंधविश्वास व शिक्षा और चिकित्सा जागरूकता में कमी प्रमुखता से देखने को मिली। दौरे के दूसरे दिन टीम ने होली क्रॉस महिला कॉलेज अंबिकापुर और विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज, लखनपुर का दौरा किया। टीम ने इस दौरान संबंधित क्षेत्र में प्रमुख मुद्दों की पहचान की जिनमें स्वास्थ्य जागरूकता की कमी, साफ शौचालयों की कमी, उत्तम जल प्रबंधन की कमी और खराब सड़कें देखने को मिली।

इसके अलावा, होली क्रॉस महिला कॉलेज द्वारा चलाए जा रहे कानूनी जागरूकता कार्यक्रम, वृक्षारोपण कार्यक्रम और लोगो के लिए चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे गोठान योजना, बिहान योजना की जानकारी भी संस्था द्वारा आमजन को दी जा रही है, जिसकी जानकारी यूबीए टीम को दी गई। इसके बाद टीम ने विश्वविद्यालय इंजीनियरिंग कॉलेज लखनपुर का दौरा किया और उन्हें यूबीए से संबंधित विभिन्न गतिविधियों को करने की सलाह दी। यात्रा के दौरान, यूबीए टीम ने सरकारी और निजी संस्थानों के सहयोग से किस तरह संबंधित क्षेत्र की समस्याओं को पहचाना जाए और किस तरह इसका समाधान किया जाए, इसके लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रतिभागी संस्थानों को दिए। एनआईटी रायपुर की यूबीए टीम ने प्रतिभागी संस्थानों के प्रयासों की सराहना की और भविष्य में उन्हें हरसंभव समर्थन प्रदान करने की बात कही।

गायत्री परिवार द्वारा गंगा सप्तमी पर खारुन नदी की सफाई

रायपुर/नवप्रदेश। अखिल विश्व गायत्री परिवार रायपुर के परिजनों द्वारा रविवार 8 मई को गंगा सप्तमी पर स्थानीय नदी, तालाबों को स्वच्छ रखने का संकल्प के साथ खारुन नदी की महादेव घाट में सफाई कर निर्मल गंगा अभियान की शुरुवात की गई। इसके तहत इस वर्ष सभी परिजन स्वच्छ जल के सरंक्षण के लिए अपने आस पास स्थित नदी व तालाबों की सफाई करेंगे। गायत्री परिवार रायपुर के युवा प्रकोष्ठ प्रभारी आशीष राय ने बताया कि गायत्री तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार के निर्देशन व मार्गदर्शन में गंगा सप्तमी पर जल श्रोतों की सफाई का अभियान पूरे देश में चलाया जा रहा है। 15 सौ स्थानों

पर गंगा किनारे यह अभियान चल रहा है। वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष के सातवें दिन गंगा सप्तमी मनाते हैं। सनातन धर्म को मानने वालों में इस पर्व के प्रति काफी आस्था है। इस दिन गंगा स्नान, व्रत-पूजा और दान का विशेष महत्व है। जो लोग किसी कारण से इस दिन गंगा नदी में स्नान नहीं कर सकते, वो घर पर ही पानी में गंगाजल मिलाकर नहा सकते हैं। ऐसा करने से तीर्थ स्नान का ही पुण्य मिलता है। पौराणिक मान्यताओं के मुताबिक महर्षि जह्नु जब तपस्या कर रहे थे, तब गंगा नदी के पानी की आवाज से बार-बार उनका ध्यान भटक रहा था। इसलिए उन्होंने गुस्से में आकर अपने तप के बल से गंगा को पी लिया। हालांकि, बाद में अपने दाएं कान से गंगा को पृथ्वी पर छोड़ दिया था।

जागरूकता से हो सकता है थैलेसीमिया से बचाव

रायपुर/नवप्रदेश। थैलेसीमिया रक्त संबंधी बीमारी है जो कि अनुवांशिक है। इस बीमारी में खून की बहुत कमी होने लगती है। खून की कमी से मरीज के शरीर में हिमोग्लोबिन नहीं बन पाता है इसलिए उन्हें बार-बार रक्त चढ़ाना पड़ता है। अतः इस बीमारी के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 8 मई को विश्व थैलेसीमिया दिवस मनाया जाता है।

इस वर्ष 'वी अवेयर शेयर एंड केयर' थीम पर थैलेसीमिया दिवस मनाया जाएगा। इस दिन जिला स्तर पर विभिन्न प्रेरक कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को थैलेसीमिया के कारण, लक्षण तथा इससे बचाव से संबंधित उपायों की जानकारी दी जाएगी। इस संबंध में प्रोफेसर एवं एचओडी पैथोलॉजी डिपार्टमेंट, मेडिकल

विश्व थैलेसीमिया दिवस 8 मई विशेष

कॉलेज रायपुर के डॉ. अरविंद नेरल ने बताया थैलेसीमिया अनुवांशिक बीमारी है, जिसमें रक्त में पाए जाने वाले हिमोग्लोबीन का निर्माण नहीं होता है, जिससे खून की कमीं या एनीमिया हो जाता है। थैलेसीमिया अल्फ I और बीटा थैलेसीमिया दो तरह के थैलेसीमिया हो सकते हैं। यदि दोनों पालकों (माता एवं पिता) से बीमारग्रस्त जीन्स बच्चे में आते हैं तो वह मेजर थैलेसीमिया कहलाता है, जिसमें बीमारी के गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं। यदि किसी एक ही पालक से बीमारी अनुवांशिक रूप से बच्चे में आती है तो वह माइनर कहलाता है। जिसमें बीमारी के लक्षण लगभग नहीं होते हैं, लेकिन ये लोग बीमारी के वाहक (केरियर) होते हैं।

आगे उन्होंने बताया: भारतीय विभिन्न समुदायों में थैलेसीमिया के वाहक लगभग 2 से 6 प्रतिशत लोगों में पाए जाए हैं। एक अनुमानानुसार प्रतिवर्ष 6,000 से 8,000 थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चे जन्म लेते हैं। भारत में 1 से सवा लाख थैलेसीमिया के मरीज हैं। जागरूकता से ही इस बीमारी के जोखिम को कम किया जा सकता है। 3 से 4 माह के नवजात शिशु में इसके लक्षण दिखाई देना प्रारंभ हो जाता है। खून की कमीं, पीलिया के कारण शरीर का लालिमा कम होना, शरीर सफेद-पीला दिखाई देना, शारीरिक और मानसिक विकास रूक जाना, बच्चे के जबड़े और गाल असामान्य हो गए हैं, वह अपनी उम्र से काफी छोटा नजर आने लगे, चेहरा सूखा हुआ रहे, वजन न बढ़े, हमेशा कमजोर और बीमार रहे, सांस लेने में तकलीफ हो तो तुरंत विशेषज्ञ चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए। ये लक्षण थैलेसीमिया के भी हो सकते हैं।

खून की जांच से बीमारी का इलाज संभव- डॉ. नेरल के अनुसार खून की जांच से इस बीमारी का इलाज, निदान संभव है। सामान्य जांच से खून की कमीं, एनीमिया के प्रकार, रेटिकुलोसाईट की संख्या, पीलीया की जांच के अलावा हिमोग्लोबिन इलेक्ट्रोफ रोसिस आदि जांच से थैलेसीमिया का पहचान कर निदान किया जा सकता है। ऐसे मरीजों को 3 से 5 हफ्ते में खून देना होता है और शरीर में आयरन की मात्रा को संतुलित करने के लिए दवाईयां देनी पड़ती हैं।

लोक अदालत 14 को, तैयारी में जुटे न्यायाधीश शर्मा

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली के वार्षिक कलेण्डर के अनुसार 14 मई को पूरे देश में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालय में राजीनामा योग्य लंबित मामला, भाड़ा नियंत्रण, चेक बाउन्स, आबकारी विधि, सिविल विधि, यातायात संबंधी, परिवार न्यायालय, विद्युत, दूरसंचार, नगर निगम, जलकर, भूमिकर, श्रम विधि, आपराधिक विधि के मामलों का निराकरण राजीनामा के माध्यम से किया जाता है। जिला रायपुर तथा जिला गरियाबंद, तहसील देवभोग, तिल्दा, एवं राजिम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन 14 मई को एक साथ किया जायेगा। नेशनल लोक अदालत की तैयारी के संबंध में जिला एवं सत्र

न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर माननीय संतोष शर्मा द्वारा लगातार नेशनल लोक अदालत से संबंधित न्यायाधीशगण एवं प्रतिनिधियों की बैठकें ली जा रही है। बैठकों में उनके द्वारा निर्देश दिया गया है कि अधिक से अधिक मामलों को चिन्हांकित कर प्रीसिटिंग के माध्यम से राजीनामा के आधार पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाये। उनके द्वारा बताया गया कि, नेशनल लोक अदालत के माध्यम से जन जन को सरल, सस्ता, तथा सुलभ न्याय प्रदान कराया जाना है। कार्यपालक अध्यक्ष एवं छ.ग. उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक इस बार भी नेशनल लोक अदालत का रायपुर में आयोजन बहुत अच्छे तरीके से किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रायपुर संतोष शर्मा ने बताया कि, नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार सार्वजनिक स्थल हाट-बाजार, रेल्वे स्टेशन, बस स्टेंण्ड एवं मुनादी कराकर भी किया जा रहा है । इस बार विशेष रूप से मोबाईल वैन के माध्यम से भी लोगों को लोक अदालत का लाभ उनके घर तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। लोक अदालत में पक्षकारों एवं अधिवक्ताओं की सुविधा हेतु हेल्प डेस्क का भी गठन किया है जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में आकर हेल्प डेस्क के माध्यम से लोक अदालत का लाभ प्राप्त कर सकते है।

इसके अतिरिक्त राजस्व प्रकरण हेतु कलेक्टर सौरभ कुमार जिला रायपुर तथा कलेक्टर गरियाबंद श्रीमती नम्रता गांधी भी आवश्यक तैयारियॉ सुनिश्चित कर रहे है।

पूर्व विधायक कंवर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने राज्यपाल से की मुलाकात

रायपुर/नवप्रदेश। आज यहां राजभवन में राज्यपाल सुश्री उइके से रामपुर-कोरबा के पूर्व विधायक श्यामलाल कंवर के नेतृत्व में प्रतिनिधि मण्डल ने सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने विभिन्न विषयों एव सामाजिक मुद्दों पर राज्यपाल से चर्चा की। इस अवसर पर गुंडरदेही- बालोद के पूर्व विधायक श्री आर.के. राय, श्रीमती आर.के. राय, श्रीमती इरमीन शाह, श्रीमती सरोज देवी, डॉ. निकिता साय एव सेवानिवृत न्यायाधीश श्री रघुवीर सिंह उपस्थित थे।

छग व ओड़िशा के सीमांत किसानों को कृषि मशीनीकरण उपकरण देगा जेएसपीएल फाउंडेशन

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि उत्पादकता और किसानों की आय बढ़ाने के उद्देश्य से, जेएसपीएल फाउंडेशन ने ओडिशा और छत्तीसगढ़ में एक विशेष कार्यक्रम जिंदल कृषि विकास शुरू किया है। इस कार्यक्रम के तहत, फाउंडेशन किसानों, मुख्य रूप से छोटे किसानों को कृषि यंत्रीकरण उपकरण के साथ सहायता करेगा। कृषि उत्पादकता बढ़ाने के लिए आधुनिक कृषि पद्धतियों में खेती का मशीनीकरण एक महत्वपूर्ण इनपुट है। हमारे देश में अधिकांश सीमांत किसान इसे वहन करने में सक्षम नहीं हैं, जो उनकी कृषि आय और जीवन की समग्र गुणवत्ता पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जेएसपीएल फाउंडेशन के जिंदल कृषि विकास कार्यक्रम का उद्देश्य उत्पादन, उत्पादकता और नकद आय तक पहुंच में स्थायी वृद्धि के लिए कृषि मशीनीकरण के माध्यम से सीमांत किसानों का समर्थन करना है। इससे मानव श्रम और खेती की लागत भी कम होगी और कृषि उत्पादन और उत्पादकता में वृद्धि होगी, जेएसपीएल फाउंडेशन के अध्यक्ष शालू जिंदल ने कहा। इस कार्यक्रम के तहत जेएसपीएल फाउंडेशन द्वारा कृषि मशीनीकरण मशीनरी की खरीद की जाएगी और

एक स्थानीय किसान संगठन जैसे किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ), कृषि सेवा केंद्र, किसान क्लब (एफ सी), किसान क्लब फेडरेशन (एफ सीएफ), डेयरी सोसायटी के साथ रखा जाएगा। (डीएस), ग्राम वाटरशेड कमेटी (वीडब्ल्यूसी, आदि। किसान संगठनों को जेएसपीएल फाउंडेशन के साथ एक समझौते पर हस्ताक्षर करने की आवश्यकता है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि छोटे और सीमांत किसानों को मशीनरी से अधिकतम लाभ मिल रहा है। किसान संगठन को मामूली राशि का भुगतान करके कस्टम हायरिंग के आधार पर रखी गई मशीनरी का उपयोग कर सकते हैं। राशि का उपयोग उपकरणों के रख रखाव व प्रतिस्थापन के लिए किया जाएगाप्रत्येक स्थानीय किसान संगठन रुपये तक की कृषि मशीनीकरण मशीनरी प्राप्त कर सकता है।

सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी को छोड़कर 15 लाख। इस कार्यक्रम के तहत ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, पावर-ड्रिवन सीड ड्रिल, पावर वीडर, पावर स्प्रेयर, पंप सेट-2 (5 केवी/3 केवी), टूल किट/ मशीनरी रूम आदि जैसे उपकरण उपलब्ध कराए जाएंगे। राशि संगठन से संगठन में भिन्न हो सकती है। ओडिशा और छत्तीसगढ़ के इच्छुक किसान संगठनों को www.jspl foundation.com पर उपलब्ध निर्धारित आवेदन पत्र में 21 मई 2022 तक जेएसपीएल फाउंडेशन को अपना अनुरोध अग्रेषित करना होगा।

प्रदेश में जरूरतमंदों के बजाय रसूखदारों में बट रही स्वेच्छा अनुदान राशि : कोमल हुपेंडी

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी ने स्वेचानुदान राशि की विधायक की अनुशंसा पर जिला कलेक्टर द्वारा जरूरत मंदो की वितरित की जाती है। ऐसा प्रतीत होता है की कांग्रेस सरकार पूरे प्रदेश में अब भ्रष्टाचार में पूरी तरह डूब गई है। आम आदमी

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष कोमल हुपेंडी ने कहा कि धरमजयगढ़ विधानसभा के विधायक श्री लालजीत सिंह राठिया द्वारा अनुशंसित स्वेच्छानुदान राशि की जिला कलेक्टर रायगढ़ द्वारा जारी सूची में घरघोड़ा न प के अन्तर्गत आवश्यक मन्द ओर वास्तविक तौर पर जमीनी जरूरतमंद लोगो के नाम के जगह कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष, विधायक प्रतिनिधि, कांग्रेस के उच्च पदाधिकारियों के नाम व उनके यहां कार्यरत कर्मचारियों को दे दी गयी। यह चर्चा का विषय बन गया है कि जिला कलेक्टर योजना सांख्यकी विभाग रायगढ के द्वारा जारी जनसम्पर्क अनुदान की सूची में घरघोड़ा ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिव शर्मा को क्रिकेट समिति में ड्रेस क्रय करने हेतु 10000 हजार की राशि स्वीकृत की गयी है जबकि ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष की उम्र 65 वर्ष होने को है और ना ही वे कोई क्रिकेट टीम ही संचालित करते है। वही उनके पुत्र महामंत्री ब्लाक कांग्रेस कमेटी विजय शर्मा को युवा क्लब के नाम से ड्रेस क्रय करने हेतु 5 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई है। साथ ही कांग्रेस नेता के यहां कार्यरत स्टाफलोगो के नाम से भी राशि की स्वीकृति दी गयी है। ये सूची इस बात को इंगित करती है कि किस तरह कांग्रेस नेताओं ने आवश्यक मंद कार्यकर्ताओ के बजाय खुद की जेब भरने व अपने यहां कार्यरत स्टाफ के बहाने राशि को अपने पास रखने का यह खेल खेला है । ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष उनके पुत्र व उनके यहां कार्यरत स्टाफको जारी जनसम्पर्क राशि की पार्टी में ही बंदर बांट हो गई है।

कोमल हुपेंडी ने सीधा सवाल उठाया है कि विधायक लालजीत सिंह राठिया ने ये सब जानते हुए ये भी ये राशि स्वीकृत कर दी या ब्लाक कांग्रेस के नेताओ ने गुमराह कर अनुशंसा करवा ली। इस मामले को उठाते हुवे कोमल हुपेंडी ने सभी विधायकों द्वारा अनुशंसा के आधार पर कलेक्टर द्वारा जारी स्वेचानुदान राशि की पूरे प्रदेश में चल रही बंदर बाट पर आपत्ति दर्ज करते हुवे कहा की कांग्रेस अब जनता के पैसे को सीधे तौर पर आपस में बांट रही है। आम आदमी पार्टी ऐसा धोका प्रदेश की जनता के साथ नही होने देगी।

जमीन पर रखी भारत माता की तस्वीर से विवादों में घिरे रमन सिंह

■ कांग्रेस ने कहा यह भारत माता का अपमान

■ यह तस्वीर खुद डॉ रमन सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री व भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ रमन सिंह विवादों में फंस गए हैं। पूरा बखेड़ा सोशल मीडिया पर वायरल हुई एक तस्वीर की वजह से हुआ है। तस्वीर में डॉक्टर सिंह एक पंडाल में खड़े होकर सभा को संबोधित कर रहे हैं तथा उनके पास ही एक तस्वीर जमीन पर पड़ी है। दरसअल उस फोटो फ्रेम में भारत माता की फोटो है। साथ ही इसमें भाजपा के संस्थापक माने जाने वाले श्यामा प्रसाद मुखर्जी व दीनदयाल उपाध्याय जैसे नेताओं की तस्वीर भी लगी हुई है। यह तस्वीर खुद डॉक्टर रमन सिंह ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर की थी। जैसे ही यह तस्वीर शेयर डॉ रमन सिंह ट्रोल हो गए। कांग्रेस ने इस तस्वीर पर सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए जवाब

दिया। कांग्रेस ने अपनी पोस्ट में कहा कि यह भारत माता का अपमान है। डॉक्टर रमन सिंह को माफी मांगनी चाहिए ।

विवाद बढ़ाता देख डिलीट किया ट्वीट

तस्वीर पर विवाद बढ़ता देख डॉ रमन सिंह ने अपना ट्वीट ही डिलीट कर दिया। डॉ रमन के ही ट्वीट में भारत मां की तस्वीर जमीन पर पड़ी नजर आ रही थी। इसके कुछ देर बाद एक नया पोस्ट सामने आ गया जिसमें वह तस्वीर हटाकर फोटो खींची गई थी। यह तस्वीर राजनांदगांव के घुमका मंडल के टेडसरा की है। यहां आयोजित भाजपा संगठन के कार्यक्रम में डॉ सिंह कार्यकर्ताओं की बैठक लेने गए थे।

पोस्टर बॉय ना बनाए जाने पर सुर्खियों में छाए

छग भाजपा की प्रभारी डी पुरंदेश्वरी और सह प्रभारी नितिन नवीन ने शनिवार को संभागीय स्तर की बैठक ली थी। बैठक के बाद दोनों नेताओं ने बयान दिया कि आगामी चुनाव पीएम नरेंद्र मोदी और कमल फूल के निशान के साथ लड़ा जाएगा।

इससे पहले छत्तीसगढ़ में भाजपा तीन चुनावों में हमेशा डॉ रमन सिंह के चेहरे के चेहरे पर ही चुनाव लड़ती रही है।

दूसरों पर उंगली उठाने से पहले 15 साल के रमन सरकार के कारनामे देखे : वंदना

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष शालिनी राजपूत के बयान कि प्रदेश भर में आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों को घटिया भोजन खिलाने के आरोपों को निराधार बताते हुए प्रदेश महिला कांग्रेस के प्रवक्ता वंदना राजपूत ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सरकार के साढ़े तीन साल के कार्यकाल के बाद भाजपा मुद्दों के कुपोषण से जूझ रही है। भाजपा महिला मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शालिनी राजपूत को राज्य सरकार के ऊपर झूठे आरोप लगाने से पहले जानकारी इकठ्ठ कर लेना चाहिये। 15 साल के रमन सरकार के कमीशनखोरी के काले कारनामे चलते राज्य में 37 प्रतिशत बच्चे कुपोषित एवं 41 प्रतिशत महिलाएं से एनीमिया से पीड़ित थी। रमन सरकार में बच्चें इसलिए कुपोषित होते थे, क्योंकि गर्भवती महिलाओं और बच्चों का पोषण आहार भाजपा नेता डकार जाते थे. इसलिए नवजातों का वजन कुछ ग्राम में रहता था।

शराब पीकर महिला से की छेड़खानी पति ने सब्बल से मारा, मौके पर मौत

- थाना सिटी कोतवाली पुलिस को मिली बड़ी सफलता
- महज 2 घंटे के भीतर आरोपी को पुलिस टीम ने धर दबोचा
- आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का सब्बल पुलिस ने किया बरामद

कवर्धा/नवप्रदेश। रविवार सुबह सरोदा रोड के पास स्थित खेत में बने मकान के बाहर एक अज्ञात व्यक्ति का शव खून से लथपथ अवस्था में पड़ा है। की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप. निरीक्षक श्रीमती गीतांजलि सिन्हा ने टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर घटना की जानकारी ली। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनीषा ठाकुर रावटे एवं उप. पुलिस अधीक्षक मोनिका सिंह परिहार घटना स्थल पर पहुंचीं। उन्होंने स्नाइपर डॉग, फोटो एक्सपर्ट, साइबर सेल टीम को घटनास्थल पर बुलवाया। मृतक के शव की शिनाख्तगी हेतु आसपास के लोगो से पूछताछ की तथा अज्ञात व्यक्ति के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया। अज्ञात मृतक की पहचान भुवन गंधर्व घोटिया मार्ग थाना सिटी कोतवाली के रूप में हुई। तुरंत ही परिजनों एवं गवाहों के समक्ष पुलिस टीम द्वारा पंचनामा किया गया।

विवेचना के दौरान घटनास्थल एवं शव मिलने के स्थान की बारीकी से जांच करने तथा आसपास उपस्थित लोगों से पूछताछ करने पर रात्रि के समय उक्त स्थान पर चौकीदार और उसकी पत्नी का होना बताया गया। संदेह के आधार पर चौकीदार एवं पत्नी से घटना के विषय में पूछताछ की गई। दोनों लगातार पुलिस टीम को गुमराह कर रहे थे। जिन्हें अलग-अलग टीम के द्वारा बारीकी से पूछताछ की गई।

साथ में बैठकर पी थी शराब

चौकीदार जागवत यादव ने बताया कि शनिवार रात लगभग 9 बजे वह अपनी पत्नी त्रिवेणी बाई के साथ खेत में बने मकान में था। उसी समय भुवन गंधर्व आया। वह अपने साथ देसी शराब का एक पव्वा रखा था जिसे हम दोनों मिलकर आधा-आधा पिया, उसके बाद भुवन गंधर्व मेरी पत्नी से छेडख़ानी करने लगा। जिसे मैंने बार-बार मना किया लेकिन वह मेरे साथ ही झूमाझटकी करने लगा। मैंने मकान में रखे लोहे के सब्बल से भुवन गंधर्व के सिर में जोरदार मारा जिससे भुवन गंधर्व जमीन में गिर गया। एक बार और भुवन गंधर्व के सिर को सब्बल से मारा जिससे वह पेट के बल जमीन में गिरकर तड़पने लगा। उसके सिर और चेहरे से बहुत खून निकलने लगा जिसे देखकर हम लोग घबरा गए और लाश को वहीं छोड़कर अपने गाँव तारों वाले घर आ गए थे। पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त सब्बल को जब्त कर लिया है। दोनों ही आरोपी जागवत यादव, त्रिवेणी बाई के विरुद्ध थाना सिटी कोतवाली में अपराध पंजीबद्ध कर धारा- 302 भा.द.वी. के तहत वैधानिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया।

उक्त कार्यवाही में वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी सिटी कोतवाली उप.निरीक्षक श्रीमती गीतांजलि सिन्हा के कुशल नेतृत्व में सहायक उप.निरीक्षक नरेंद्र सिंह, रुपेंद्र ठाकुर, प्रधान आरक्षक हिरेंद्र प्रताप सिंह, चुम्मन साहू एवं विशेष टीम का सराहनीय योगदान रहा।

आयुक्त ने पेयजल व्यवस्था को लेकर मॉर्निंग विजिट में किया वार्डो का निरीक्षण

भिलाई/नवप्रदेश। रोज कमाने खाने वाला गरीब अऊ मध्यम वर्गीय परिवार के आदमी हन साहब, टुल्लू पंप नई ले सकन, बने करेव जेन पानी आये के बेरा मा बिजली ला बंद करथो, नई ता हमन मन ला पानी नई मिलतीस, निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे के पेयजल के निरीक्षण के दौरान सुनंदा सहारे ने यह बातें कही, वार्ड 46 निवासी सुनंदा ने कमिश्नर को बताया कि पानी सप्लाई के दौरान विद्युत कटौती करने से टुल्लू पंप लगाने वाले टुल्लू पंप से पानी नहीं खींच पा रहे हैं, जिससे हमारे घरों तक पर्याप्त मात्रा में प्रेशर के साथ पानी पहुंचने लगा है, गरीब एवं मध्यम वर्गीय परिवार होने के कारण टुल्लू पंप खरीदना हमारे लिए आसान नहीं है। जिनके पास टुल्लू पंप के लिए पैसे हैं वह खरीद कर पानी खींच लेते थे, पानी सप्लाई के दौरान ठीक समय पर विद्युत कटौती होने से सभी घरों में पर्याप्त और समान मात्रा में पानी मिल रहा है, श्रीमती सुनंदा ने पानी सप्लाई के दौरान विद्युत कटौती के निर्णय को सार्थक बताया। निगम आयुक्त ने लगभग 40 से 50 व्यक्तियों का फीडबैक लिया, आयुक्त यह जानना चाहते थे कि विद्युत कटौती के दौरान समान मात्रा में सभी को पानी मिल रहा है या नहीं यह देखने वे फील्ड पर ठीक विद्युत कटौती के समय प्रातः 6:30 बजे पहुंचे थे। वार्ड 38 एवं वार्ड 51 के भी कई क्षेत्रों का निगमायुक्त ने पेयजल को लेकर निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि महापौर नीरज पाल ने पेयजल व्यवस्था को सुचारू रूप से जारी रखने अधिकारियों को निर्देश दिए हुए हैं, फील्ड पर हमेशा मुस्तैद रहने उन्होंने कहा है, गर्मी के दिनों में उन्होंने पानी देने के कार्य को पहली प्राथमिकता दी है, इसके लिए लगातार बैठक लेकर अधिकारियों को महापौर निर्देशित कर रहे हैं।

दूषित पानी खुले क्षेत्रों में बहा रहे

खुर्सीपार में औद्योगिक क्षेत्र के गणेश मंदिर के पास निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने यह पाया की तेज कोक कंपनी के द्वारा केबल वाइंडिंग तथा जी आई वायर का निर्माण किया जाता है तथा कंपनी से निकलने वाले दूषित जल को कंपनी द्वारा खुले क्षेत्र में बहा दिया जाता है जिससे यह दूषित जल भूजल स्रोत में मिलकर आसपास के लगे क्षेत्रों के पेयजल स्रोत को दूषित कर सकता है। निगमायुक्त ने स्वयं भी दूषित पानी नाली में बहाते हुए कंपनी को पाया। आयुक्त श्री सर्वे ने कंपनी को नोटिस देने के निर्देश मौके पर अधिकारियों को दिए।

पर्यावरण संरक्षण मंडल को लिखा पत्र

उन्होंने इस संबंध में तेज कोक कंपनी के विरुद्ध कार्यवाही करने के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल को भी पत्र जारी करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने समीपस्थ क्षेत्रों के कुछ जगह से सैंपल कलेक्शन करवाने के भी निर्देश अधिकारियों को मौके पर दिए और पानी की टेस्टिंग करवाने कहा। वार्ड क्षेत्रों के निरीक्षण के दौरान रहवासियों ने आयुक्त को यह फीडबैक दिया कि जहां-जहां पानी की पहले समस्या थी वहां पर अब विद्युत कटौती से पानी सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रेशर के साथ मिल रहा है। इस दौरान कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, संजय बागड़े, सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर, उप अभियंता नितेश मेश्राम, सुपरवाइजर वेंकट तथा चंदन शर्मा आदि मौजूद रहे।

सट्टा, जुआ, शराब पर कार्रवाई

बेमेतरा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेंद्र सिंह के निर्देशन एवं अति.पुलिस अधीक्षक बेमेतरा पंकज पटेल, एसडीओपी बेमेतरा राजीव शर्मा, एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के मार्गदर्शन में प्रतिदिन पूरे जिले में समस्त थाना/चौकी प्रभारियों के द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, गांजा पर लगातार कार्यवाही की जा रही है। 6 मई को थाना बेरला पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम भटगांव गौठान आम पेड़ के नीचे कुछ लोग तास पत्ती से जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना बेरला स्टाफ ने गवाहों के साथ मौके पर पहुचकर घेराबंदी कर रेड की तथा जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जिसमें 4 जुआरियों दिनेश माण्डले , राजकुमार साहू, रामकुमार साहू,

ओमकार साहू के पास से 1820 रूपये व 52 पत्ती तास को जब्त किया गया।

इसी प्रकार 6 मई को थाना नवागढ एवं चौकी कंडरका पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम जोगीपुर का ललितकांत जोशी तिराहा चौक मुरकुटा एवं ग्राम आनंदगांव का प्रेम मनहरे आनंदगांव में सट्टा पट्टी लिख रहा है। सूचना पर रेड की जिसमें 2 प्रकरण में 2 आरोपी ललित कांत जोशी जोगीपुर थाना नवागढ़, प्रेम मनहरे के कब्जे से नगदी रकम 2290 रू एवं सट्टा पट्टी, डांट पेन जप्त कर 4 (क) जुआ एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया। इसी प्रकार 5 व 6 मई को चौकी खण्डसरा एवं कंडरका पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि एक व्यक्ति ग्राम ढोलिया चौक में एवं खंगारपाट का रहने वाला सुनील कुमार चतुर्वेदी अवैध शराब बिक्री कर रहा है। इस में 2 आरोपी मुकेश चतुर्वेदी, सुनील कुमार चतुर्वेदी के कब्जे से 46 पौवा देशी प्लेन/मसाला शराब कीमती 4340 रूपये एवं 530 रूपये आबकारी एक्ट के तहत जब्त किए गए।

डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित हुए सुरेश शुक्ला

रायपुर/नवप्रदेश। प्राइवेट कॉलेज एसोसियेशन छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष एवं अनेक शिक्षण संस्थाओं से जुड़े समाजसेवी सुरेश शुक्ला को शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हेतु सम्मानित किया गया है। सुरेश शुक्ला को डॉ इंद्रजीत घोष, डॉ विक्रम सिंह देव व अन्य अतिथियों की उपस्थिति में थियोफनी विश्वविद्यालय, नई दिल्ली में दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि से सम्मानित किया गया। सुरेश शुक्ला लंबे समय से शिक्षा के क्षेत्र में कार्यरत हैं। वे विकास शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष, एसोसियेशन आफ अनएडेड प्रायवेट प्रोफेशनल कालेज, छत्तीसगढ़ के अध्यक्ष, फेडरेशन आफ स्कूल एसोसियेशन के कार्यकारी अध्यक्ष, भारत स्काउट गाइड जिला संघ रायपुर के मुख्य आयुक्त, आजादी के पूर्व से स्थापित श्री रामचंद्र संस्कृत पाठशाला के ट्रस्टी, बाल आश्रम के संचालक, मठपारा हाईस्कूल के संरक्षक, विकास हायर सेकेण्डरी स्कूल जैसे अन्य अनेक शिक्षण संस्थाओं से जुड़े रहकर शिक्षा के क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं।

ये खादी के क्षेत्र में कार्यरत खादी ग्राम सेवा समिति के द्वारा संचालित अनेक शालाओं में सदस्य के रूप में कार्यरत हैं। इन्होंने अंचल के पत्रकारिता के क्षेत्र से जुड़कर पत्रकार संघ के विभिन्न पदों में रहकर पत्रकारों के हित में कार्य किया है। ये अंचल से प्रकाशित विभिन्न दैनिक अखबारों के संपादक भी रहे हैं।

दिल्ली के लोधी गार्डन स्थित हेबिटेट सेंटर सभागार में थियोफनी विश्वविद्यालय नई दिल्ली के दीक्षान्त समारोह के मुख्य अतिथि माननीय डॉ इंद्रजीत सिंग, जनरल डॉ विक्रम देव डोगरा, अभिषेक अग्रवाल,श्रीमती लता सुरेश, डॉ बबीता कटारिया,डॉ अजय कुलपति मेरठ विश्विद्यालय एवं अन्य अतिथियों की उपस्थिति में सुरेश शुक्ला को डॉक्टरेट की मानद उपाधि से सम्मानित किया गया।

चोरी के झूठे केस में फंसाने की धमकी देकर नौकरानी का रेप

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के बालोद जिले में एक भाजपा नेत्री का पति अपने ही घर की नौकरानी को डरा धमका कर दुष्कर्म करता था। महिला भाजपा नेत्री को इस बात की जानकारी थी, लेकिन वह भी अपने पति का साथ देती रही। आरोपी शारीरिक संबंध नहीं बनाने पर नौकरानी से मारपीट करता था। वहीं भाजपा नेत्री द्वारा महिला को धमकी दी जाती कि अगर किसी को इस बारे में बताया तो चोरी के केस में अंदर करवा देगी। डरी सहमी महिला की शिकायत पर पुलिस ने पति के साथ भाजपा नेत्री को भी गिरफ्तार किया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। मामला अर्जुंदा थाना क्षेत्र है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक 5 मई को पीड़िता ने थाना आकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। महिला के मुताबिक मोहंदीपाठ गांव के विजय देवांगन के घर व फैक्ट्री में वह काम करती थी।

5 मृतकों के वारिसों को 20 लाख की राशि स्वीकृत

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने विभिन्न कारणों से 05 मृतकों के वारिसों के लिए प्रति व्यक्ति चार लाख रूपये की मान से 20 लाख रूपये की राशि स्वीकृति की है। उन्होंने तहसील मुंगेली के ग्राम सिंगारपुर के जलीराम की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी निकटतम वारिस कुमारी बाई भास्कर, तहसील मुंगेली के ग्राम दुल्हिनबाई निवासी रामगोपाल भास्कर की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस श्रीमती गोमती भास्कर, तहसील मुंगेली के ग्राम खैरा-सेतगंगा के चन्द्रकली की आग में जलने से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस जय सिंह, तहसील मुंगेली के ग्राम रामाकापा के पंचुराम मिरे की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस श्रीमती मालती मिरे और तहसील पथरिया के ग्राम परसदा के जलेश्वरी राजपूत की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके निकटतम वारिस देवकुमार राजपूत के लिए 4-4 लाख रूपए की राशि की स्वीकृति प्रदान की है।

निधन

श्रीमती गीता खरे

भाटापारा। स्थानीय नयापारा वार्ड निवासी सेवानिवृत शिक्षिका श्रीमती गीता खरे का 86 वर्ष की आयु में रविवार को निधन हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा नयापारा वार्ड से सोमवार को प्रातः 10 बजे मारवाड़ी श्मशानघाट रामसागरपारा के लिए निकलेगी। वे मनोज खरे,गोपाल खरे और शरद (हरि) खरे की माता जी थी। उनके निधन पर लोगो ने दुख व्यक्त किया है।

रास्ता रोक कर जबरन वसूली करने वाले युवक गिरफ्तार

बेमेतरा/नवप्रदेश। चार मई को रात 10 बजे रास्ता रोककर अवैध वसूली करने वाले आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रार्थी कामता साहू ने 5 मई को थाना साजा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि 4 मई की रात्रि 10 बजे देवकर से देवकुमार साहू की पिकअप से लकड़ी का बाजवट भरकर अपने साथी संजय साहू एवं तिलक कुंजाम के साथ देवकर से सिवनी जा रहे थे। महामाया मंदिर साजा के पास राजा खान एवं अन्य उसके दोस्त गाड़ी को रूकवाकर पैसा की मांग करने लगे। पैसा देने से मना करने पर गाली-गलौच करके डंडा से मारपीट करने लगे। जिससे बाएं हाथ, कमर, पीठ एवं सिर में एवं साथी संजय साहू की नाक में चोट आई है। घटना के समय तिलक कुंजाम बीच बचाव किया। उक्त घटना के संबंध में पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल एवं एसडीओपी बेरला तेजराम पटेल के द्वारा थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज एवं थाना स्टाफ को तत्काल आरोपी गणों के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। विवेचना के दौरान आरोपीगण राजा खान, नरेश निषाद, सुरेश निर्मलकर ऊर्फ सोनू को हिरासत में लेकर उक्त घटना के संबंध में पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया। आरोपियों ने प्रकरण में धारा 384 भादवि जोड़ी गई है। आरोपी राजा खान द्वारा घटना के समय प्रयुक्त डंडा पुलिस ने जब्त किया है। आरोपियों को 5 मई को गिरफ्तार करके न्यायालय पेश किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना साजा प्रभारी निरीक्षक अंबर सिंह भारद्धाज, आरक्षक इंदरमन निषाद, रमन चंद्राकर, रामानुज जायसावाल, मुकेश एवं अन्य थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

वर्मा परिवार के दो लोगों ने की देह व नेत्र दान की घोषणा

साजा/नवप्रदेश। चिकित्सा क्षेत्र के छात्रों को मृत शरीर कमी के चलते शारीरिक अध्ययन कार्य में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। भविष्य में समाज को अच्छे डॉक्टर उपलब्ध हो सकें इस आशय के साथ 5 मई को दल्लू सिंह वर्मा सेवानिवृत्त शिक्षक निवासी वार्ड 7 नगर पंचायत साजा ने अपनी देह दान संबंधी घोषणा पत्र डॉ. एके वर्मा खंड चिकित्सा अधिकारी साजा व विनोद कुमार बघेल नेत्र सहायक अधिकारी सामुदायिक स्वा. केंद्र साजा के समक्ष प्रस्तुत। इस निर्णय में उनके पुत्र प्रकाश चंद्र वर्मा की सहमति भी ली गई। प्रकाश चंद्र वर्मा जो कि शिक्षक हैं इन्होंने स्व. लोकनाथ बघेल सेवानिवृत्त शिक्षक ग्राम मोहतरा वि.खं. साजा से प्रेरित होकर मृत्यु उपरांत अपने नेत्रदान करने की घोषणा की।

आत्मानंद स्कूल में एडमिशन के लिए मिले 1061 आवेदन, 509 को किया रिजेक्ट

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के महत्वकांशी योजना स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूलों को लेकर सरकार और जिला प्रशासन जितना उत्साहित दिख रही है, उतना पालकों और बच्चों में निराशा बढ़ते जा रही है। दरअसल, स्थानीय सर्वेश्वरदास नगर पालिक निगम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी मीडियम स्कूल में कक्षा पहली के लिए आए 1061 आवेदनों में लगभग 509 आवेदनों को अपात्र घोषित कर दिया गया है, लेकिन पालकों और बच्चों को इसकी कोई जानकारी किसी भी माध्यम से नहीं दी है और आज सुबह 9 बजे ऑफ लाईन लॉटरी निकालने की तैयारी कर ली गई है, जिसको लेकर पालको और बच्चों में निराशा है। आरटीई के अंतर्गत प्रायवेट स्कूलों में भर्ती के लिए शिक्षा विभाग ने नर्सरी के लिए उम्र 3 से 4 वर्ष, केजी-1 के लिए 4 से 5 वर्ष और कक्षा पहली के लिए 5 से 6 वर्ष 5 माह निर्धारित किया है, लेकिन स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के लिए उसी स्कूल शिक्षा विभाग ने कक्षा पहली के लिए उम्र 5 वर्ष 6 माह से लेकर 6 वर्ष 6 माह निर्धारित किया है, जो आरटीई कानून का उल्लघंन है। पालकों का कहना है कि जो बच्चा पांच वर्ष पूर्ण कर लिया है उसे कक्षा पहली में प्रवेश के लिए अपात्र घोषित करना, आरटीई कानून का उल्लघंन है, जिसको लेकर अब पालक न्यायालय जाने की तैयारी कर रहे। छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल का कहना है कि जो उम्र आरटीई कानून में निर्धारित किया गया है, वहीं उम्र सभी स्कूलों के लिए मान्य है, लेकिन सरकारी अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में सरकारी अधिकारियों के द्वारा मनमानी की जा रही है। अधिकारियों के द्वारा मूल कानून को बाईपास कर अलग-अलग स्कूलों के लिए अलग-अलग उम्र निर्धारित किया गया है, जो आरटीई कानून का उल्लघंन है, जिसे न्यायालय में चुनौती दी जाएगी।

एसटीईएम और फायर लेस कुकिंग जैसे एक्टिविटी से बच्चे सीखेंगे प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल

दुर्ग/नवप्रदेश। यदि खेल खेल में बच्चे कुछ सीखें तो उनके पेरेंट्स के लिए इससे अच्छा क्या होगा। इसी सोच पर अमल करते हुए स्वामी आत्मानंद गवर्नमेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल सेलूद ने 2 मई से 14 मई के बीच स्कूल में समर कैंप का आयोजन किया है। समर कैंप पर प्रकाश डालते हुए जिला शिक्षा अधिकारी अभय जायसवाल ने बताया कि कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर इन समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है ताकि विभिन्न एक्टिविटी के द्वारा बच्चों की छुपी हुई प्रतिभा को निखारने का प्रयास किया जा सके। सभी स्कूलों के प्राचार्य को कहा गया है कि वो अपने संस्थानों में समर कैंप का आयोजन करें ताकि बच्चों का समग्र विकास हो सके। सेलूद स्कूल के प्राचार्य एमपी शुक्ला ने बताया कि बच्चे अपने खाली समय का सदुपयोग बच्चें बेहतर से बेहतर किस प्रकार करें इसे ध्यान में केंद्रित रखकर संस्था के द्वारा समर कैंप को डिजाइन किया गया है, जिसमें एसटीईएम, फ ायर लैस कुकिंग, वैदिक मैथ्स, कैलीग्राफी, ड्रामा,म्यूजिक, डांस, आर्ट एंड क्राफ्ट पर्सनालिटी डेवलपमेंट और लीडरशिप जैसे एक्टिविटी को शामिल किया गया है। इन एक्टिविटीज को कोर्स में शामिल करने का उद्देश्य बच्चों के सर्वांगीण विकास से है। बच्चे अच्छे व्यवहार के साथ-साथ इन कलाओं को सीखकर अपने आने वाले भविष्य को बेहतर बनाएं यही इस समर कैंप का टारगेट है।

समर कैंप की विशेष एक्टिविटी

एसटीईएम विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित आज की दुनिया का एक अभिन्न अंग बन चुका है, इसलिए आवश्यक है कि हम कम उम्र के बच्चों को एसटीईएम के माध्यम से इन गतिविधियों में शामिल करें। एसटीईएम विज्ञान के प्रति एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों में रूचि पैदा करता है और उनके लिए यह तय करने का आधार भी बन जाता है कि वे किस करियर को आगे बढ़ाना चाहते हैं।

फायर लेस कुकिंग

इस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों को बिना आग के कुकिंग करना सिखाया जाएगा। इसका उद्देश्य प्रॉब्लम सॉल्विंग स्किल और क्रिएटिव थिंकिंग को बढ़ावा देना है। समर कैंप में योगा और मेडिटेशन जैसे एक्टिविटी को भी स्थान दिया गया है ताकि बच्चे मन और शरीर के सामंजस्य स्थापित करना सीखें।

वैदिक मैथ्स व नंबर पजल

वैदिक मैथ्स और नंबर पजल के माध्यम से बच्चों की विलक्षणता शक्ति को बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि भविष्य में बच्चे प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए अपने आपको तैयार पाए। इस एक्टिविटी के माध्यम से बच्चों में दुनिया के प्रति एक समझ पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि उनका दायरा बढ़े।

योगा और मेडिटेशन

इसके अलावा कैंप में पर्सनैलिटी डेवलपमेंट स्किल व लीडरशिप ग्रूमिंग पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। समर कैंप में भाग लेने वाले बच्चे भी इस कैंप में होने वाली एक्टिविटी का पूरा आनंद ले रहे हैं बच्चे फायर लैस कुकिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट और म्यूजिक व डांस में अपनी विशेष रूचि दिखा रहे हैं।

न्याय बंधु मोबाईल ऐप के माध्यम से दिया जाएगा निःशुल्क विधिक सलाह

■ एक दिवसीय ओरियेंटेशन कार्यक्रम संपन्न

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय आरेयिटेंशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को सरलता से विधिक सेवा का लाभ दिलाना था। छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि किसी भी कार्य को करने के लिए उसका मैदानी रूप में क्रियान्वयन न किया जाये तब तक उसका लाभ नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि अधिवक्तागण विधिक सेवा से संबंधित न्याय बंधु मोबाईल ऐप से जुड़कर प्रो-बोनो लीगल सर्विसेस के तहत अपना पंजीयन कराकर उसके माध्यम से कुछ प्रकरणों में जरूरतमंदों को उनके प्रकरणों में निःशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता प्रदान किया जाए।

श्री न्यायमूर्ति ने रोजमर्रा के जीवन से जुड़े मामलों के संबंध में विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम की धारा 22ए के अंतर्गत स्थायी लोक अदालत के प्रावधानों को जानने एवं इससे जुड़े मामलों जैसे ट्रांसपोर्ट सेवा, पानी, बिजली, बिल्डर्स जैसे मामलों की सेवा में कमी से संबंधित शिकायतों पर स्थायी लोक अदालत जिसका कार्य क्षेत्र व्यापक है उसके माध्यम से निपटारा कराये जाने की बात कही, जिससे आमजन को इसका लाभ प्राप्त हो सके। राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों जैसे अभियान करूणा, उम्मीद, आसरा, सचेत, मुआवजा, उन्मुक्त आदि का जिक्र करते हुए कहा कि अभियान करूण के तहत वरिष्ठजनों को उनके परिवार में सम्मान सहित रहने, अभियान उम्मीद में मानसिक मरीजों जो स्वस्थ हो चुके हैं उन्हें उनके परिवार से मिलाने की कार्यवाही के बारे में बताया।

ओरियेंटेशन कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष श्री न्यायमूर्ति संजय एस.अग्रवाल ने सम्बोधित करते हुए कहा कि गरीबी एवं अशिक्षा के कारण लोग न्याय पाने से वंचित हो जाते है। संविधान के अनुच्छेद 39 के अंतर्गत यह सुनिश्चित किया गया है कि सभी लोगों को न्याय पाने का अधिकार है। कार्यक्रम का धन्यवाद भाषण राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव श्री सिद्धार्थ अग्रवाल ने दी। कार्यक्रम का संचालन राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की अवर सचिव श्रीमती कामिनी जायसवाल द्वारा किया गया।

कार्यक्रम में गेस्ट स्पीकरण के रूप में महाधिवक्ता श्री सतीशचंद्र वर्मा, न्यायिक एकेडमी की डायरेक्ट श्रीमती सुषमा सावंत, वरिष्ठ अधिवक्ता श्री किशोर भादुड़ी सहित जिला प्राधिकरण रायपुर, राजनांदगांव के सचिव रहे एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्री के अधिकारीगण, न्यायिक एकेडेमी के डायरेक्टर सुषमा सावंत, उच्च न्यायालय के पदाधिकारीगण, उच्च न्यायालय के अधिवक्ता, पैनल अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

चिट फंड कंपनी का फरार जनरल मैनेजर चंडीगढ़ से गिरफ्तार

हम-तुम इंडिया नाम से कंपनी बनाई, लोगों को मोटे कमीशन का दिया लालच

■ एक आरोपी को पुलिस पहले कर चुकी थी गिरफ्तार

■ दूसरे आरोपी को साइबर सेल मुंगेली के मदद से चंडीगढ़ से पकड़ा

मुंगेली/नवप्रदेश। हम-तुम इंडिया मल्टीट्रेड लिमिटेड नाम से चिटफंड कंपनी चलाकर लोगों से लाखों रूपए वसूलने वाले दूसरे आरोपी को मुंगेली पुलिस ने चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है।

चिट और धन परिचालन स्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 की धारा 3,4,5 के आरोपी डॉ रूपेश खाण्डे एवं डॉ. बलजीत सिंह के विरूद्ध नामजद अपराध पंजीबद्ध किया गया था। प्रकरण के आरोपी डॉ बलजीत सिंह को हिरासत में लिया गया है।

पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह के मार्गदर्शन व एसडीओपी सालिक राम घृतलहरे के निर्देशन पर थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्रमांक 335/2020 धारा 420,34 भा.द.सं. ईनामी चिट और धन परिचालनस्कीम (पाबंदी) अधिनियम 1978 की धारा 3,4,5 के आरोपी रूपेश खाण्डे एवं बलजीत सिंह के विरूद्ध नामजद अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

लोगों को फंसाने होटल में करते थे मीटिंग-

उक्त आरोपियों द्वारा हम-तुम इंडिया मल्टीट्रेड लिमिटेड कंपनी के नाम पर चिटफंड कंपनी चलाई जा रही थी। आरोपियों ने खीर प्रसाद,जोहन मिरी विनोद सोनी, अंकित चौहान, श्यामजी कुर्रे, राजेश कुमार दिवाकर, होश लाल रात्रे से सिंग इंटरनेशनल हॉटल मुंगेली में मीटिंग की। आरोपियों ने 7500-7500 रूपये प्रत्येक से लेकर सदस्य बनाकर 10 प्रतिशत तथा प्रति माह 24 माह तक 1.95 लाख जमा करने पर 10 प्रतिशत प्रतिमाह तथा 2.5 प्रतिशत कमीशन कंपनी द्वारा आजीवन देने का लालच दिया। इस तरह लाखों रूपए जमा कराकर धोखाधड़ी की गई। आरोपी रूपेश खाण्डे नवागढ़ जिला बेमेतरा को 23 जनवरी 2022 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया था। आरोपी बलजीत सिंह की लगातार पतासाजी व लोकेशन प्राप्त की जा रही थी। साइबर सेल मुंगेली की मदद से लोकेशन चंडीगढ पंजाब में पता चली। वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति प्राप्त कर टीम गठित कर थाना सिटी कोतवाली मुंगेली के उप निरी.अलोक सुबोध के अगुवाई में टीम चंडीगढ पंजाब रवाना किया गया। जहां से आरोपी आरोपी जनरल मैनेजर बलजीत सिंह को हिरासत में लेकर थाना मुंगेली लाया गया एवं कोर्ट में पेश किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक केसर पराग, उनि अलोक सुबोध, प्र.आर. राजेश बंजारे, आर. देवेन्द्र नागरे, आर. भेषज पाण्डेकर, अब्दुल रियाज एवं रामकिशोर कश्यप का विशेष योगदान रहा।

सर्वमंगला विहार में पानी बहाव की समस्या

■ जिला प्रशासन से की सुधारने की मांग

बिलासपुर/नवप्रदेश। उसलापुर रेलवे स्टेशन के सामने महर्षि स्कूल रोड में स्थित सर्व मंगला बिहार कालोनी में पिछले जुलाई 2021 माह मे नाव चलने की खबरे दिखाई और प्रकाशित की गई थी। उस समय महापौर द्वारा कालोनाइजर को व्यवस्था सुधारने के लिए हिदायत भी दी गई थी। साईप्रभा अपार्टमेंट भी इसी कालोनी मे बना हुआ है। जहां पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी निजी कार्य से आते रहते हैं। पिछले दिनों कालोनी की महिलाओं ने अधिकारियों से पानी बहाव को सुधरवाने की मांग की है।

कालोनीवासियों ने बताया कि कालोनी की सड़क में जगह-जगह गड्ढे बन गए हैं। कालोनी के प्रस्तावित गार्डन मे चारों तरफ गंदे पानी, काई, झाड़ हो गया है, जिससे मच्छरों भी बढ़ रहे हैं और नाना प्रकार की बीमारियां, महामारियों फैलने की आशंका बनी हुई है। कालोनाइजर या प्रशासन की जिस तरह उदासीनता दिख रही है। विगत वर्षो की ही तरह इस साल भी निचले भाग के 8-10 घर परिवार को बरसात के दिनों मे पलायन करना पड़ेगा। बच्चे फिर से नाव चलाएंगे । इस कालोनी में साई प्रभा अपार्टमेंट के 48 फ्लैट्स को मिलाकर लगभग 80-85 घर प्रस्तावित हैं। वर्तमान मे 40-45 घर मिलाकर लगभग 200 लोग निवासरत हैं।

कालोनीवासियों के सामने ये है समस्या

कालोनी से पानी के निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, इस कारण बरसात के दिनों मे महीनों पानी का भराव रहता है जिसके कारण आने, जाने की परेशानी के साथ ही साथ जहरीले जीव जंतुओं के घरों मे घुसने तथा महामारी फैलने की आशंका बनी रहती है, बाकी दिनों में नाली मे पानी सड़ता रहता है, गंदगी के कारण मच्छर और अन्य प्रकार के कीड़े, मकोड़े पनपते रहते हैं, अस्तु पानी के निकासी की स्थाई व्यवस्था की जाय ।

कालोनी का प्रस्तावित गार्डन वर्तमान मे गंदा, कीचड़ से सना हुआ तालाब बन चुका है, इसको विकसित किया जाय।

वर्तमान में पूरी कॉलोनी के लिए एक ही बोर (नलकूप) है, जिससे पानी के आपूर्ति की समस्या बनी रहती है, कालोनाइजर द्वारा जो जल आपूर्ति की व्यवस्था की गई है वह कालोनी के आकार व प्लाटों की संख्या और बहुमंजिला इमारतों के अनुरूप नहीं है।

अभी ही जबकि पूरे प्लाटों पर मकान निर्मित नहीं हुए हैं पानी के फोर्स की कमी हो रही है, आगे बाकी प्लाटों में मकान बनने पर पानी के फोर्स की बहुत बड़ी समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

ऐसे में सर्वमंगला विहार कालोनी को बिलासपुर मे चल रहे अमृत जल मिशन कार्यक्रम तथा अंडर ग्राउंड सिवरेज प्लान में शामिल किया जाये, जिससे भविष्य में जल आपूर्ति वंजल निकासी की समस्या का स्थाई समाधान हो सके।

स्वास्थ्य सुविधा सुधारने की कवायद, समय पर नहीं पहुंचे तो कटेगा वेतन

बिलासपुर/नवप्रदेश। स्वास्थ्य महकमे को पटरी में लाने की कवायद सीएमएचओ ने शुरू कर दी है। इसी कड़ी मेंसभी अधिकारी, चिकित्सक व स्वास्थ्य कर्मियों को समय पर आने का फरमान जारी कर दिया है। इसके तहत यदि कर्मचारी समय पर नहीं आते हैं तो उनका वेतन काटने के निर्देश दिए हैं। स्वास्थ्य महकमे में लेटलतीफी का आलम चल रहा है। बड़े अधिकारी, डाक्टर से लेकर कर्मचारी तक समय पर अस्पताल व कार्यालय नहीं पहुंच रहे हैं। रोजाना की देरी की वजह से लोगों को स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रहा है। खासतौर से ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही का आलम यह है कि रोजाना कई-कई घंटों तक डाक्टर व कर्मचारी गायब रहते हैं।

जबकि मरीज समय पर अस्पताल पहुंचते हैं। कई बार उपचार से वंचित भी हो जाते हैं। वहीं अब इस तरह की खामियों को दूर करने का बीड़ा सीएमएचओ डा. प्रमोद महाजन ने उठाया है। इसी लिए पूरे स्वास्थ्य महकमे को फरमान जारी कर दिया है कि सभी समय पर काम पर पहुंचे। अब देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि लेट होते हैं तो कार्रवाई के साथ एक दिन का वेतन काटा जाएगा।

अस्पताल कर्मियों को पहुंचना होगा सुबह नौ बजे

सरकारी अस्पतालों में रोजाना सुबह नौ बजे से ओपीडी का संचालन शुरू किया जाता है। लेकिन डाक्टर व अन्य स्टाफ सुबह साढ़े नौ से 10 बजे तक अस्पताल में पहुंचते हैं। ऐसे में रोजाना मरीजों को इंतजार करना पड़ता है। अब स्टाफको सुबह नौ बजे तक अस्पताल आना होगा। वहीं कार्यालयीन कार्य में लगे अधिकारियों व कर्मचरियों को सुबह 10 बजे ड्यूटी पर आना है।

हाथों में भगवा ध्वज लिए बाइक से निकला विप्र समाज

परशुराम जयंती पर विशाल बाइक रैली

मुंगेली/नवप्रदेश। भगवान परशुराम जन्मोत्सव कार्यक्रम के तहत शनिवार को मुंगेली में सर्व ब्राह्मण परिषद द्वारा जन जागरण मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। रविवार को आयोजित विशाल शोभायात्रा में नगर को आमंत्रण देने हेतु निकली मोटरसाइकिल रैली का आरंभ पुराना बस स्टैंड श्री परशुराम चौक से हुआ। हाथों में विशाल भगवा ध्वज लिए बड़ी संख्या में विप्र समाज के युवा इस मोटरसाइकिल रैली में शामिल हुए। नगर भ्रमण करते हुए यह मोटरसाइकिल रैली पुनः परशुराम चैक होते हुए दाऊपारा से करही पहुँचकर संपन्न हुई। सर्व ब्राह्मण परिषद के अध्यक्ष अवधेश शुक्ला व रोहित शुक्ला ने बताया कि रविवार शाम 4 बजे नगर पालिका स्कूल प्रांगण मुंगेली से भव्य शोभायात्रा निकली। यह शोभायात्रा भगवान परशुराम चैक पुराना बस स्टैंड से सदर बाजार,महावीर स्वामी चैक गोल बाजार, माँ परमेश्वरी चैक बलानी चैक,महाराणाप्रताप चैक पड़ाव होते हुए पानी टंकी के पास इंदिरा केशव विप्र भवन पहुंची, जहां भव्य महा आरती, स्नेह भोज का भी आयोजन सर्व ब्राह्मण परिषद, सर्व ब्राह्मण युवा परिषद और श्री परशु सेना मुंगेली द्वारा किया गया है।

परीक्षा परिणाम बेहतर आने से छात्राओं के चेहरे खिले

बिलासपुर/नवप्रदेश। कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तखतपुर में कक्षा नवमी और ग्यारहवीं की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। परीक्षा परिणाम बेहतर आने से उनके चेहरे खिल गए। इसमें नवमी में प्रथम पूजा कुमारी, द्वितीय साक्षी,तृतीय मैना ग्यारहवीं आर्ट्स में प्रथम माया साहू, द्वितीय लवली कश्यप, तृतीय अंशु गौरहा ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम खुशबू देवांगन, द्वितीय शाहीन परवीन, तृतीय शालिनी भास्कर रही। प्राचार्य नरेश दुबे ने कहा व्यक्ति को जीवन में सफलता के लिए धैर्य,अनुशासन और परिश्रम तीन चीज की आवश्यकता पड़ती है। इन तीनों के साथ व्यक्ति बड़ से बड़ा लक्ष्य को हासिल कर सकते है।इस दौरान वक्ताओं ने कहा पढ़ाई के साथ भविष्य के लिए करियर के बारे में सोचे जिस तय कर आगे बढ़ सके। एक बार प्रयास करें तो सफलता तय है। इसके लिए प्रतिदिन पढ़ाई कर उच्च लक्ष्य की तैयारी में जुट जाएं। संचालन व्याख्याता जितेंद्र शुक्ला और आभार प्रदर्शन एसके पांडे ने किया। इस अवसर पर एचएस क्षत्रिय, मिनाज खान, मीनाक्षी शर्मा, कामिनी गुप्ता, दिव्या मिश्रा, पारुल ठेठवार अन्य उपस्थित रहे।

स्कूली बच्चों ने दस दिवसीय समर कैंप में लिए भाग

नार्थ ईस्टर्न पब्लिक स्कूल तखतपुर में समर कैंप आयोजित किया गया। इसमें डांस, योग, इंग्लिश कंवर्सेसन, कुकिंग विदाउट फायर, टेडी मेकिंग, बेस्ट आउट आफ वेस्ट, स्केटिंग, एरोबिक और विभिन्न् प्रकार के मनोरंजक एवं ज्ञानवर्धक क्रियाकलाप सिखाए गए। समर कैंप के समापन पर सभी ने अनुभव बांटे। समर कैंप के उद्देश्य के बारे में बताया कि छात्रों में छिपी प्रतिभा को सामने लाने और बच्चों में हिचक दूर करने के उद्देश्य से कैंप का आयोजन किया गया है।

देखा खुड़िया बांध, लिया नौका विहार का आनंद

मुंगेली/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने रविवार को लोरमी विखं के ग्राम खुड़िया में राजीव गांधी जलाशय (खुड़िया बांध) का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जलाशय में संचालित नौका विहार का आनंद लिया। कलेक्टर ने जलाशय का भ्रमण करने आने वाले पर्यटकों की सुविधा के लिए सामुदायिक शौचालय निर्माण के निर्देश दिए। उन्होंने जलाशय के समीप के स्थल का सौंदर्यीकरण हेतु शीघ्र कार्ययोजना बनाकर भेजने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जलाशय के समीप आवश्यक सुविधाओं के विस्तार होने से पर्यटकों का आवागमन बढ़ेगा, जिससे आसपास के लोगों को रोजगार मिलेगा और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। कलेक्टर ने जलाशय के समीप कैंपेनिंग, पर्यटकों के रात्रि विश्राम हेतु अस्थायी कॉर्टेज निर्माण, गार्डनिंग, सीढ़ियों का चौड़ीकरण एवं पेंटिंग व साज-सज्जा आदि के संबंध में संबंधित अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने नौका विहार हेतु बोट की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर वनमण्डलाधिकारी गणेश राजन, मुंगेली एसडीएम, जिपं सीईओ डीएस राजपूत, लोरमी अनुविभाग की एसडीएम श्रीमती मेनका प्रधान सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

पांच प्रतिशत महंगाई भत्ते को लेकर कर्मचारियों मे आक्रोश

बिलासपुर/नवप्रदेश। प्रदेश सरकार द्वारा हाल ही में कर्मचारियों को महंगाई भत्ता देने की घोषणा की है इसमें एक ही राज्य में अलग-अलग कर्मचारियों के लिए तीन अलग-अलग महंगाई भत्ता दे रही है। इसे लेकर मुंगेली जिले कर्मचारियों ने आक्रोश व्यक्त किया है।

इस संबंध में कर्मचारी संगठन के पदाधिकारियों कहना है कि बाजार में महंगाई एक समान है तो भत्ते देने में अलग-अलग वर्ग के लोगों को कम ज्यादा क्यों दिया गया। उल्लेखनीय है कि अल्प वेतनभोगी कर्मचारी जिन पर महंगाई का सबसे ज्यादा मार है और यह वर्ग अपने वेतन पर ही जीवन यापन करता है जिन्हे महंगाई भत्ते की सबसे ज्यादा जरूरत है उन्हे सबसे कम महंगाई पांच प्रतिशत, एरियस को दरकिनारे करते हुए बिना एरियस के दिया जा रहा है जबकि विद्युत कर्मचारियो को 34 प्रतिशत आईएएस अफसरों के लिए सरकार खजाना खोलकर 31 प्रतिशत दे रही है। वहीं छत्तीसगढ़ सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र चार मई 2022 के अनुसार आईएएस अधिकारियों को एक जुलाई 2021 से नगद दे रही है। इससे उनको एरियस की राशि भी मिल रही है। शेष प्रदेश के सभी कर्मचारियों को एक मई 2022 से देने की घोषणा की गई है।

इसे लेकर कर्मचारियों व संगठन में आक्रोश व्याप्त है। संगठन के पदाधिकरियों ने बताया कि बाजार और महंगाई में एक है तो देने में कम-ज्यादा का भेदभाव क्यों है। इसके साथ ही उन्हे इस बात को लेकर भी आपत्ति है कि अधिकारियों को महंगाई भत्ता एक जुलाई 2021 से दिया गया है तो शेष कर्मचारियों को एक मई 2022 से क्यों है। कर्मचारी संगठन भी केंद्र के समान घोषित तिथि से महंगाई भत्ता की मांग करते हुए अपेक्षा करती है कि प्रदेश सरकार न्याय योजना संचालित कर प्रदेश के लोगों का न्याय दिला रही है तो कर्मचारी संगठन की अपेक्षा है कि केंद्र के समान देय तिथि से महंगाई भत्ता दिलाते हुए उनके साथ न्याय करेगी। यदि ऐसा नहीं होता है तो आक्रोशित कर्मचारी संगठन आंदोलन का रास्ता अपना सकते हैं।

बिलासपुर को स्मार्ट बनाने के लिए काट डाले पेड़, अब बढ़ रही गर्मी

बिलासपुर/नवप्रदेश। सीरसा, पीपल, बरगद, अर्जुन, सीसम, इमली, आम जैसे तमाम पेड़ जो बिलासपुर की सड़कों के किनारे लहलहाते थे उनकी स्मार्ट सिटी, रोड़ चौड़ीकरण और हाईवे निर्माण के नाम से बलि चढ़ा दी गई। इन्हीं पेड़ों के कारण बिलासपुर में हरियाली छाई रहती थी और गर्मी में तापमान भी स्थिर रहता था। लेकिन, इनके कट जाने के बाद अब शहर में लगातार गर्मी बढ़ती जा रही है। तापमान भी दिन-प्रतिदिन नया रिकार्ड बना रहा है। ऐसे में अब शहरवासी गर्मी, उमस से हलकान हैं। अब तक प्रतिदिन 44 और 45 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया जा रहा है। इसके कारण शहरवासी लू सहित अन्य बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं।

इन दिनों जिले में गर्मी अधिक पड़ रही है। बिलासपुर का तापमान हर वर्ष दो से तीन डिग्री बढ़ता जा रहा है। इसका सबसे बड़ा कारण शहरीकरण है। इसके लिए हरे भरे पेड़ों को काट दिया गया। पिछले 15 वर्षों में बिलासपुर में घने पेड़ 73 प्रतिशत कम हो गए। वहीं कृषि योग्य भूमि में 83त्न कमी आई, क्योंकि उन पर कांक्रीट पड़ गया। साथ ही सड़क चौड़ीकरण के लिए इनकी बलि चढ़ा दी गई।

बिलासपुर के लिंक रोड पर सर्वाधिक हरे भरे पेड़ लहलहाते

थे। लेकिन इनकी भी अंधाधुंध कटाई कर दी गई। इन्हें काट तो दिया लेकिन इनकी जगह जो नए पौधे लगे उसका ध्यान न तो प्रशासन ने रखा न निगम और न ही वन विभाग ने रखा। स्थिति ये हुई की अब शहर के सड़कों में पेड़ ही नहीं दिखते। 2000 से 2014 के बीच बिलासपुर के शहरी क्षेत्र में 80 फीसदी हरे और छायादार पेड़ हुआ करते थे लेकिन अब 73 प्रतिशत घने पेड़ों को काट दिया गया। सड़क किनारे अब मुश्किल से ही छायादार पेड़ देखने को मिलते हैं।

करोड़ों की सड़क बनी लेकिन हरियाली में कंजूसी

राज्य सड़क विकास निगम ने 2017 में सकरी से कोटा की सड़क 76 करोड़ 57 लाख रुपए की राशि से बनाई। इसी तरह सकरी से कोटा तक की निर्माणधीन सड़क भी 100 करोड़ की है। इसी तरह कोनी से सेंदरी तक की फोरलेन सड़क 70 करोड़ रुपए में बनाई गई है। एनएचएआई की पेंड्रीडीह से पथरापाली प्रोजेक्ट 413 करोड़ का है। करोड़ों का प्रोजेक्ट होने के बाद भी विभागों ने दस गुना पेड़ लगाने के लिए वन विभाग को रुपए देने में कंजूसी कर दी। जिसके कारण इन सड़कों पर हरियाली नहीं दिखती।

मुरूम की जगह डाल रहे पीली मिट्टी, नाबालिगों से करा रहे काम, सुपरवाइजर की धमकी, जहां करना है करो शिकायत

■ सड़क निर्माण में गड़बड़ी, ग्रामीणों ने पूर्व विधायक से की शिकायत

बालोद/नवप्रदेश। गुरुर ब्लाक के ग्राम ठेकवाडीह से दुबचेरा तक 2.60 किमी तक लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क का पुल पुलिया सहित निर्माण किया जा रहा है। दो करोड़ 32 लाख की लागत से बनने वाले इस सड़क के काम में जमकर लापरवाही बरती जा रही है। घटिया निर्माण सामग्री का इस्तेमाल तो हो ही रहा है, नियम कायदों को भी ठेंगा दिखाया जा रहा है। निर्माण एजेंसी ओबरॉय कंस्ट्रक्शन दुर्ग द्वारा मनमानी की जा रही है। जिससे यहां के स्थानीय ग्रामीण त्रस्त हो चुके हैं। घटिया काम का ग्रामीण विरोध करते हैं तो कंपनी के सुपरवाइजर तक ग्रामीणों को धमकी देता है कि जहां शिकायत करनी है कर लो। कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। ठेकेदार के सुपरवाइजर की दबंगई से त्रस्त ग्रामीणों ने मामले की शिकायत पूर्व विधायक भैया राम सिन्हा से की है। रविवार को ग्राम ठेकवाडीह के ग्रामीण अध्यक्ष नोहर साहू के नेतृत्व में पूर्व विधायक के पास पहुंचे। उन्होंने मामले की पूरी जानकारी दी। ग्रामीणों की समस्या सुनकर पूर्व विधायक सिन्हा ने कहा कि ऐसी मनमानी नहीं चलेगी। मैं खुद मौके पर जाकर काम को देखता हूं। सोशल मीडिया में इस घटिया काम और यहां बरती जा रही लापरवाही का वीडियो भी सामने आए हैं। जिसमें काम में कई खामियां और नियमों की अनदेखी नजर आ रही है। ग्रामीणों ने हर बिंदु पर पूर्व विधायक को विस्तार से जानकारी देते यहां बरती जा रही अनियमितता के बारे में बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित विभाग के अफसरों द्वारा किसी तरह की निगरानी ना किए जाने के चलते संबंधित कंपनी और उनके कर्मचारी फायदा उठा रहे हैं।

इस तरह की जा रही है गड़बड़ी : सड़क के डामरीकरण से पूर्व नीचे समतलीकरण का कार्य चल रहा है। जिसमें मुरूम की जगह पीली मिट्टी खपाई जा रही है। समतल करने के लिए रोलर तक नहीं चलाया जा रहा है, ना कहीं कोई पानी डाला जा रहा है। इस पर ग्रामीणों ने घोर आपत्ति जताई है। दुबचेरा के एक तालाब से खुदाई करके मुरूम मिट्टीनुमा निकाली जा रही है। वहां पर रायल्टी की चोरी हो रही है। 1 पर्ची में एक ट्रिप मुरुम निकाली जानी चाहिए पर एक पर्ची में 3 ट्रिप निकाली जा रही है। यह बात वहां तैनात ठेकेदार के कर्मचारी ने भी कबूल की है। जिसका वीडियो सामने आया है। निर्माण सामग्री का सही तरीके से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। 7 धमेला गिट्टी, 5 धमेला रेत के पीछे मात्र डेढ़ धमेला सीमेंट डाला जा रहा है। जो अपर्याप्त है। इससे निर्माण सामग्री की गुणवत्ता प्रभावित होगी और यह ज्यादा दिनों तक टिकने वाला नहीं है।

नाबालिगों से भी करवा रहे काम

हैरानी वाली बात यह भी है कि निर्माण एजेंसी के द्वारा नाबालिगों को भी काम पर लगा दिया गया है। 15 से 16 साल की बच्चे यहां काम कर रहे हैं। जिन्हें कितनी सामग्री डालनी चाहिए इसकी भी जानकारी नहीं है। नाबालिगों को इस तरह काम में झोंक कर उनका शोषण भी किया जा रहा है। उन्हें कितनी रोजी मजदूरी दी जाएगी यह भी स्पष्ट नहीं है। खैरागढ़ क्षेत्र से आए नाबालिग यहां काम कर रहे हैं।

छत्तीसगढ़ राज्य चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष बने विनोद

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेश अध्यक्ष चुनाव में संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने शानदार जीत हासिल की। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए हुए त्रिकोणीय मुकाबला में विनोद चंद्राकर को सर्वाधिक वोट मिले। जीत के बाद संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि समाज के विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। आज आठ मई रविवार को रायपुर के केंद्रीय कार्यालय डंगनिया में चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ राज्य का चुनाव हुआ। प्रदेशाध्यक्ष पद के लिए संसदीय सचिव विनोद सेवनलाल चंद्राकर, वतन चंद्राकर और दिनेश चंद्राकर मैदान में उतरे थे। दोपहर एक बजे से डेढ बजे तक नाम निर्देशन, दोपहर डेढ़ बजे से पौने दो बजे तक स्क्रूटनी, दोपहर पौने दो बजे से पौने तीन बजे तक नाम वापसी, पौने तीन बजे से चार बजे तक मतदान होगा। चार बजे के बाद मतगणना प्रारंभ हुई। प्रदेशाध्यक्ष पद के चुनाव में विनोद चंद्राकर को सर्वाधिक मत मिले। इसी तरह उपाध्यक्ष पद के लिए तारेंद्र चंद्राकर, महासचिव पद के लिए हिम्मत चंद्राकर, कोषाध्यक्ष पद के लिए सतीश चंद्रवंशी, संगठन मंत्री पद के लिए नरेश चंद्राकर व उपाध्यक्ष महिला सविता चंद्राकर निर्वाचित हुए।

चंद्राकर ने जताया आभार : छग राज्य चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज के प्रदेशाध्यक्ष बनने पर विनोद सेवनलाल चंद्राकर को समाज के लोगों ने बधाई दी है। श्री चंद्राकर लंबे समय से समाज के महत्वपूर्ण पदों पर रहते हुए समाज हित में काम करते रहे हैं। 2008 से 2010 चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय युवा समाज के अध्यक्ष रहे। 2012 से 2018 तक ट्रस्ट कमेटी रायपुर राज के अध्यक्ष की कमान संभाली। बाद इसके 2018 से अभी तक प्रदेश के महामंत्री रहे हैं। समाज के प्रति उनकी कर्तव्यनिष्ठा को देखते हुए इस बार उन्हें समाज के प्रदेशाध्यक्ष के पद की कमान सौंपी गई है। इधर प्रदेशाध्यक्ष बनने के बाद संसदीय सचिव श्री चंद्राकर ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है उस पर वे खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। समाज को संगठित करने के साथ ही विकास के लिए हरसंभव प्रयास किया जाएगा। उन्होंने चुनाव में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष सहयोग के लिए आभार जताया है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट वार्डवासियों के लिए बनी वरदान

दुर्ग/नवप्रदेश। नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत श्रमिकों को उनकी ही बस्ती में उनके द्वार के नजदीक सारी चिकित्सकीय सुविधाएं मिले। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल एवं महापौर धीरज बाकलीवाल के मंशानुरुप आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर प्रतिदिन 4 वार्डों में लोगों को इस योजना का लाभ दिलाने वार्डों में मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य शिविर लगवा रहे हैं। नगर निगम का स्वास्थ्य विभाग मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत मोबाइल मेडिकल यूनिट श्रमिक बस्तियों में जाकर अपनी चिकित्सकीय सेवा लगातार दे रही है। इस क्रम में रविवार सुबह आयुक्त हरेश मंडावी वार्ड 39 कचहरी वार्ड गांधी नगर डिपरा पारा के शिविर में पहुंचकर हितग्राही से बात की, सबने सुविधा को सराहा। हितग्राहियों ने कहा मोबाइल मेडिकल यूनिट में जांच व इलाज की सेवाएं हो बेहतर हो रही है। इसमें सभी वर्ग व उम्र के लोग अपनी बस्ती में अपने घर के समीप लगे शिविर में आकर निःशुल्क जांच कराकर दवाइयां ले रहे हैं।

नर्सिंग होम संचालक से 14 लाख की ऑनलाइन ठगी, बंगाल व यूपी के 4 आरोपी गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नर्सिंग होम संचालक से 14 लाख रुपए की ऑनलाइन ठगी करने वाले 4 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों को राजनांदगांव पुलिस पश्चिम बंगाल से 3 और एक आरोपी को यूपी से गिरफ्तार किया है। इनके कब्जे से 88 हजार रुपए नकदी व 5 मोबाइल फोन भी बरामद किया है। जानकारी के मुताबिक, डॉ. मोहन पारख शहर में नर्सिंग होम का संचालन करते हैं। 2 मार्च 2022 की शाम 7 बजे बैंक ऑफ इंडिया के खाता से अज्ञात व्यक्ति द्वारा आरटीजीएस करके 10 लाख तथा 4 लाख समेत कुल 14 लाख ऑनलाइन धोखाधड़ी की गई थी। रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। जांच के दौरान खाते का डिटेल बैंक से प्राप्त किया एवं मोबाईल धारक का पतासाजी साबयर सेल के माध्यम से किया गया। विवेचना के दौरान आईसीआईसीआई बैंक के खाता के धारक संजय राजभर को हिरासत में लेकर पूछताछ किया जो निशांत पासी तथा रोहित शाह उर्फ निगम के साथ मिलकर एक राय होकर धोखाधड़ी कर ऑनलाईन ट्रांजेक्शन करना बताया। आरोपी राजय राजभर पिता कार्तिक राजगर 25 साल साकिन नतुनपारा खुडींगाली 2 नंबर भट्ठा थाना भ्रदेश्वर जिला हुगली पश्चिम बंगाल के पेश करने पर खाता का चेक बक एवं रजिस्टर्ड मोबाईल एवं सीम को समक्ष गवाहान जब्त किया गया। आरोपी के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने से 25 अप्रैल को गिरफ्तार कर अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट चंदन नगर हुगली से ट्रांजिट रिमांड प्राप्त किया गया था। 28 को न्यायालय में आरोपी को पेश कर 13 तई तक पुलिस रिमांड पर लिया गया।

इस तरह की धोखाधड़ी

जांच के दौरान मुखबीर सूचना के आधार पर अन्य आरोपी हरिओम, शुभम, निशांत एवं निगम को रेल्वे स्टेशन राजनांदगांव के पास से घेराबंदी कर हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर सभी ने एक अन्य आरोपी (भैय्या) से वाट्सअप काल एवं चेटिंग के जरिए उसके साथ मिलकर फ्रॉड ट्रांजेक्शन करना तथा खाता खोलकर एटीएम के जरिए पैसे का आहरण करना तथा पैसे को एक अन्य आरोपी (भैय्या) को देना बताया। इसके बदले इन आरोपियों को कमीशन के तौर 40 हजार, 5 हजार, 23 हजार व 20 हजार समेत कुल 88 हजार रुपए मिलना बताया। जिसे इन आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया। इस कार्रवाई में बसंतपुर थाना प्रभारी राजेश साहू, उनि भोला सिंह राजपूत, सउनि प्रकाश सोनी, प्रधान आरक्षक आशीष वर्मा, आरक्षक विभाष सिंह, प्रवीण मेश्राम एवं सायबर सेल के स्टॉफ की सराहनीय भूमिका रही।

वृद्धाश्रम में मनाया मातृ दिवस

दुर्ग/नवप्रदेश। सेन समाज युवा प्रकोष्ठ ने निराश्रित व असहाय माताओं के बीच मातृ दिवस मनाया। युवाओं ने इस दौरान पुलगांव स्थित वृद्धाश्रम में रह रही माताओं को साड़ियां भेंट की एवं मिठाई खिलाकर उनका आशीर्वाद भी लिया। वृद्धजनों ने स्नेह एवं भेंट के लिये सेन समाज के सदस्यों का आभार प्रकट किया। आयोजन में चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) मनीष श्रीवास, उपाध्यक्ष प्रांजल भारद्वाज, प्रखर भारद्वाज, युवा भाजपा नेता लवकुश देशमुख एवं सेन समाज युवा प्रकोष्ठ के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

दया और करूणा वर्ष का हुआ शुभारंभ

खरोरा/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा तिल्दा मार्ग स्थित शान्ति सरोवर में रविवार को सुबह 9 बजे दया और करूणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण वर्ष का शुभारम्भ समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक देवजी भाई पटेल थे। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश संयोजक बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान अंजय शुक्ला, प्रदेश प्रभारी नशा मुक्ति अभियान वेदराम मनहरे व नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी थे। आयोजन ब्रह्माकुमारी संस्थान और भारत सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में वर्ष भर चलाए जाने वाले कार्यक्रम आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर प्रोजेक्ट के अंतर्गत किया जाएगा।

दुलदुला को तेंदूपत्ता फड़ की सौगात, लंबे समय से हो रही थी मांग

कवर्धा/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विधायक व वन मंत्री मोहम्मद अकबर के प्रयास से वर्षों से क्षेत्र की जनता द्वारा मांग की जा रही तेंदूपत्ता फड़ की सौगात क्षेत्रवासियों को मिली है। कवर्धा वन मंडल के चिल्फी रेंज के ग्राम पंचायत बेंदा के आश्रित ग्राम दुलदुला में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष सुमरन सिंह धुर्वे, विधायक प्रतिनिधि निक्की खान, अनिरुद्ध पनरिया, केपी चौधरी की उपस्थिति में ग्राम दुलदुला में तेंदूपत्ता फड़ का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष संजय लिखाते मीडिया प्रभारी व एल्डरमैन नगर पंचायत बोड़ला दीपक मागरे, प्रकाश अग्रवाल, छेदू दास समेत अन्य उपस्थित थे। विगत 15 सालों से चिल्पी के आसपास के 10 से अधिक गांव के ग्रामीण तेंदूपत्ता फड़ की मांग कर रहे थे, लेकिन किसी ने अब तक ध्यान नहीं दिया। जब इसकी जानकारी वन मंत्री अकबर को हुई तो उन्होंने इसके लिए प्रयास शुरू किया और आज गांव में फड़ खुल गया। दुलदुला में फड़ खुलने से 7 गांव जिनमें चिल्फी, सरोधा दादर भोथी, बेंदा, दुलदुला, अक्लघरिया तुरैया बहरा के 200 परिवारों को लाभ मिलेगा।

14 मई को मिर्गी के मरीजों का होगा नि:शुल्क इलाज

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा निशुल्क मिर्गी उपचार चिकित्सा शिविर का आयोजन 14 मई को सिद्ध बाबा में किया जा रहा है जिसमें आयुर्वेदिक व फकीरी पद्धति से मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। शाखा के प्रचार मंत्री संजय तिवारी ने बताया कि मरीज अपने एक सहायक के साथ 14 मई की शाम तक शिविर स्थल पहुंच जाएं उनके खाने व रहने की व्यवस्था भी निशुल्क है उन्हें अपने साथ बिछावना व ओढ़ने हेतु चादर अपने साथ लाना होगा। मरीजों को दवा 14 मई की मध्य रात्रि से सूर्योदय पूर्व तक ही दी जाएगी तथा साथ में एक माह की दवा भी निशुल्क दी जाएगी। मरीज अपना रजिस्ट्रेशन तत्काल करवा लें या शिविर स्थल पर पहुंच कर भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अत्यधिक गंभीर मरीजों को 3 माह पश्चात दूसरी खुराक लेना अनिवार्य होगा। फरवरी 2020 के शिविर में 711 मरीजों ने दवा का सेवन किया था जिन्होंने नियमों का पूरा पालन किया वह पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

जमीनी स्तर पर दिख ...

कार्य कर रहे हैं, जो अधिकारी-कर्मचारी कार्य के प्रति लापरवाह हैं, उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई भी की जा रही है। मुख्यमंत्री हर विधानसभा क्षेत्र के दौरे के बाद दूसरे दिन आमजनों से मिले प्रतिक्रिया उपरांत लगातार जिले के अधिकारियों के साथ क्षेत्र में योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा कर रहे हैं। बैठक में मुख्यमंत्री ने राजस्व विभाग, शिक्षा, वन और स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की मुख्य रूप से समीक्षा की। मुख्यमंत्री को गत दिवस बिहारपुर में छात्रों द्वारा पढ़ाई से जुड़ी अनियमितता के बारे में बताया गया था। मुख्यमंत्री ने इस पर तत्काल जिला शिक्षा अधिकारी को वहां के शिक्षकों का तबादला करने और नए शिक्षक भेजने को कहा। साथ ही आदेश की अवमानना करने पर निलंबित करने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजस्व अधिकारियों से कहा कि जमीन से जुड़ी और कब्जे की शिकायत मिल रही है। राजस्व अधिकारी इसे गंभीरता से लें।

जो होना चाहिए ...

माध्यम से जल संरक्षण तथा भूजल स्तर को बढ़ाने पर जोर देने को कहा। उन्होंने कहा कि रेन वाटर हार्वेस्टिंग की व्यवस्था भी हो। जल प्रबंधन के लिए जिला प्रशासन विस्तृत कार्ययोजना तैयार करे। मुख्यमंत्री ने आवर्ती चराई के अन्तर्गत आने वाले गौठानों को समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।

ब्रेन ट्यूमर का हो ...

तम्बेश्वरनगर की रहने वाली रीना विश्वास ने मुख्यमंत्री से मिलकर अपने बेटे के ब्रेन ट्यूमर के इलाज के लिए मदद मांगी थी। मुख्यमंत्री को बताया कि बेटे के इलाज के पर बड़ी राशि खर्च हो चुकी है, बेटे के आगे का इलाज कराना उनके लिए सम्भव नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने उनकी व्यथा सुनकर संवेदनशीलता के साथ तत्काल उन्हें स्वेच्छानुदान मद से 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की थी।

देशद्रोह कानून में बदलाव...

मामला दर्ज नहीं कर सकती।

महाराष्ट्र में अब मनसे ...

का नारा शिवसेना, मनसे और भाजपा तीनों लगाते आए हैं। कांग्रेस और एनसीपी इस होड़ में सीधे नजर नहीं आती, लेकर अछूता कोई भी नहीं है।

तजिंदर पाल बग्गा को ...

की साइबर क्राइम ब्रांच से तजिंदर पाल सिंह बग्गा को गिरफ्तार कर कोर्ट के सामने पेश करने के लिए कहा था...खबर है कि शनिवार रात पंजाब और हरियाणा एचसी के जस्टिस अनूप चितकारा ने बग्गा की याचिका पर सुनवाई की और तजिंदर बग्गा के खिलाफ कोई कठोर कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया... बग्गा ने हाईकोर्ट से उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट को रद्द करने की मांग की थी... उधर दिल्ली में बीजेपी नेताओं के बग्गा से मिलने का सिलसिला लगातार जारी है... बेटे को गिरफ्तारी से राहत मिलने पर पिता प्रीतपाल सिंह बग्गा ने कहा कि मुझे खुशी है कि तजिंदर को पंजाब हाईकोर्ट से राहत मिली है... प्रीतपाल सिंह बग्गा ने कहा कि ये लड़ाई लंबी चलेगी... दरअसल, कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट ने गिरफ्तारी वारंट जारी किया और पंजाब पुलिस की साइबर क्राइम ब्रांच से बग्गा को गिरफ्तार करने और कोर्ट में पेश करने का आदेश दिया है... बग्गा के खिलाफधारा 153,, 505 और 506 के तहत केस दर्ज किया था... इसी मामले में कोर्ट ने वारंट जारी किया है... ऐसे में बग्गा पर गिरफ्तारी की तलवार फिर से लटकने लगी जिसके खिलाफउन्होंने अपील की थी।

वैदिक मंत्रोच्चार के साथ ...

भगवान बद्री विशाल के दर्शन व पूजा अर्चना बद्रीनाथ मंदिर में कर सकेंगे।

सेना के बैंड की भक्तिमय धुनों एवं जय बद्री विशाल के जयकारों के साथ देश-विदेश से आये 15 हजार से अधिक श्रद्धालु इस बार, कपाट खुलने के साक्षी बने।

श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर में प्रातः चार बजे से कपाट खुलने की प्रक्रिया शुरू हुई। रावल ईश्वर प्रसाद नंबूदरी सहित धर्माधिकारी भुवन चंद्र उनियाल तथा वेदपाठी, आचार्यजनों द्वारा मंदिर परिसर के मुख्य द्वार पर पूजा अर्चना शुरू की। तपश्चात मंदिर के सभामंडप में प्रवेश किया। ठीक प्रातः छह बजकर 15 मिनट पर श्री बदरीविशाल की जय के उदघोषों? के साथ धाम के द्वार खोल दिये गये। कपाट खुलते ही माता लक्ष्मी जी को उनके मंदिर में विराजमान किया गया। गाडू घड़ा तेल कलश को गर्भगृह में पहुंचाया गया। श्री उद्धव जी एवं कुबेर जी गर्भगृह के अंदर बदरीश पंचायत में विराजमान हो गये।

इससे पूर्व कल शनिवार शाम को योग बदरी पांडुकेश्वर से रावल जी सहित आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी, श्री उद्धव जी, श्री कुबेर जी श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गये थे। कुबेर जी ने रात्रि को बामणी गांव में प्रवास किया। वह आज सुबह श्री बदरीनाथ मंदिर परिसर पहुंचे। कपाट खुलने पर रावल जी ने मंदिर गर्भगृह में प्रवेशकर भगवान बदरीविशाल का आव्हान कर, घृत कंबल को प्राप्त किया तथा प्रसाद स्वरूप वितरित किया। श्री बदरीविशाल के निर्वाण दर्शन हुए। इसके बाद, भगवान का अभिषेक कर, श्रृंगार रूप के दर्शन शुरू हुये। कपाट खुलने के समय पूरे बदरीनाथ धाम में गढ़वाल स्काट के बैंडों की स्वर लहरियां गुंजायमान होती रही। बामणी- पांडुकेश्वर, माणा महिला मंगल द्वारा पारंपरिक नृत्य एवं मांगल गान गाया तथा संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने स्वास्ति वाचन किया।

भीषण चक्रवाती ...

400 किमी पश्चिम में है। रविवार को सुबह 8 बजे के आसपास यह चक्रवात विशाखापट्टनम से 940 किमी और पुरी से 1000 किमी की दूरी पर था।

आंध्र प्रदेश के अमरावती मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक असानी चक्रवात 10 मई की शाम तक उत्तर-पश्चिम की ओर ही बढ़ता रहेगा और इसके बाद बंगाल की खाड़ी से जुड़े आंध्र प्रदेश और ओडिशा के तट पर पहुंचेगा। यह भी बताया गया कि अभी इस तूफान के ओडिशा या आंध्र प्रदेश में लैंडफॉल करने के आसार नहीं हैं बल्कि ये तट के समानांतर चलेगा।

अंडमान-निकोबार में भारी बारिश

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह में बारिश शुरू हो गई है। यहां 75 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चल रही हैं। मौसम विभाग का कहना है कि बारिश और हवा की गति और तेज हो सकती है। इसी तरह ओडिशा और आंध्र प्रदेश के उत्तरी तट पर भी भारी वर्षा और तेज गति से हवाएं चलनी की आशंका है।

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. अ/74 वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक गुरूचरण सिंह पिता स्व. प्रीतम सिंह निवासी प्रियदर्शनी परिसर भिलाई तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कोसा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 24/1/116 रकबा 0.0200 हे. भूमि जो कि आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति, बैंकों द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोर्ट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 2/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 2/5/2022
सुनवाई दिनांक 18/5/2022
सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. अ-6 वर्ष 2021-22
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता आवेदक विंध्याचल मिश्रा पिता स्व. राजाराम मिश्रा निवासी सुभाष नगर दुर्ग तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 768/324 रकबा 0.022 हे. भूमि जो कि आवेदक शामिलात/सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार/वसीयतकर्ता राजाराम मिश्रा के द्वारा आवेदक के पक्ष में दिनांक 29/11/07 को पंजीकृत/ अपंजीकृत/ वसीयतनामा निष्पादित किया गया है। वसीयतकर्ता की मृत्यु हो जाने पर पंजीकृत/अपंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर आवेदक का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।
अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 18/5/22 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 2/5/22 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायलय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।
जारी दिनांक 2/5/2022
सुनवाई दिनांक 18/5/2022
सील
तहसीलदार
दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई 3 के न्यायालय में मामला क्रमांक 202203101600053
विषय-अ-6 मामले की श्रेणी- राजस्व सन् 2021-22
भिलाई प.ह.नं. 00001 (हे.)
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार - श्रीमती सीमा मुखर्जी एवं अन्य 2
अनावेदक पक्षकार - राजस्व विभाग
ईश्तहार
एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती सीमा मुखर्जी पति स्व. विजय कुमार मुखर्जी एवं अन्य 2, निवासी एरिज-21 चौहान ग्रीन वेली खम्हरिया भिलाई नेहरू नगर तह. व जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम भिलाई03 प.ह.नं. 01 रा.नि.मं. भिलाई 03, तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि खसारा नं. 369/356 रकबा 0.220 भूमि के भूस्वामी आवेदिका के पति विजय मुखर्जी की मृत्यु दिनांक 03.09.2022 को हो जाने पश्चात उक्त वाद भूमि में फौत दर्ज कर विधिक वारिसान के रूप में आवेदिका का नाम दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है।
उक्त संबध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को उजर आपत्ति हो तो नियत दिनांक 17/05/2022 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से उपस्थित होकर लिखित रूप से अपनी आपत्ति स्वीकार कर सकते हैं। उक्त समयावधि पश्चात आपकी आपत्ति स्वीकार नहीं की जावेंगी।
यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से आज दिनांक 29/04/2022 को जारी किया जाता हैं।
सील
अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई 03

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 47/2022-23
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-2
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू-2 स्थित मकान/ भूमि एचडीडी-28 फेस 1 कबीर नगर जो कि निगम अभिलेख में श्री हरेराम यादव पिता रामानंद यादव के नाम से दर्ज है, जिसको श्रीमती शैली कंसल पति नीरज कुमार कंसल ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)
जोन आयुक्त, कार्यालय जोन क्रमांक-8 मोहबा बाजार रायपुर
ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना
नामांतरण प्र.क्र. 46/2022-23
वार्ड का नाम- पं. जवाहरलाल नेहरू-2
एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. जवाहरलाल नेहरू-2 स्थित मकान/ भूमि MIG-(S)153 फेस 2 जो कि निगम अभिलेख में श्री देवेन्द्र प्रकाश s/o राम नारायण के नाम से दर्ज है, जिसको कु. पिंकी जोशी s/o देवेन्द्र प्रकाश ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा/ वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।
जोन आयुक्त
जोन क्रमांक- 8
नगर पालिक निगम, रायपुर

आम सूचना
ग्राम कुथरेल, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. अण्डा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) में स्थित भूमि के संबंध में।
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार क्रेता अनिल पाण्डेय आ. श्री शिवनारायण पाण्डेय सुभाष नगर, दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.) ने विक्रेता संदीप कुमार अग्रवाल आ. श्री अनिल कुमार अग्रवाल निवासी मुंबई (महाराष्ट्र) से ग्राम कुथरेल, प.ह.नं. 37, रा.नि.मं. अण्डा, तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.) वाली के स्वामित्व व आधिपत्य की भूमि जिसका खसरा नं 28, 29, 553, रकबा क्रमशः 1.93, 0.95, 196 हे. कुल रकबा 4.84 हे. लगभग 12 एकड़ भूमि है को क्रय करने का पक्का सौदा कर लिया है।
अतः उक्त भूमि के सौदे/विक्रय के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, व्यक्तियों, बैंक, संस्था, शासकीय एवं अर्धशासकीय विभाग को किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो अपनी लिखित उजर दावा या आपत्ति मय सुसंगत दस्तावेज के इस सूचना प्रकाशन के 15 दिनों के भीतर मेरे समक्ष प्रस्तुत करें। बाद म्याद मेरे पक्षकार द्वारा उपरोक्त संपत्ति का पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा एवं तत्पश्चात प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा मेरे पक्षकार पर बंधनकारी भी नहीं रहेगा।
सो सूचना जाने।
दिनांक 07/05/2022
स्थान - दुर्ग
विलासदास मानिकपुरी
अधिवक्ता
जिला न्यायालय, दुर्ग (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

शाहिद कपूर ने क्रिकेट खेलते हुए दी जबरदस्त परफॉर्मेंस

बॉलीवुड में क्रिकेट के ऊपर कई फिल्में बन चुकी हैं। क्रिकेट को लेकर रोमांच हमेशा ही लोगों के अंदर बना रहता है। इस बार शाहिद कपूर फिल्म 'जर्सी' के साथ पर्दे पर सेंचुरी मारने के लिए तैयार हैं। 'जर्सी' सिनेमाघरों में 22 अप्रैल को रिलीज होने जा रही है। 'कबीर सिंह' के बाद शाहिद की इस फिल्म का लोगों को बेसब्री से इंतजार है। अगर आप भी फिल्म देखने का मन बना रहे हैं तो पहले रिव्यू पढ़ लें।

फिल्म 'जर्सी' एक ऐसे लड़के की कहानी दिखाती है, जो अपने करियर के बीच में ही क्रिकेट खेलना छोड़ देता है। फिर 36 साल की उम्र में कई मुश्किलों के साथ कमबैक करता है। तो चलिए इसकी पूरी कहानी आपको बताते हैं।

क्या है 'जर्सी' की कहानी

'सौ में से कोई एक ऐसा होता है, जिसे कामयाबी मिलती है, लेकिन अर्जुन की कहानी उन 99 लोगों की है जो नाकामयाब होकर भी कभी कामयाबी की उम्मीद नहीं छोड़ते हैं।' इस लाइन में अर्जुन तलवार का पूरा परिचय दिया जाता है। फिल्म की कहानी क्रिकेटर अर्जुन तलवार की जिंदगी के ईर्द-गिर्द घूमती है। वो एक ऐसा पति है, जो अपनी पत्नी विद्या तलवार की नजरों में नकारा बन चुका है। एक पिता है, जो बेटे किट्टू की नजरों में हमेशा हीरो बने रहना चाहता है। अर्जुन पूर्व रणजी क्रिकेट खिलाड़ी हुआ करता था, जिसने अपने करियर के शीर्ष पर खेलना छोड़कर सरकारी नौकरी करनी शुरू कर दी थी। लेकिन झूठे केस में फंसकर उसके हाथ से सरकारी नौकरी भी चली जाती है। अब अर्जुन घर पर हारकर बैठ जाता है, जिसकी जिंदगी का कोई खास मकसद नहीं है। उसकी जिंदगी में मोड़ तब आता है, जब उसका बेटा 500 रुपये की जर्सी बर्थडे पर मांग लेता है। अर्जुन कई कोशिशों के बाद भी जर्सी के लिए पैसे नहीं जुटा पाता और अपनी ही नजरों में गिर जाता है। अपने बेटे की नजरों में इज्जत बनाए रखने के लिए अर्जुन 36 साल की उम्र में कमबैक करने की ठान लेता है। इसमें उसका फुल सपोर्ट करते हैं कोच अब अर्जुन इस कोशिश में कितना कामयाब होता है? उसने 10 साल पहले क्रिकेट खेलना क्यों छोड़ दिया? इन सभी सवालों के जवाब आपको फिल्म देखने के बाद मिलेंगे।

किरदारों की अदाकारी

फिल्म 'जर्सी' में शाहिद कपूर अपने रोल में खूब जमे हैं। क्रिकेटर के रोल में शाहिद ने हताशा, गुस्सा, दुख, खुशी हर इमोशन्स को बखूबी निभाया है। लेकिन कुछ सीन्स में उनके कबीर सिंह वाले लुक की याद आ जाती है। वहीं विद्या के किरदार में मृणाल ठाकुर ने अच्छा काम किया है। उनके किरदार को भी काफी अच्छे से लिखा गया है। रोनित कामरा ने भी अपने रोल में अच्छी एक्टिंग की है। बाप-बेटे के बीच की केमेस्ट्री और पर्दे पर अच्छी लगेगी। कोच के किरदार में पंकज कपूर काफी सहज लगे हैं। उन्होंने न सिर्फकोच का रोल निभाया बल्कि पिता के रूप में भी दिखे। शाहिद और पंकज कपूर के कई सीन्स बेहद बेहतरीन है।

निर्देशन

गौतम तिन्ननुरी ने ही नानी-स्टारर जर्सी (तेलुगु) बनाई थी और अब रिमेक फिल्म का जिम्मा भी उन्होंने अपने कंधे पर उठाया। निर्देशक ने कहानी को बखूबी पर्दे पर उतारा है। उन्होंने क्रिकेट के रोमांच के साथ इमोशन्स को अच्छे से दिखाया है। गौतम ने हार-जीत के अलावा रिश्तों का ताना-बाना भी अच्छे से बुना है। उन्होंने पति-पत्नी, बाप-बेटे और खिलाड़ी-कोच के रिश्ते को फिल्म में दिखाया है।

रह गई कुछ कमियां

निर्देशक गौतम ने फिल्म की कहानी को अच्छे से दिखाया है लेकिन भावनात्मक स्तर पर ये उतना कनेक्ट नहीं कर पाती है। 174 मिनट की फिल्म शुरुआत में धीमी रफ्तार में रहती है। कुल मिलाकर फिल्म फर्स्ट हाफमें काफी स्लो चलती है। ये सेकेंड हाफ में स्पीड में आती है।

'मदर्स डे' पर कैटरीना कैफ के पोस्ट ने जीता फैन्स का दिल

नई दिल्ली। आज मदर्स डे का स्पेशल दिन है और आज के इस खास मौके पर बॉलीवुड सेलेब्स अपनी-अपनी मां के साथ खूबसूरत तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर रहे हैं. इसी क्रम में बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ ने भी अपनी मां के साथ एक प्यारी सी तस्वीर शेयर की है. कैटरीना कैफ का अपनी मां के लिए इस पोस्ट को लोग खूब पसंद कर रहे हैं और इस पर ढेरों प्यार लुटा रहे हैं. कैटरीना कैफने थोड़ी देर पहले मदर्स डे पर स्पेशल पोस्ट शेयर कर अपनी दोनों माओं को इसकी बधाई दी है.

कैटरीना कैफ ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर दो तस्वीरें शेयर की हैं. पहली तस्वीर में जहां वे अपनी मां के साथ दिखाई दे रही हैं, जबकि दूसरी फोटो में वे विक्की कौशल और उनकी मां यानी अपनी सास के साथ नजर आ रही हैं. पहली तस्वीर में अपनी मां के साथ कैटरीना का वेस्टर्न तो वहीं दूसरी फोटो में सास के साथ एक्ट्रेस का इंडियन अवतार देखने को मिल रहा है. इन तस्वीरों को शेयर करते हुए एक्ट्रेस ने कैप्शन दिया है. कैटरीना के पोस्ट को फैन्स के साथ-साथ सेलेब्स भी लाइक कर रहे हैं।

कैटरीना कैफके इस पोस्ट को कुछ ही समय में 8 लाख से भी ज्यादा लाइक्स आ गए हैं. एक यूजर ने पोस्ट पर कमेंट करते हुए लिखा है, बहू हो तो ऐसी. वहीं अमिताभ बच्चन की बेटी श्वेता बच्चन का भी कमेंट कैटरीना के पोस्ट पर आया है. बात करें वर्क फ्रंट की तो जल्द ही एक्ट्रेस को सलमान खान के साथ टाइगर 3 में देखा जाएगा।

सोशल मीडिया पर 'किंग' बनकर बिखेरा जादू, अब खतरों से खेलेंगे फैसल शेख

नई दिल्ली। टीवी के सबसे हिट और पॉपुलर रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 का जल्द ही आगाज होने वाला है. खतरों के खिलाड़ी का नया सीजन पहले से भी ज्यादा ग्रैंड और एडवेंचरस होना तय माना जा रहा है. शो के लिए कई पॉपुलर टीवी स्टार्स को फाइनल कर लिया गया है. इन्हीं में से एक नाम सोशल मीडिया पर अपने वीडियो से धमाल मचाने वाले फैसल शेख उर्फमिस्टर फैसू का भी है. जी हां, फैंस के फेवरेट फैसल शेख अब रोहित शेट्टी के शो में मुश्किल स्टंट करते हुए नजर आएंगे.

खतरों से खेलते दिखेंगे फैसल शेख

फैसल शेख उर्फमिस्टर फैसू की हर रील वीडियो इंस्टाग्राम पर वायरल रहती है. हर एक रील पर मिलियन में व्यूज आते हैं. फैसू की चार्मिंग पर्सनैलिटी और हैंडसम लुक्स पर फैंस फिदा रहते हैं. सोशल मीडिया का ये चमकता सितारा अब रोहित शेट्टी के शो में टीवी के दिग्गज कलाकारों के साथ मुश्किल और खतरनाक स्टंट करते हुए नजर आएगा.

शो के बारे में बात करते हुए मिस्टर फैसू ने कहा- एक सोशल मीडिया सुपरस्टार से अब खतरों के खिलाड़ी का हिस्सा बनना, ये फीलिंग अपने आप में बहुत बड़ी है. वहीं, रोहित शेट्टी संग स्क्रीन शेयर करने और उनकी मेंटरशिप में स्टंट परफॉर्म करने को लेकर फैसू काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं. फैसू ने कहा- मैं एक्शन, थ्रिल और एडवेंचर के लिए रेडी हूं.

खतरों के खिलाड़ी 12 को लेकर जबरदस्त बज बना हुआ है. शो में फैसू के अलावा शिवांगी जोशी, रुबीना दिलैक, राजीव अदातिया, चेतना पांडे, तुषार कालिया का नाम कंफर्म बताया जा रहा है. अब देखने वाली बात होगी कि ये मचअवेटेड शो कब ऑन एयर होता है और शो में कौन-कौन से सेलेब्स अपने अंदाज से फैंस के दिलों को जीतते हैं।

'प्यार के लिए दरवाजे बंद नहीं किए लेकिन खुले भी नहीं हैं' : सुचित्रा कृष्णमूर्ति

शाहरुख खान के साथ फिल्म 'कभी हां कभी ना' में नजर आईं सुचित्रा कृष्णमूर्ति अपनी निजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रही हैं। फिल्म में सुचित्रा के किरदार को खूब प्यार मिला था। डायरेक्टर शेखर कपूर से शादी करने के बाद सुचित्रा फिल्म इंडस्ट्री से एकदम गायब हो गईं। हालांकि साल 2007 में दोनों का तलाक हो गया। अब सुचित्रा अपनी बेटी की सिंगल मदर हैं और अकेले ही उसकी परवरिश कर रही हैं। हाल ही में एक बातचीत के दौरान सुचित्रा ने अपने और अपनी निजी जिंदगी के बारे में खुलकर बातचीत की।

बातचीत में सुचित्रा ने करियर के साथ-साथ पर्सनल लाइफ को लेकर भी बात की। अपने करियर पर सुचित्रा ने कहा, 'मैं स्कूल और कॉलेज के दिनों में काफी थिएटर करती थी। यहां तक कि टीवी सीरीज 'चुनौती' के लिए मुझे इसीलिए चुना गया क्योंकि मैं थिएटर में ऐक्टव थी लेकिन यह सब शादी के पहले की बात है। शादी के बाद मैंने एक्टिंग छोड़ दी और अब थिएटर कर रही हूं।

तेजस्वी प्रकाश को नहीं पसंद करण कुंद्रा की ये आदत कंगना रनौत के सामने लॉक अप में खोला राज

टीवी के रिएलिटी शो बिग बॉस के घर में बनी करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश की जोड़ी, बाहर आने के बाद भी सलामत है और दोनों के बीच का प्यार बढ़ता ही जा रहा है। फैन्स को भी तेजस्वी और करण की जोड़ी खूब पसंद है और प्यार से इसे तेजरन कहा जाता है। करण और तेजस्वी जब भी साथ होते हैं तो उनके फोटोज और वीडियोज वायरल हो जाते हैं, वहीं बिग बॉस के बाद दोनों ने कंगना रनौत के शो 'लॉक अप' में अपना जलवा बिखेरा। लॉक अप का फिनाले हो चुका है और मुनव्वर फारूकी जनता के सामने सीजन वन के विजेता बनकर आए। शो की आखिरी रात काफी मस्ती भी हुई, जहां तेजस्वी ने करण की एक बुरी आदत का खुलासा किया।

तेजस्वी ने बताई करण की बुरी आदत

लॉक अप में कंगना रनौत ने करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश को स्टेज पर बुलाया और डांस करने के लिए कहा, जिस के बाद दोनों ने 'नागिन गिन' और 'इक हो गए हम और तुम'सॉन्ग पर डांस परफॉर्मेंस दिया। इसके बाद कंगना ने कपल को का टैग भी दिया और बाद में कहा, 'हमारे शो में ये कैदी जब आए तब आरोप लेकर आए थे, तो तेजरन... आप भी एक एक आरोप लगाएंगे एक दूसरे पर।' कंगना की बात सुनते ही तेजस्वी ने कहा- 'करण अपने मोबाइल से ही हमेशा चिपका रहता है और उन्हें ये बात बिलकुल भी पसंद नहीं है।'

करण ने जवाब से जीता दिल

तेजस्वी की बात सुनकर करण ने कहा, 'हां मैं ओबसेस्ड हूं फोन से.. लेकिन मैं फोन में तेजा को ही देखता हूं।' वहीं करण ने तेजा पर कोई भी आरोप नहीं लगाया और कंगना के लिए कहा, 'आप जितनी शानदार एक्ट्रेस हो, उतनी ही शानदार होस्ट भी।' इसके बाद तेजस्वी ने कहा, 'मैं कुछ और भी जोड़ना चाहूंगी कि करण से मुझे प्यार एक शो में हुआ... लेकिन ये शो में जेलर बनकर और प्यार हो गया है उससे।'करण और तेजा के डांस को भी फैन्स ने खूब एन्जॉय किया।

बता दें कि मुनव्वर के बारे में मेकर्स ने एक वीडियो भी रिलीज किया था जिसमें दिखाया गया था कि उन्होंने कितनी सफाई के साथ इस गेम को खेला है और मेकर्स ने उन्हें सीजन वन का मास्टर माइंड बताया।

क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में गिरावट जारी

नई दिल्ली। क्रिप्टोकरेंसी कीमतों में गिरावट लगातार जारी है। आज बिटक्कॉइन निवेशकों को तगड़ा झटका लगा है। बिटक्कॉइन की ताजा कीमतें 35,000 डॉलर के नीचे आ गई हैं। CoinGecko के अनुसार पिछले 24 घटों के दौरान क्रिप्टोमार्केट में 4.5% की गिरावट देखने को मिली। दुनिया की सबसे चर्चित क्रिप्टोकरेंसी बिटक्कॉइन की कीमतों पिछले 24 घटों के दौरान 3.8% की गिरावट देखने को मिली। ताजा अपडेट के अनुसार आज एक बिटक्कॉइन की कीमत 34,508.96 डॉलर थी।

रविवार यानी सबसे अधिक गिरावट Terra क्रिप्टोकरेंसी में देखने को मिली। पिछले 24 घटों के दौरान Terra की कीमतों में 13.5% की गिरावट देखने को मिली। आज एक Terra की कीमत 65.58 रुपये पर ट्रेड कर रही थी। वहीं, इथेरियम की कीमतों में आज 4.8% की गिरावट देखने को मिली। Dogecoin की कीमतों 1.2% और ShibaInu की

कीमतों 4.9% की गिरावट पिछले 24 घंटों के दौरान देखने को मिली।

शुक्रवार को बिटक्कॉइन की कीमतों 1% की गिरावट देखने को मिली थी। इस साल अबतक बिटक्कॉइन की कीमतों इस साल अबतक 20% की गिरावट देखने को मिली है। वैश्विक स्तर पर महंगाई और कोरोना के बढ़ते प्रभाव की बजह से कीमतों गिरावट जारी है। इस समय दुनिया भर के मार्केट में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है। जिसकी बजह से क्रिप्टो बाजार पर भी नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है।

दिवाला प्रक्रिया से बचने के लिए फ्यूचर ग्रुप बेचेगी इस कंपनी में हिस्सेदारी, 3,000 करोड़ जुटाने की है योजना

नई दिल्ली। कर्ज में डूबे फ्यूचर ग्रुप की कंपनी फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड लोन चुकाने के लिए बीमा कारोबार में अपनी हिस्सेदारी बेचकर करीब 3,000 करोड़ रुपये जुटाएगी। उद्योग सूत्रों ने बताया कि इससे कंपनी दिवाला प्रक्रिया में जाने से बच सकती है।

गुरुवार को फ्यूचर एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने अपने संयुक्त उपक्रम फ्यूचर जनरली इंडिया इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईआईसीएल) में जनरली को 25 फीसदी हिस्सेदारी की बिक्री की प्रक्रिया पूरी कर ली थी। यह सौदा 1,266.07 करोड़ रुपये में हुआ। इसके बाद भी एफजीआईआईसीएल में एफईएल की प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से 24.91 फीसदी हिस्सदारी बनी रहेगी।

क्या है कंपनी की योजना?

एक सूत्र ने कहा, ''अगले 30 से 40 दिन के भीतर वे साधारण बीमा

कारोबार में बाकी की 25 प्रतिशत हिस्सेदारी 1,250 करोड़ रुपये में अन्य कंपनी को बेचेंगे।'' इसके अलावा एफईएल की जीवन बीमा के संयुक्त उपक्रम फ्यूचर जनरली इंडिया लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड (एफजीआईएलआईसीएल) में 33.3 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की भी योजना है।

उन्होंने बताया, ''अलग-अलग सौदों में जीवन बीमा कारोबार में बाकी की 33 फीसदी हिस्सेदारी भी जनरली और एक अन्य भारतीय कंपनी को 400 करोड़ रुपये से कुछ अधिक राशि में बेची जाएगी।'' सूत्र ने बताया कि इसके साथ ही किशोर बियाणी के समूह की कंपनी बीमा कारोबार से पूरी तरह बाहर हो जाएगी।

अमर चित्र कथा से भी बेच दी हिस्सेदारी

सूत्रों ने बताया कि इन सौदों के जरिये एफईएल करीब 2,950 करोड़ रुपये जुटाएगी और इससे अपने कर्जदाताओं को भुगतान करेगी। सूत्र ने कहा, ''फ्यूचर ग्रुप की यह सारी कवायद इसलिए है ताकि विभिन्न कंपनियों का इतना कर्ज चुकाया जा सके कि वे नियमित हो सकें और दिवाला कार्यवाही का सामना करने से बच सकें। एफईएल 31 मार्च तक विभिन्न बैंकों के गठजोड़ और कर्जदाताओं को 2,911.51 करोड़ रुपये का भुगतान करने से चूक गई थी। पिछले शुक्रवार को फ्यूचर समूह की एक अन्य कंपनी फ्यूचर कंज्यूमर लिमिटेड ने अमर चित्र कथा प्राइवेट लिमिटेड में अपनी हिस्सेदारी 13.62 करोड़ रुपये में बेचने की घोषणा की थी।

रेपो रेट में वृद्धि को लेकर वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का बड़ा बयान

नई दिल्ली। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा है कि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा हाल में नीतिगत दरों में बढ़ोतरी का फैसला नहीं, बल्कि इस निर्णय का समय हैरान करने वाला है। इसके साथ ही उन्होंने भरोसा जताया है कि कोष की लागत बढ़ने से सरकार के नियोजित बुनियादी ढांचा निवेश पर असर नहीं पड़ेगा।

भारतीय रिजर्व बैंक ने गत चार मई को प्रमुख रेपो दर में 0.4 प्रतिशत की वृद्धि करते हुए इसे 4.40 प्रतिशत कर दिया। इसके अलावा नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) को भी 0.50 फीसदी बढ़ाकर 4.5 प्रतिशत किया गया है। रिजर्व बैंक ने नीतिगत दरों में वृद्धि के लिए यूक्रेन युद्ध के बाद मुद्रास्फीति के बढ़े हुए दबाव और कच्चे तेल की कीमतों में हुई वृद्धि का हवाला दिया है।सीतारमण ने शनिवार शाम को यहां एक कार्यक्रम में दरों में वृद्धि के फैसले पर अपनी राय रखी। उन्होंने कहा, ''केंद्रीय बैंक की दर वृद्धि का समय एक आश्चर्य की तरह था, न कि दर वृद्धि। लोग सोच रहे थे कि यह काम किसी भी तरह किया जाना चाहिए था। आश्चर्य इसलिए हुआ कि यह फैसला मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की दो बैठकों के बीच में हुआ।''

उन्होंने कहा कि अप्रैल की शुरुआत में हुई पिछली एमपीसी बैठक में रिजर्व बैंक ने संकेत दिया था कि यह उनके लिए भी कदम उठाने का समय है। यह वृद्धि दुनियाभर के प्रमुख केंद्रीय बैंकों की तरफसे की जा रही दर वृद्धि का ही एक हिस्सा है। वित्त मंत्री ने कहा, ''एक तरह से यह तालमेल में उठाया गया कदम था। ऑस्ट्रेलिया ने ऐसा किया और अमेरिका ने भी उसी दिन दरों में वृद्धि की।

कोहली के गोल्डन डक पर आउट होने के बाद आया माइकल वॉन का ट्वीट, अब दे दी ये सलाह

नई दिल्ली। आरसीबी के पूर्व कप्तान विराट कोहली इस समय खराब फॉर्म से जूझ रहे हैं। इस सीजन खेले 12 मैचों में कोहली के बल्ले से मात्र 216 ही रन निकले है, वहीं इस दौरान वह 7 बार 10 गेंदों में ही पवेलियन लौटे हैं। कोहली इस सीजन दो बार रन आउट और तीन बार गोल्डन डक का भी शिकार हुए। आईपीएल 2022 के 54वें मुकाबले में कोहली एक बार फिर गोल्डन डक का शिकार बने। पारी की पहली गेंद पर जगदीश सुचित ने उन्हें फंसाया और पवेलियन का रास्ता दिखाया। कोहली के आउट होते ही इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और मौजूदा क्रिकेट एक्सपर्ट माइकल वॉन का ट्वीट आया। अपने ट्वीट पर वॉन ने कोहली का नाम लिए बिना उन्हें खास सलाह दे दी।

माइकल वॉन ने कोहली को लेकर ट्वीट करते हुए लिखा कभी कभी एक खिलाड़ी को ब्रेक की जरूरत होती है...जिस मात्रा में खिलाड़ी क्रिकेट खेल रहे हैं उसके लिए ब्रेक उतना ही अच्छा है।

विराट कोहली का यह आईपीएल 2022 में तीसरा और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लगातार दूसरा गोल्डन डक है। कोहली इससे पहले पिछले 14 सीजन में मात्र तीन ही बार गोल्डन डक पर आउट हुए थे। वहीं आरसीबी के लिए वह एक सीजन में तीन बार पहली गेंद पर आउट होने वाले पहले खिलाड़ी बने हैं।

विराट कोहली के आईपीएल गोल्डन डक की बात करें तो इस सीजन से पहले वह मात्र तीन बार ही पारी की पहली गेंद पर आउट हुए थे। आशीष नेहरा ने 2008 में उन्हें पहली बार गोल्डन डक पर आउट किया था। इसके बाद संदीप शर्मा ने 2014 और फिर नाथन कुल्टर नाइल ने 2017 में तीसरी बार उन्हें पारी की पहली गेंद पर आउट किया।

केन विलियमसन शुरुआत में कोहली को पेस नहीं देना चाहते थे, जिस वजह से उन्होंने बाएं हाथ के सुचित के हाथों में पहला ओवर थमाया। सुचित ने पहली ही गेंद पर कोहली का पांव पकड़ा और उन्होंने गेंद को फ्लिक करना चाहा। शॉर्ड मिड विकेट पर तैनात केन विलियमसन ने वहां आसान सा कैच पकड़ कोहली को पवेलियन का रास्ता दिखाया।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए आई एक और बुरी खबर, पृथ्वी शॉ हुए अस्पताल में भर्ती

नई दिल्ली। चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ मुकाबले से पहले दिल्ली कैपिटल्स के लिए बुरी खबर सामने आई है। टीम के स्टार सलामी बल्लेबाज पृथ्वी शॉ तेज बुखार के कारण अस्पताल में भर्ती है। पृथ्वी शॉ ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी के जरिए अपने बीमार होने की पुष्टि की है। पृथ्वी शॉ ने हॉस्पिटल के अंदर बेड पर लेटे हुए तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। शॉ ने फोटो शेयर करते हुए लिखा, ''अस्पताल में एडमिट हूं और रिकवर कर रहा हूं। शुभकामनाओं के लिए आपका धन्यवाद। जल्द ही एक्शन में नजर आऊंगा।

पृथ्वी शॉ के लिए आईपीएल 2022 काफी अच्छा रहा है। उन्होंने 9 मैच में 160 की स्ट्राइक रेट से

259 रन बनाए हैं। इस सीजन उन्होंने दो अर्धशतक भी लगाए हैं। तबियत खराब होने के कारण पृथ्वी शॉ ने सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ हुए मुकाबले को भी मिस किया था और आज चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ होने वाले अहम मुकाबले से भी बाहर रहेंगे।

दिल्ली कैपिटल्स के लिए ये अच्छी खबर नहीं है। क्योंकि टीम को प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए बाकी के बचे चारों मैचों में जीत दर्ज करनी है और उनका स्टार सलामी बल्लेबाज टीम से बाहर है। पृथ्वी शॉ ने डेविड वॉर्नर के साथ मिलकर इस सीजन टीम को कई बार अच्छी शुरुआत दिलाई है।

इससे पहले अप्रैल में दिल्ली कैपिटल्स के ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर मिशेल मार्श का कोविड-19 के लिए किया गया दूसरा आरटी-पीसीआर परीक्षण पॉजिटिव आया है, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

शासन का लाल ईंट पर प्रतिबंध लेकिन निजी व पीएम आवास योजना में इससे बनाए जा रहे सैकड़ों मकान

- पर्यावरण प्रदूषण और पेड़ों की कटाई पर लगाम कसने शासन ने लगाया लाल ईंट के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध
- गांव में लाल ईंट से बनाया जा रहा मकान

मुंगेली/नवप्रदेश। शासन ने सरकारी व प्राइवेट संस्थानों में लाल ईंट के उपयोग पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा दिया है। बावजूद इसके जिले में 80 फीसदी से अधिक कार्यों में इसका उपयोग किया जा रहा है। जिलें में इस समय लगभग 1000 से अधिक अवैध रूप से ईंट भट्ठा चल रहे हैं। निजी संस्थाओं सहित प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनाए जा रहे सैकड़ों मकानों में भी लाल ईंटों का इस्तेमाल किया जा रहा है।

कोयले के डस्ट से बनती है फ्लाई ऐश

अफसरों ने बताया कि बिजली तैयार करने के बाद कोयले की डस्ट फ्लाई एश है। पॉवर प्लांट व स्पंज आयरन, सीमेंट की फैक्ट्रियों से यह बेतहाशा निकल रही है। इसके लगातार संपर्क में रहने से दमे की शिकायत हो सकती है। इसे देखते हुए इसकी प्रोसेसिंग को लेकर शासन ने पर्यावरण का खतरा मानते हुए इसकी ईंट की अनिवार्यता का आदेश जारी किया। इसमें 60 फीसदी तक सिलिका, रेत व 40 फीसदी तक कैल्शियम ऑक्साइड, एल्युमिनियम आक्साइड सहित अन्य तत्व होते हैं।

पंचायत प्रतिनिधि चला रहे ईंट भट्ठे

कुछ गांवों में चलने वाले ईंट भट्ठों पर सरपंच-सचिव मेहरबान हैं। इसके लिए पंचायत से भी अनुमति लेना जरूरी होती है। संबंधित व्यक्ति द्वारा आवेदन करने पर पंचायत लीज जारी करता है, फिर ग्राम सभा में इसका अनुमोदन किया जाता है, लेकिन सरपंच-सचिव ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई तो ऐसी ग्राम पंचायत हैं, जहां स्वयं पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा लाल ईंट भट्ठा चलाने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बनने वाले मकानों में ईंट खपाने की शिकायत मिली है।

पर्यावरण प्रदूषण और पेड़ों की कटाई पर लगाम कसने के नाम पर शासन ईंट भट्ठा संचालन पर प्रतिबंध लगा रही है। जबकि जिला पंचायत के अधीन पीएम आवास योजना के तहत बनने वाले इन मकान में लाल ईंटों का उपयोग होना समझ से परे है। शहर से लगे गांवों सहित अन्य ब्लाकों में भी सारे नियम कानून को ताक पर रखकर अवैध रूप से ईंट भट्ठा का संचालन किया जा रहा है। इन संचालकों द्वारा ना ही एनओसी ली गई है और ना ही किसी प्रकार की कोई जानकारी शासन या पंचायत को दी गई है। खास बात यह है कि ऐश ब्रिक्स को लेकर शासन गंभीर नहीं हैं।

महंगी होने के बाद भी लाल ईंट की मांग अधिक

लाल ईंट महंगी होने के बाद भी इसकी मांग अधिक है। शहर व ग्रामीण क्षेत्रों में प्रति ईंट 4 से 5 रुपए के हिसाब से बिक रही है। वहीं फ्लाई ऐश की ईंट 8 इंच साइज का 3 व 9 इंच का 4 रुपए में उपलब्ध है। इसके बाद भी लाल ईंटें की डिमांड जिले में ज्यादा है। ग्राम पंचायतों के सभी कार्यों में भी इसी का उपयोग किया जा रहा है।

ईंटों को पकाने के लिए पेड़ों की हो रही कटाई

पर्यावरण सुरक्षा एवं क्षेत्र को हरा-भरा रखने के लिए शासन कई योजनाएं चला रहा है। साथ ही वन विभाग, वन समिति द्वारा गांव-गांव में अवैध लकड़ी कटाई को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। बावजूद इसके ईंट भट्टा संचालकों द्वारा ईंटों को पकाने के लिए हरे-भरे पेड़ों की धड़ल्ले से कटाई की जा रही है।

जल्द करेंगे कार्रवाई

इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी का कहना है कि लाल ईंट निर्माण में कुछ एक वर्गों को छूट दी गई है। अगर कोई अन्य इनका निर्माण करता है तो यह गैर कानूनी है। जांच कर ऐसे लोगों के खिलाफ जल्द कार्रवाई की जाएगी।

घरेलू विवाद में पत्नी की हत्या, आरोपी पति गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगांव थाना क्षेत्र के ग्राम आतरगांव में पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद ने पत्नी की जान ले ली। गुस्साएं पति धनेश्वर साहू ने घर पर रखे बसुला से पत्नी रोशनी साहू के गले में जानलेवा वार कर दिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। खून से लथपथ भाभी की लाश देख उसका देवर सहम गया। कमरे में जहां उसकी भाभी की लाश पड़ी थी, वहीं भाई खून से सने कपड़े में बाहर बैठा था। खबर जब पड़ोस के लोगों को पता चली तो उनके घर में भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव बरामद कर पीएम के लिए भेजा, वहीं आरोपित धनेश्वर को मौके से ही गिरफ्तार कर लिया। घटना शनिवार दोपहर करीब डेढ़ बजे की है। जब धनेश्वर साहू और रोशनी के बीच घरेलू बात को लेकर विवाद हुआ। लड़ाई इतनी बढ़ गई कि गुस्से में धनेश्वर ने घर पर रखे धारदार हथियार बसुला से पत्नी रोशनी पर हमला कर दिया। आवास सुनकर धनेश्वर का भाई चितरंजन वहां पहुंचा तो उसके होश उड़ गए। धनेश्वर ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी थी। रोशनी की लाश सामने वाले कमरे में खून से लथपथ पड़ी थी। गले में गहरा घाव था। कमरे में चारों ओर खून फैला हुआ था। दिवार पर भी खून के छींटे लगे थे। वहीं आंगने में धनेश्वर बैठा था। उनका पकड़ा खून से सना था। हाथ-पैर में भी खून लगा था। लाश के पास एक लकड़ी का बैंठ वाला बसुला मिला, जिसमें भी खून लगा था। इसकी सूचना चितरंजन ने अपने पड़ोसी रामचंद्र लाउत्रे को दी, जिसके बाद रामचंद्र ने पुलिस को जानकारी दी। इधर चितरंजन ने अपने भाई धनेश्वर से पूछा तो उसने बताया कि वो अपनी पत्नी की हत्या कर दी है।

हत्या करने के बाद घर में ही बैठा रहा आरोपी

पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपित पति धनेश्वर घर के आंगन पर ही बैठा रहा। खून से सना कपड़ा पहनकर बैठे धनेश्वर को पुलिस ने मौके पर पहुंचते ही हिरासत में लिया। उससे पूछताछ भी की गई, जिसमें धनेश्वर ने बताया कि आपसी विवाद के कारण उसने पत्नी रोशनी की हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस ने धनेश्वर को गिरफ्तार कर थाने ले गई, जहां से उसे न्यायालय में पेश किया और जेल भेज दी है।

चौपाटी पर चढ़ाई कार, लोग जान बचाकर भागे

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर के तेलीबांधा इलाके में एक हादसा हो गया। रविवार की सुबह करीब 4 से 5 बजे के बीच एक तेज रफ्तार कार चौपाटी में जा घुसी। सड़क के किनारे वॉक कर रहे लोगों ने भाग कर अपनी जान बचाई। इस कार में रायपुर का एक कारोबारी और उसके साथ एक महिला मौजूद थी। सामने से हुई टक्कर की वजह से दोनों को चोटें आई हैं। कुछ स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से इन्हें अस्पताल भेजा गया है। हादसा कैसे हुआ, इसके कोई पुख्ता कारण अब तक सामने नहीं आ पाए हैं। फिलहाल पुलिस देर शाम तक कार सवार युवक युवती से पूछताछ कर सकती है। माना जा रहा है कि संतुलन बिगड़ने की वजह से कार सड़क के किनारे मौजूद चौपाटी के ठेलों से भिड़ गई। कुछ फूड स्टॉल इस हादसे में टूट गए हैं और कार भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है।

न्यूज चैनल की स्टूडियो में लगी आग, 7 करोड़ का नुकसान

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर के पगारिया कॉम्प्लेक्स स्थित एक केबल नेटवर्क के न्यूज स्टूडियो में आग लग गई। आग की लपटों ने एक और कमरे को अपनी चपेट में ले लिया। शनिवार की देर रात ये आग लगी। रविवार ही सुबह होते-होते करीब 10 घंटे बाद आग पर काबू पाया गया। पगारिया कॉम्पलेक्स में मैट्स युनिवर्सिटी के पास ये हादसा हुआ है। लोकल केबल नेटवर्क का यहीं दफ्तर है। अनुमान लगाया जा रहा है कि केबल दफ्तर में हुए शॉर्ट सर्किट की वजह से ये आग लगी होगी। जब हादसा हुआ दफ्तर में एक दो कर्मचारी मौजूद थे। जब अंदर की तरफ से धुआं उठने लगा तो कर्मचारी बाहर आ गए। अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की। मगर ऑफिस के फर्नीचर और दूसरे सामान झट से लपटों की चपेट में आ गए। रायपुर के फायर स्टेशन से रात के वक्त यहां आग बुझाने के लिए दमकल की दो गाड़ियां पहुंची। आग पर काबू नहीं पाया जा सका तो और दो गाड़ियां बुलवानी पड़ीं। इसके बाद प्राइवेट स्टील प्लांट से भी कुछ गाड़ियां बुलवाई गईं। काफी देर तक आग पर काबू पाने का काम चलता रहा। रायपुर के कारोबारी और इस केबल नेटवर्क दफ्तर के मालिक गुरुचरण सिंह होरा और पुलिस के लोग रातभर यहां मौजूद रहे। होरा ने कहा कि आग शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी होगी। पूरे दफ्तर मे धुआं भरने से दमकलकर्मियों को अंदर जाने में दिक्कत हो रही थी। ऑफिस के पीछे की दीवार तोड़कर दमकलकर्मी अंदर घुसे। इस आगजनी मे 5 से 7 करोड़ का नुकसान हुआ है। किसी को चोट नहीं आई है।

14 मई को मिर्गी के मरीजों का होगा नि :शुल्क इलाज

भाटापारा/नवप्रदेश। श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा द्वारा निशुल्क मिर्गी उपचार चिकित्सा शिविर का आयोजन 14 मई को सिद्ध बाबा में किया जा रहा है जिसमें आयुर्वेदिक व फकीरी पद्धति से मरीजों का निशुल्क इलाज किया जाएगा। शाखा के प्रचार मंत्री संजय तिवारी ने बताया कि मरीज अपने एक सहायक के साथ 14 मई की शाम तक शिविर स्थल पहुंच जाएं उनके खाने व रहने की व्यवस्था भी निशुल्क है उन्हें अपने साथ बिछावना व ओढ़ने हेतु चादर अपने साथ लाना होगा। मरीजों को दवा 14 मई की मध्य रात्रि से सूर्योदय पूर्व तक ही दी जाएगी तथा साथ में एक माह की दवा भी निशुल्क दी जाएगी। मरीज अपना रजिस्ट्रेशन तत्काल करवा लें या शिविर स्थल पर पहुंच कर भी अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं। अत्यधिक गंभीर मरीजों को 3 माह पश्चात दूसरी खुराक लेना अनिवार्य होगा। फरवरी 2020 के शिविर में 711 मरीजों ने दवा का सेवन किया था जिन्होंने नियमों का पूरा पालन किया वह पूरी तरह से स्वस्थ हो चुके हैं।

चौक-चौराहों में लगे सीसी कैमरे से पकड़े गए मोबाइल छीनकर भागे आरोपी

कांकेर/नवप्रदेश। पखांजूर पुलिस ने मोबाइल छीनकर भागने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। 18 अप्रैल की शाम करीब 7:30 बजे एक कॉलेज की छात्रा पखांजूर में अपने घर के सामने मोबाइल फोन से बात कर रही थी कि एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाइल छीन कर भाग गया। लिखित रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया। जांच के दौरान पता चला कि पखांजूर शहर में पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के जिला कांकेर पदस्थापना के तुरंत बाद पखांजूर में जगह जगह पर चौक चौराहा में कैमरा लगाया गया जिसकी मदद से उप निरीक्षक सत्यम साहू की टीम के द्वारा दिन रात मेहनत कर फुटेज खंगालने पर पता चला कि दो व्यक्ति उस समय उस क्षेत्र में दिख रहे हैं जिसकी पहचान कर अभिरक्षा में लिया गया जो अपना नाम शुभंकर सरकार व प्रशांत मंडल दोनों निवासी पीवी 41 थाना पखांजूर बताया। दोनों आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया व बताया कि मोबाईल को छिनकर मोबाईल कवर में रखे एटीएम से 9500 निकाल लिया था। आरोपी द्वारा उपयोग में लाएं एटीएम को अंजारी नाला पखांजूर में फेंकना बताया। उक्त दोनों आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

ब्रह्माकुमारी में दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण कार्यक्रम संपन्न

कांकेर/नवप्रदेश। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के एक विशिष्ट कार्यक्रम में रविवार की सुबह शहर के अनेक बुद्धिजीवी एवं समाजसेवियों ने श्रद्धा पूर्वक भाग लिया तथा संस्था प्रमुख संचालिका बीके रामादीदी के सत्संग में इस कार्यक्रम को सफल बनाया। आजादी के अमृत महोत्सव से स्वर्णिम भारत की ओर प्रोजेक्ट के अंतर्गत दया और करुणा के लिए आध्यात्मिक सशक्तिकरण 2022- 2023 का रविवार को प्रातः 8 बजे शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर कांकेर जिले के विधायक शिशुपाल शोरी, जिपं अध्यक्ष हेमंत ध्रुव, गायत्री परिवार के अध्यक्ष अवध साहू, जन सहयोग समाजसेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी, कांग्रेस जिला सचिव राघवेन्द्र, अधिवक्ता संघ जिला अध्यक्ष नरेंद्रभाई दवे समेत अन्य जनसेवी, जनप्रतिनिधि, समाजसेवी एवं बुद्धिजीवियों की उपस्थिति में ब्रह्मकुमारीज की मुख्य संचालिका बीके रामा ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणा दायी विचार रखें। इस अवसर पर जन सहयोग समाज सेवी संस्था के अध्यक्ष अजय पप्पू मोटवानी ने अपने विचार प्रस्तुत करते हुए कहा कि मैं इस संस्था से बहुत समय से जुड़ा हुआ हूं और मैं प्रजापिता बाबाजी की स्मृति और प्रार्थना के पश्चात ही बाहर किसी कार्य के लिए निकलता हूं,तब मुझे ऐसा महसूस होता है कि बाबा जी हर समय मेरे साथ हैं।

कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलना हमारी जिम्मेदारी : सुषमा

कांकेर/नवप्रदेश। भाजपा मंडल धनेलीकन्हार जिला कांकेर जिला अध्यक्ष सतीश लटिया निर्देशानुशार व पंचुराम नायक के मार्गदर्शन में कुशाभाऊ ठाकरे जन्म शताब्दी कार्य विस्तार योजना शक्ति केंद्र कोदागांव बूथ 6 के ग्राम दबेना में विस्तारक सुषमा गंजीर की उपस्तिथि में सायबर सेल चुमेश पटेल की उपस्थिति में शनिवार को बूथ अध्यक्ष पालक संयोजक, सह संयोजक बीएलओ युवा प्रभारी, महिला मोर्चा, वरिष्टजन व कार्यकर्ता की उपस्थिति में बूथ विस्तार के बारे में जानकारी देते हुए सुषमा गंजीर ने बताया कि हमें भारतीय जनता पार्टी में प्रत्येक कार्यकर्ताओं को हमें साथ लेकर चलना है। बैठक में उपस्थित मंडल अध्यक्ष पंचुराम नायक अजा मोर्चा अध्यक्ष भावेश आरदे, ओमप्रकाश साहू बूथ अध्यक्ष, विनोद रवानी, बिनेश भुआर्य, निर्भय लाटिया, डोमेंद्र साहू, धर्मोतीन बघेल, मोमिन साहू, गरिमा साहू, अनीता कचलम, जगिया बाई कांगे, लखन साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

छः हजार की पगार के लिए 5-5 माह का इंतजार

छुई खदान/नवप्रदेश। महात्मा गांधी नरेगा अधिनियम ग्रामीणों को रोजगार की गारंटी देता है किंतु इस योजना को जमीनी स्तर पर परिणित करने वाले कर्मचारियों की रोजगार की गारंटी नहीं है। 5 वर्ष में लगभग 3000 कर्मचारियों की सेवा समाप्ति अथवा स्वता नौकरी छोड़ दिए हैंद्य 16 वर्षों से लगातार सेवा देने के बाद भी केवल 6000 पगार में काम करने में कर्मचारी मजबूर हो और उस वेतन के लिए भी 5 माह इंतजार करना पड़ रहा होद्य विगत वर्षों में जिनके बलबूते पर राज्य सरकार ने कई कीर्तिमान स्थापित किए हैं वह कर्मचारी साढे 3 वर्षों से वेतन बढ़ाने का इंतजार कर रहे हो जहां कर्मचारियों को अपनी मांगे शासन के समक्ष रखने 42 डिग्री तापमान में 390 किलोमीटर की पदयात्रा करने विवश होना पड़े।

चुनावी जन घोषणा में किए गए वादे

कांग्रेस पार्टी के चुनावी जन घोषणा पत्र दो हजार अट्ठारह में अनियमित कर्मचारियों से नियमितीकरण का वादा किया गया है तथा 14 फरवरी 2019 को छत्तीसगढ़ राज्य के माननीय मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जी ने अगले साल कर्मचारियों को नियमित करते हुए कर्मचारियों की मांगे पूरी करने का वादा किया गया था परंतु साढ़े तीन वर्षों के व्यतीत होने के उपरांत भी मनरेगा कर्मियों द्वारा मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा किए जाने और वादा जल्द पूरा करने की बात मनरेगा कर्मियों के समक्ष आई। अवगत हो कि बहुत से कर्मचारियों को महात्मा गांधी नरेगा योजना में कार्य करते 10 15 वर्ष बीत गए किंतु इन्हें प्रतिवर्ष अपनी सेवा वृद्धि के लिए अपने आला अफसर की इच्छा पर निर्भर रहना पड़ता है।

वेतनमान निर्धारण और समय में वेतन नहीं

छत्तीसगढ़ के बहुत से मनरेगा कर्मचारियों को कार्य करते 10 से 15 वर्ष बीत चुके हैं किंतु यह विडंबना है कि जिला जनपद स्तर और ग्राम पंचायत स्तर पर कार्य करने वाले इन कर्मचारियों के लिए अभी तक कोई कारगर नीति नहीं बनाई गई है द्य समान पद पर एक ही विभाग में कार्य करने वाले अन्य कर्मचारियों का वेतन इनकी वेतन से लगभग 2 गुना है 15 वर्षों से कार्यरत ग्राम रोजगार सहायक को केवल 6000 का वेतन दिया जा रहा है जबकि दीगर राज्यों में 10 से 12000 का वेतन दिया जा रहा है विडंबना है कि इस वर्ष इन कर्मचारियों को 5 माह का वेतन नहीं दिया गया जिसके लिए इन्हें आंदोलन करने पड़े हैं।

राष्ट्रीय स्तर पर कई कीर्तिमान स्थापित किंतु नहीं बड़ा वेतन

भारत सरकार ग्रामीण विकास मंत्रालय नई दिल्ली के द्वारा विभिन्न वर्षों में महात्मा गांधी नरेगा के उत्कृष्ट क्रियान्वयन हेतु छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किए गए हैं जो इन कर्मचारियों की मेहनत और योजना के प्रति समर्पण का साक्ष्य है द्य राज्य स्तर के राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत प्रदेश को महात्मा गांधी नरेगा के अंतर्गत अब तक कुल 9 राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हो चुके हैं जिला स्तर में राष्ट्रीय पुरस्कार के तहत योजना के क्रियान्वयन में प्रभावी पहल के लिए राज्य में अब तक 13 जिलों को पुरस्कृत किया गया है द्य विकासखंड स्तर के राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत जिओ मनरेगा इन सिटी के तहत जी आइ एस संपत्ति पर्यवेक्षण क्रियान्वयन में जांजगीर-चांपा जिले के रामगढ़ विकासखंड को देशभर में दूसरा स्थान मिलाद्य ग्राम पंचायत स्तर के राष्ट्रीय पुरस्कार के अंतर्गत महात्मा गांधी नरेगा कार्यों के क्रियान्वयन में उत्कृष्टता के लिए प्रदेश में अब तक कुल 9 ग्राम पंचायतों को पुरस्कार प्रदान किया गया हैं।

संवेदनशीलता से करें मरीजों का इलाज

मुंगेली। कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि चिकित्सक जिम्मेदारीपूर्वक संवेदनशीलता के साथ मरीजों का बेहतर उपचार करें। स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए आने वाले मरीजों को किसी भी प्रकार से परेशानी नहीं होनी चाहिए। डॉ. सिंह जिला अस्पताल स्थित सभाकक्ष में आयोजित चिकित्सकों की बैठक में निर्देशित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल में आने वाले मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराएं। जिले के आम जनों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना प्राथमिकता का कार्य है। इसमें लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने जिला अस्पताल के चिकित्सकों को समय पर ड्यूटी में उपस्थित रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला अस्पताल में दवाई की उपलब्धता, पेयजल, बैठने की व्यवस्था आदि की जानकारी ली।

नगर पालिका पहुंचे कलेक्टर विकास कार्यों को लेकर की चर्चा

किरन्दुल/नवप्रदेश। दंतेवाड़ा कलेक्टर दीपक सोनी किरंदुल नगर पालिका पहुंचे। इस दौरान नगर के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर नपा अध्यक्ष अध्यक्ष और अधिकारियों के साथ चर्चा कर निर्माणाधीन कार्यो का निरीक्षण किया। इसमें वन विभाग, राजस्व, डेनेक्स से संबंधित विभाग, बिजली, पीडब्ल्यूडी, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों में चर्चा हुई जिसमें मुख्य रूप से महिलाओं के लिये डेनेक्स की एक संस्था किरंदुल में लगाने, जल आवर्धन योजना से संबंधित,

मदाड़ी नाला से किरन्दुल नगर में जलापूर्ति एवं नगर में पानी की समस्या के विषय में चर्चा, प्राकृतिक जल स्त्रोत रामाबुटी से किरन्दुल नगर में जलापूर्ति का भी कलेक्टर द्वारा निरीक्षण के साथ ही महादेव के दर्शन भी किए।

ऑक्सीजन प्लांट व निर्माणीधीन पार्क का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने निर्माणाधीन ऑक्सीजन प्लांट व पार्क का भी निरीक्षण किया। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष मृणाल रॉय, एसडीएम अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अरुण कुमार सोम, तहसीलदार विवेक चंद्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरन्दुल पवन मेरिया, उप अभियंता राहुल थवनी, थाना प्रभारी जितेंद्र ताम्रकर, नगर पालिका के पार्षद गण राजू कुंजाम, अमृत टंडन, इला पटेल, गायत्री साहू, भानमती नाग सांसद प्रतिनिधि राजू रेड्डी, जिला महामंत्री तपन दास एवं सभी विभाग के अधिकारी कर्मचारी इस निरीक्षण के दौरान मौजूद थे। कलेक्टर द्वारा शहर की हर समस्या और प्रस्ताव तथा मांगों के लिए उन्होंने हर संभव मदद एवं स्वीकृति प्रदान करने हेतु आश्वस्त किया।

दुर्ग में ब्राह्मणों की शोभायात्रा ने रचा इतिहास

- परशुराम जन्मोत्सव पर प्रदेश की सबसे लम्बी व ऐतिहासिक यात्रा निकाली

दुर्ग/नवप्रदेश। भगवान विष्णु के छठे अवतार ब्राह्मण एवं विप्रजनों के आराध्य देव भगवान श्री परशुराम के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्री गौड़ ब्राह्मण समाज, सर्व ब्राह्मण समाज, दुर्ग द्वारा आयोजित इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में ब्राह्मण समाज के लोग शामिल हुए। यह शोभायात्रा प्रदेश की सबसे लम्बी व ऐतिहासिक रही, जिसका पूरे शहर में जगह-जगह अभूतपूर्व स्वागत किया गया। युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष योगेन्द्र शर्मा बंटी ने बताया कि शोभायात्रा में उड़ीसा से दुर्ग जिले में पहली बार अपनी प्रस्तुति देने आए घंटा पार्टी के 40 कलाकारों ने सबका दिल जीत लिया। शोभायात्रा में घोड़ा, बग्गी, रथ झांकी, बाजा, धुमाल, डीजे, विशेष रूप से रखा गया था। शोभायात्रा में सबसे बड़ी बात यह रही कि इसमें पूरे प्रदेश के सभी जिलों के ब्राम्हण समाज के लोग शरीक हुए। इनमें बिलासपुर, रायगढ़, भाटापारा, राजनांदगांव, रायपुर, भिलाई, काटाभांजी, नेवरा, कोरबा, पाटन, बेमेतरा, डोंगरगढ़, चापा, आदि शामिल है। यह शोभायात्रा अग्रसेन भवन, स्टेशन रोड से प्रारंभ होकर पोलसाय पारा, इंदिरा मार्किट, मोती काम्प्लेक्स, सदर बाजार, गांधी चौक, शनिचरी बाजार, सत्तीचौरा माँ दुर्गा मंदिर होते हुए श्री परशुराम भवन शिवनाथ नदी रोड में समाप्त हुई। शोभायात्रा में सर्व ब्राह्मण समाज के सभी लोग उपस्थित हुए। शोभायात्रा में विशेष रूप से जिले के मुस्लिम समाज ने अलग-अलग तीन स्थानों में स्वागत किया एवं शोभायात्रा यात्रा में शामिल सभी ब्राम्हणजनों को फल, ठंडा का वितरण किया।

जगह-जगह हुआ स्वागत

इसके साथ-साथ अग्रवाल समाज, माहेश्वरी समाज, राम मंदिर, गांधी चौक, सत्तीचौरा मां दुर्गा मंदिर, जन समर्पण सेवा संस्था, बोलबम समित्ति, युवा जीव दया ग्रुप एवं शहर के अनेक सामाजिक, धार्मिक एवं राजनीतिक व्यक्ति एवं सगंठनों ने अलग अलग स्थानों में शीतल जल, कोल्डड्रिंक, आइसक्रीम, स्वल्पाहार, फल एवं अन्य सामग्री का वितरण कर स्वागत किया। इस दौरान जगह जगह समाज के लोगों ने अपने घरों से फूलों की वर्षा की एवं अनेक स्थानों में आकर्षित आतिशबाजी की गई। शोभायात्रा कार्यक्रम स्थल श्री परशुराम भवन शिवनाथ नदी रोड में पहुंचने के पश्चात सभी सामाजिकगणों एवं उपस्थित सभी लोगों के प्रसादी की व्यवस्था की गयी थी। कार्यक्रम में प्रदेश के अलग अलग जिलों, शहरों एवं गांव से आये लोगों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। देर रात्रि तक कार्यक्रम चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में महिलाओं की मुख्य भूमिका रही जिसके लिए सभी महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।